Swami Vivekananda : The Voice of Resurgent India

पुनरुत्थित भारत की आवाज़ : स्वामी विवेकानन्द

SEMINAR PAPERS
30 JANUARY 2016

SWAMI VIVEKANAND STUDY CENTRE
Km. MAYAWATI GOVT. GIRLS POST GRADUATE COLLEGE
BADALPUR (GAUTAMBUDH NAGAR) U.P. - 203207

SWAMI VIVEKANANDA : THE VOICE OF RESURGENT INDIA

पुनरुत्थित भारत की आवाज़ : स्वामी विवेकानन्द

PROCEEDINGS NATIONAL SEMINAR

30th JANUARY 2016

Sponsored By

UNIVERSITY GRANTS COMMISSION, NEW DELHI

(UNDER THE SCHEME OF EPOCH MAKING SOCIAL THINKERS OF INDIA)

EDITOR-IN-CHIEF

Dr. KISHOR KUMAR

EDITORIAL BOARD

Dr. Divya Nath, Dr. Anita Rani Rathore

Dr. Deepti Bajpai, Dr. Vineeta Singh

SWAMI VIVEKANAND STUDY CENTRE

Km. MAYAWATI GOVT. GIRLS POST GRADUATE COLLEGE

BADALPUR (GAUTAMBUDH NAGAR) U.P.

Swami Vivekananda : The Voice of Resurgent India ISBN : 978-93-80216-12-6

SWAMI VIVEKANANDA : THE VOICE OF RESURGENT INDIA

ISBN : 978-93-80216-12-6

© S.V.S. Centre, K.M.G.G.P.G. College, Badalpur, Gautambudh Nagar

EDITOR-IN-CHIEF
Dr. KISHOR KUMAR

Published by :
Swami Vivekanand Study Centre
Km. Mayawati Govt. Girls Post Graduate College Badalpur
(Gautambudh Nagar) U.P. - 203207

Note : *Views expressed in the articles belong to the authors; the organizers and publisher are not responsible for them. Also, it is assumed that the articles have not been published earlier and are not being considered for any other journal/Book.*

Printed by :
Paras Parkashan, Delhi

CONTENTS

प्राचार्या की कलम से 6
डॉ. ज्योत्स्ना गर्ग

संपादकीय 7
डॉ. किशोर कुमार

वर्तमान परिदृश्य में स्वामी विवेकानन्द के शिक्षा सम्बन्धी विचारों की प्रासंगिकता 10
डॉ. किशोर कुमार

भारतीय संस्कृति के अग्रदूत–स्वामी विवेकानन्द 16
डॉ. हेमलता सुमन

स्वामी विवेकानन्द का नव्य वेदान्त दर्शन 45
डॉ. बृजेश चन्द्र त्रिपाठी

स्वामी विवेकानन्द का शिक्षा दर्शन 59
डॉ. दीप्ति वाजपेयी

वर्तमान परिदृश्य में स्वामी विवेकानन्द के विचारों की प्रासंगिकता 66
डॉ. अंजु रानी

स्वामी विवेकानन्द : एक सांगीतिक व्यक्तित्व 71
डॉ. भगत सिंह

स्वामी विवेकानन्द का शैक्षिक परिप्रेक्ष्य में चिन्तन 77
डॉ. तारकेश्वर गुप्ता

वेदान्त का स्वरूप तथा स्वामी विवेकानन्द 89
डॉ. अरविन्द कुमार

स्वामी विवेकानन्द का शैक्षिक दर्शन 95
डॉ. स्नेहलता शिवहरे, सुधीर कुमार

स्वामी विवेकानन्द एवं उनका नारी विषयक दृष्टिकोण 112
डॉ. लक्ष्मीना भारती

विवेकानन्द एवं वर्तमान शिक्षा प्रणाली 118
डॉ. शकुन्तला

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और स्वामी विवेकानन्द 124
डॉ. बॉबी यादव

भारतीय समाज के पुनरुत्थापक स्वामी विवेकानन्द जी का दार्शनिक एवं शैक्षिक चिन्तन 128
डॉ. जे. के. विकल

 ISBN : 978-93-80216-12-6

स्वामी विवेकानन्द के चिन्तन में मानवतावादी विचारधारा का प्रभाव 141
डॉ. विकास चन्द, वरिष्ठ विजय कुमार

स्वामी विवेकानन्द एक युवा आदर्श 148
रंजीता रानी, डॉ. हरिन्द्र कुमार

स्वामी विवेकानन्द एवं हिन्दू धर्म 155
डॉ. कनकलता वर्मा

वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में स्वामी विवेकानन्द के शिक्षा-दर्शन का महत्व 160
सुचिस्मता दास

Religious Harmony and Peace Through Knowledge – A Vision of Swami Vivekanand 168
Dr. Divya Nath

Vivekananda's Views on 'Tolerance and Acceptance' 174
Dr. Anita Rani Rathore

Political Views of Swami Vivekananda 184
Dr. Pankaj Choudhary

Swami Vivekananda : A Youth Icon 197
Abhinav Chaudhary

Swami Vivekananda As A Nation Builder 202
Km. Poonam & Dherander Kumar

Vivekananda's Views on Education and Youth 211
Mrs. Shilpi

Vivekananda : An Universal Saint 222
Dr. Seema Sharma

Swami Vivekanand's Philosophy of Vedanta And Education 227
Dr Sonam Sharma

Swami Vivekananda and Personlity Development 236
Balram Singh

Swami Vivekananda And Education 250
Dr. Tarun Shrivastava & Dr. Arvind Kumar Yadav

Vision of Vivekananda on Philosophy of Education 259
Dr. Vineeta Singh

Swami Vivekananda – Religious View 268
Deepak Singh & Dr. Sohan Singh

Swami Vivekananda and his Views on Physical Education 275
Jaipal & Dr. Ashok Kumar Sharma

Religion As Described In The Words of Swami Vivekanand : Some Observations 280
Dr. Anita Goswami

Swami Vivekanand's Philosophy on Education 288
Anita Kumari

Swami Vivevekananda : The Voice of Resurgent India 294
Dr. Pratima Verma & Sunita Srivastava

Swami Vivekananda : A Historical Personality 304
Dr. Santosh Singh

Relevance of Swami Vivekananda as A Political Thinker In Contemporary World 323
Dr. Sarita Sharma & Dr. Gunjan Sachdeva

Swami Vivekananda : Thoughts on Different Dimensions in Education 344
Dr. Surendra Singh

Relevance of Swami Vivekananda Thoughts in Today's Time 356
Dr. Vikas Gupta

Swami Vivekananda A Youth Icon 362
Seema Teotia

Swami Vivekananda As A Youth Icon 365
Dr. Seema Varma

Swami Vivekananda : Education Philosophy 373
Sudhir Kasana

Vivekananda's Vision on Character Building 384
Dr. Aparna Sharma

Importance of Swami Vivekananda's Educational Thoughts In Present Scenario 391
Dr. Manorama Singh

Need To Pour Oil-Drops Upon The Troubled Water 398
Dr. Usha Sawhney

Vivekananda As Futuristic Thinker 404
Neetika Sharma

प्राचार्या की कलम से......

विवेकानन्द पुनरुत्थित भारत की अभिव्यक्ति का सर्वश्रेष्ठ एवं सशक्त व्यक्तित्व हैं। विवेकानन्द एक ऐसा नाम, एक ऐसा व्यक्तित्व जो सम्मोहन आकर्षण और लोकप्रियता का पर्याय है। विवेकानन्द एक ऐसे यायावर सन्यासी थे, जो ईश्वर के सान्निध्य को मानव मात्र में भी महसूस करते थे। आपके ओजस्वी भाषणों को सुनने के लिये देश के ही नहीं अपितु विदेश के लोग भी लालायित रहते थे क्योंकि विवेकानन्द की नैतिक स्वाधीनता, तेजस्वी आदर्शवाद और निर्भय निष्ठा उनके भाषण में परिलक्षित होती थी। विवेकानन्द ने धर्म का पहला कर्त्तव्य निश्चित किया "दरिद्रजन की सेवा और उनका उत्थान" विवेकानन्द समस्त मानवीय ऊर्जा के सम्बन्ध के मूर्तिमान आदर्श है। उनका चिंतन सार्वभौम है, जिसमे मानव कल्याण की भावना निहित है। अत: विवेकानन्द के चिन्तन की प्रासंगिकता कालजयी है।

मैं, विवेकानन्द अध्ययन केन्द्र के समन्वयक डॉ. किशोर कुमार को राष्ट्रीय सेमिनार के सफल आयोजन के लिये बधाई देती हूँ साथ ही उन्हें **"पुनरुत्थित भारत की आवाज़ : स्वामी विवेकानन्द"** जैसे समसामयिक विषय को वैचारिक मंच प्रदान करने तथा सारगर्भित शोध पत्रों को कार्यवाही रिपोर्ट के माध्यम से चिर संचित करने के लिये भी साधुवाद देती हूँ। शोध पत्रों एवं कार्यवाही रिपोर्ट के सफल प्रकाशन हेतु मेरी शत्–शत् शुभकामनाऐं।

–डॉ. ज्योत्स्ना गर्ग
प्राचार्या

ISBN : 978-93-80216-12-6

संपादकीय

पुनरुत्थित भारत से अभिप्राय है– चेतनाशील भारत, तर्क रहित धारणाओं से मुक्त भारत, औचित्यपूर्ण अवधारणाओं का भारत, स्वतन्त्र और सही भारत, सिद्धान्त एवं व्यवहार में मानवतावादी भारत। पुनरुत्थित व्यक्ति, पुनरुत्थित समाज और पुनरुत्थित राष्ट्र सीमाओं से, विभिन्न दायरों से, छद्म चेतनाओं से, किसी क्षेत्र से और किसी विषय वस्तु के एकान्तिक पक्ष से स्वयं को सीमित नहीं रखता अपितु उसका दायरा और सीमायें असीमित हैं, अनन्त हैं।

पुनरुत्थित व्यक्ति "धर्म और विज्ञान", "तकनीक और कला", "पूर्व और पश्चिम", "राष्ट्र और विश्व" के मध्य औचित्यपूर्ण समन्वय बनाने में सक्षम है। स्वामी जी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। स्वामी विवेकानन्द विभिन्न धर्मों के तुलनात्मक अध्ययन के आधार पर कहते हैं कि धर्म हमें बंधनों से मुक्त करने का माध्यम है अर्थात् मुक्ति लक्ष्य है और धर्म माध्यम, परन्तु हमने धर्म को लक्ष्य मान लिया। धर्म का ऐसा बाह्य स्वरूप हमें सम्प्रदायवाद की ओर ले जा रहा है। हमें इस छद्म चेतना से बचना है और वास्तविक चेतना को जागृत करना है। स्वामी जी के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य छात्र–छात्रा के व्यक्तित्व में अन्तर्निहित श्रेष्ठ मूल्यों और क्षमताओं को अभिव्यक्ति प्रदान करना है परन्तु आजादी के 68 वर्ष पश्चात् नई शिक्षा नीति की आवश्यकता एक विडम्बना को प्रदर्शित करती है।

एक पुनरुत्थित व्यक्ति एवं एक सामान्य व्यक्ति में केवल एक अंतर होता है–पुनरुन्थित व्यक्ति द्वारा मानवीय क्षमताओं और चेतना का औचित्यपूर्ण अधिकतम उपयोग करना एवं सामान्य व्यक्ति द्वारा उनका औसत उपयोग करना।

भारत में पुनरुत्थित अभिव्यक्ति का क्रम अविरल है महात्मा गांधी, राम मनोहर लोहिया, डॉ. अम्बेडकर, सुभाष चन्द्र बोस, अन्ना हजारे, जय प्रकाश नारायण, डॉ. कलाम, ई. श्रीधरन और असंख्य व्यक्तित्व इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं परन्तु यह असंख्य भी अपेक्षित बदलाव के लिए कम हैं। परिदृश्य आपके सामने है, जो अच्छा नहीं है। यह संवाद अगर किसी एक को भी इस प्रक्रिया में प्रेरित कर सका तो सेमिनार अपने उद्देश्यों में सफल माना जाएगा।

स्वामी विवेकानन्द अध्ययन केन्द्र, युग–प्रवर्तक, सार्वभौमिक चिंतन की

ISBN : 978-93-80216-12-6

अनुराशि, मानव मात्र की कल्याण भावना से ओत–प्रोत स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से अकादमिक जगत एवं जन सामान्य को सुपरिचित कराने एवं उनके सम्बन्ध में तर्क रहित अवधारणाओं के समूल उन्मूलन हेतु निरन्तर प्रयासरत है। "पुनरुत्थित भारत की आवाजः स्वामी विवेकानन्द" नामक इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन इसी प्रयास की एक श्रृंखला है। वृहद् संख्या में विद्वतजनों एवं शोधार्थियों द्वारा की गई प्रतिभागिता ने संगोष्ठी को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ. कमल टावरी, सेवानिवृत आई.ए.एस. एवं पूर्व अतिरिक्त सचिव भारत सरकार ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आज समस्या एक पक्षीय नहीं वरन् समग्रता में है अतः हमें समाधान भी समग्रता में ढूंढना होगा। स्वार्थ को छोड़कर परार्थ, सर्वार्थ एवं परमार्थ को ग्रहण करना ही हमारी सांस्कृतिक विकास की धरोहर है और यही स्वामी विवेकानन्द का संदेश भी है उन्होंने युवा शक्ति से आह्वान रुप में कहा कि स्थापित मान्यताओं और नियमों पर प्रश्न कीजिए और उनका उत्तर स्वयं खोजिए। यदि हम पुनरुत्थित भारत चाहते हैं तो हमें सबल और सतत् प्रयास करने होंगे। ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति में निहित है बस उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता है।

उद्घाटन सत्र के विशिष्ट अतिथि डा. आर.पी.एस. यादव, अपर सचिव, उच्च शिक्षा परिषद् लखनऊ ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानन्द भारतीय नव जागरण के अग्रदूत हैं। शिक्षा के विषय में उनके विचार समाज की सोच बदलने की सामर्थ्य रखते हैं अतः शिक्षकों का यह गुरुतर दायित्व है कि वह स्वामी जी के विचारों को आत्मसात कर भावी पीढ़ी को अग्रसारित करें।

संगोष्ठी की अन्य विशिष्ट अतिथि एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्त्ती डॉ. शीला टावरी ने अन्तः जागृति की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि अन्तस् से चेतना का जागरण जीवन को जन्म देता है। विवेकानन्द जी भारतीय संस्कृति के उन्नायक माने जाते हैं अगर हम अपनी आन्तरिक चेतना को जगाकर स्व–कर्त्तव्यों का सम्यक् निर्वहन करें तो स्वामी जी की भाँति अपनी संस्कृति के सबल उन्नायक बन सकते हैं।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रुप में प्रसिद्ध इतिहासविद् प्रो. अशोक कुमार शास्त्री जी ने कहा कि हमें अपने समस्त पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर समग्र भाव से स्वामी विवेकानन्द के विचारों को आत्मसात करना चाहिए। राष्ट्र निर्माण स्वामी

विवेकानन्द का स्वप्न था और इस हेतु उन्होंने चरित्र निर्माण पर बल दिया था अतः आज सामाजिक समानता तथा उत्तम नैतिक शिक्षा प्रदान किए जाने की आवश्यकता है जो युवाओं का चरित्र–निर्माण कर उन्हें राष्ट्र–निर्माण के योग्य बना सकती है।

स्वामी विवेकानन्द अपने समय से बहुत आगे के व्यक्ति थे। उनका जीवन साहस, त्याग, सेवा, चरित्र, एवं श्रद्धा पर आधारित था। स्वामी जी की श्रद्धा अंध भक्ति नहीं वरन् औचित्य पूर्ण श्रद्धा थी। वर्तमान परिस्थितियों में उनके चिंतन की प्रासंगिकता पर विचार–विमर्श एवं शोध निःसन्देह राष्ट्र–निर्माण का नूतन पथ आलोकित करेगा इस उद्देश्य के दृष्टिगत संगोष्ठी को तीन तकनीकी सत्र में विभाजित किया गया था। प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. राजेश कुमार, एसो. प्रो.–इतिहास दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा, द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. के. के. शर्मा, एसो. प्रो.–इतिहास, एम. एम. कॉलेज, गाजियाबाद द्वारा एवं तृतीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. रंजना जैन, विभागाध्यक्ष–अंग्रेजी विभाग, कु. मायावती राजकीय महिला स्ना. महाविद्यालय, बादलपुर द्वारा की गई।

विभिन्न तकनीकी सत्रों में विषय–विशेषज्ञों, अतिथि वक्ताओं एवं प्रतिभागियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द के विचारों के सैद्धान्तिक पक्ष, दार्शनिक एवं व्यवहारिक पक्षों पर सारगर्भित विचाराभिव्यक्ति की गई तथा उनके सार्वभौमिक एवं समसामयिक व्यक्तित्व पर तथ्यपूर्ण शोध–पत्र प्रस्तुत किये गये।

संगोष्ठी में समापन सत्र के अतिथि वक्ता प्रो. हरविन्दर सिंह, प्रो. मार्केटिंग मैनेजमेंट आई.एम.टी., गाजियाबाद ने स्वामी जी को ओजस्वी व्यक्तित्व का धनी बताते हुए कहा कि विवेकानन्द जी समग्र व्यक्तित्व का पर्याय है। उनकी शिक्षा का सार समग्रता का भाव अपने अन्दर ग्रहण करने में है। यदि हम उनके विचारों पर व्यवहारिक रुप से अमल करें तो निश्चित रुप से समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. अश्वनी कुमार गोयल, संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा उ.प्र. ने सार रुप में कहा कि स्वामी विवेकानन्द का मूल मंत्र है– "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक बढ़ते रहो"। आज राष्ट्र के लिए कुछ करने का समय है। अतः राष्ट्रहित के लिए हम अपने लक्ष्य निर्धारित करें तभी विवेकानन्द जी के सपनों का भारत सृजित होगा।

अन्त में महाविद्यालय की प्राचार्या एवं संगोष्ठी संरक्षिका डॉ. ज्योत्स्ना गर्ग

ने सेमिनार समापन अवसर पर विचाराभिव्यक्ति करते हुए कहा कि विवेकानन्द जी एक ऐसा व्यक्तित्व है जो सम्मोहन, आकर्षण व लोकप्रियता का पर्याय है। वह ईश्वर के सानिध्य को मानव–मात्र में महसूस करते थे। विवेकानन्द जी की नैतिक स्वाधीनता, तेजस्वी आदर्शवाद एवं निर्भय निष्ठा उनके भाषणों में परिलक्षित होती है। उनके चिन्तन में मानव कल्याण की भावना निहित है अतः उनका चिन्तन कालजयी है।

इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन एवं कार्यवाही ग्रन्थ का प्रकाशन स्वामी विवेकानन्द के विचारों को प्रसारित करने एवं व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र निर्माण हेतु उसे व्यवहारिक रुप देने का हमारा एक विनम्र प्रयास है। भविष्य में भी स्वामी विवेकानन्द अध्ययन केन्द्र के तत्त्वावधान में ऐसे लघु किन्तु महत्वपूर्ण प्रयास होते रहेंगे।

हम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का आभार व्यक्त करते हैं जिनकी अनुदान राशि ने सेमिनार के आयोजन को संभव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई साथ ही हम डॉ. अश्वनी कुमार गोयल जी के हृदय से आभारी हैं जिनकी प्रेरणा का बीज इस अध्ययन केन्द्र की स्थापना के रूप में फलीभूत हो सका।

हम संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ. कमल टावरी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. शीला टावरी जी का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपने व्यस्ततम कार्यक्रम से समय निकालकर अपने प्रभावशाली व्यक्तित्व से संगोष्ठी का मानवर्धन किया। हम संगोष्ठी में आये अन्य अतिथियों एवं प्रतिभागियों का भी आभार व्यक्त करते हैं जिनकी प्रतिभागिता संगोष्ठी की सफलता का आधार है।

हम कृतज्ञ हैं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ज्योत्स्ना गर्ग के प्रति जिनके निरन्तर समर्थन एवं हमारी कार्य क्षमताओं के प्रति उनके विश्वास के फलस्वरूप संगोष्ठी आयोजन जैसा दुरुह कार्य सहजता से सम्पन्न होना सम्भव हो सका।

अन्त में, अनेकता में एकता का साक्षात् उदाहरण अपने महाविद्यालय परिवार का मैं अन्तः करण से धन्यवाद व्यक्त करता हूँ जिसकी समूह–चेतना से कार्य करने की विशिष्ट पद्धति किसी भी कार्य की सफलता का घोष है।

–डॉ. किशोर कुमार

प्रधान सम्पादक एवं सेमिनार संयोजक

"वर्तमान परिदृश्य में स्वामी विवेकानन्द के शिक्षा सम्बन्धी विचारों की प्रासंगिकता"

डॉ. किशोर कुमार
असि. प्रो. इतिहास विभाग
कु.मा.रा.म.स्ना.महा. बादलपुर

पुनरुत्थित भारत के निर्माण का सर्वाधिक शक्तिशाली माध्यम शिक्षा है। शिक्षा हमारी सुप्त चेतना को जागृत करने, समाज में स्थापित तर्क रहित धारणाओं से मुक्त कर औचित्यपूर्ण तथ्यों को स्थापित करने और सर्वाधिक महत्वपूर्ण हमारे एकान्तिक दृष्टिकोण को व्यापकता की ओर अग्रसर करती है। वर्तमान विकासोन्मुख भारत के उत्तर आधुनिक समाज को समरसता, तार्किकता, सहिष्णुता, वैज्ञानिक अभिरूचि के साथ-साथ औचित्यपूर्ण विचार मंथन की आवश्यकता है। आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, राजनीतिक, शैक्षिक इत्यादि समस्त पक्षों पर होने वाली राष्ट्र की उन्नति की सार्थकता नैतिकता एवं सावयविक वातावरण के अभाव में अर्थहीन है।

यह एक वैश्विक सत्य है कि किसी भी समाज की प्रगति उस समाज के व्यक्तियों की विचार-शक्ति, उनकी तार्किक क्षमता, वैज्ञानिक अभिरूचि एवं औचित्य की अवधारणा पर निर्भर करती है, जो आधुनिक समाज के निर्माण की आधार शिला है किन्तु सूक्ष्मता से अवलोकन करने पर हमारा वर्तमान उत्तर आधुनिक सामाज आज भी राष्ट्र की विभिन्न चुनौतियों, विचारधाराओं, मान्यताओं एवं दर्शनों आदि को तर्करहित अवधारणाओं पर आधारित पूर्वाग्रहों से ग्रस्त अभिव्यक्ति प्रदान करता है जबकि किसी विषय, मुद्दे, दर्शन एवं मान्यता पर संकीर्ण विचारधारा के आधार पर तर्क रहित होकर निष्कर्ष प्राप्त कर लेना अकादमिक जगत् एवं जनसामान्य, दोनों के लिए ही अहितकारी परिदृश्य है। जो हमारी वास्तविक उन्नति का मार्ग अवरूद्ध कर देता है।

महान व्यक्तियों का दर्शन, जीवन के प्रति उनकी संकल्पना और

 ISBN : 978-93-80216-12-6

दृष्टि किसी विशेष समूह, स्थान व समय की सीमाओं में न बँधकर कालजयी एवं वैश्विक होती है साथ ही उनके विचार जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को समृद्ध करते हैं। स्वामी विवेकानन्द ऐसी ही विलक्षण प्रतिभा के धनी हैं जो देश-काल की सीमाओं में नहीं बँधते। धर्म व आध्यात्म, राष्ट्र, समाज, कर्मयोग, मानव-मूल्य एवं शिक्षा-दर्शन के सम्बन्ध में उनके विचार उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके जीवन काल में थे क्योंकि उपर्युक्त सभी पक्षों पर उनके विचारों का प्रादुर्भाव मात्र वैचारिक धरातल पर नहीं हुआ वरन् ठोस एवं सबल पृष्ठभूमि में उनके प्रांजल तथा उदात्त चिन्तन का विकास हुआ इसीलिए उनका चिंतन सार्वभौमिक है।

वर्तमान भारत विभिन्न प्रकार की चुनौतियों को अपने अन्दर समाहित किए परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है ऐसे समय में मानव मूल्यों एवं चरित्र-निर्माण करने वाली शिक्षा की अत्यधिक आवश्यकता है। येन-केन-प्रकारेण आर्थिक प्रगति को लक्ष्य मानने वाली शिक्षा, मनुष्य की संवेदनाओं को मृतप्राय बना देती है। ऐसी शिक्षा राष्ट्र का तथाकथित भौतिक विकास तो कर सकती है किन्तु मानव को मानवीय गुणों से रहित कर मशीनी मानव (रोबोट) बना देती है।

शिक्षा आत्म-विकास करने का एक सहज माध्यम है। शिक्षा द्वारा व्यक्ति का जीवन उत्तरोतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होता है। स्वामी विवेकानन्द मानते हैं कि ज्ञान मनुष्य में अन्तर्निहित है। शिक्षा द्वारा उसके प्रस्फुटन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाती है। वस्तुतः शिक्षा मनुष्य में पूर्वनिहित पूर्णता की अभिव्यक्ति है। स्वामी विवेकानन्द जी के शब्दों में- "समस्त ज्ञान, चाहे वह व्यवहारिक हो या परमार्थिक, मनुष्य के मन में ही निहित है। बहुधा वह प्रकाशित न होकर ढका रहता है और शिक्षा द्वारा जब वह आवरण धीरे-धीरे हटता जाता है, तो हम कहते हैं कि हमें ज्ञान प्राप्त हो रहा है।" इस प्रकार विवेकानन्द जी मानते हैं कि सच्ची शिक्षा वही है जो अन्तःकरण के अनन्तज्ञान को

 ISBN : 978-93-80216-12-6

प्रकाशित करने में सहायक हो। सारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण का एकमेव उद्देश्य मनुष्य का निर्माण होना चाहिए क्योंकि जब मनुष्यता का विकास होता है तो वह चारों ओर एक सकारात्मक प्रभाव डालता है। जो व्यक्तित्व मानव-तत्त्व से परिपूर्ण होते हैं, उनके जीवन की गति लययुक्त हो जाती है और वह अपने चारों ओर एक जादुई प्रभाव उत्पन्न करते हैं। ऐसे व्यक्ति समाज में आमूल-चूल परिवर्तन करने की क्षमता रखते है। स्वामी जी कहते है– "इन महान धर्माचार्यों को देखो, उन्होंने अपने जीवन काल में सारे देश को हिला डाला था। व्यक्तित्व ही था वह जिसने यह अन्तर पैदा किया। दार्शनिक में यह प्रभाव डालने वाला व्यक्तित्व किंचिन्मात्र होता है और महान धर्म संस्थापकों का वही व्यक्तित्व प्रचण्ड होता है। प्रथम में बुद्धि तथा दूसरे में जीवन होता है। पहला मानो एक रसायनिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा कुछ रसायनिक उपादान एकत्र होकर आपस में संयुक्त हो जाते हैं और अनुकूल परिस्थिति होने से या तो उनमें प्रकाश की दीप्ति प्रकट होती है, या वे असफल ही हो जाते हैं। दूसरा जलती हुई मशाल के सदृश है, जो शीघ्र ही एक के बाद दूसरे को प्रज्ज्वलित करता है।"

इस प्रकार समस्त शिक्षा का ध्येय है– मनुष्य का विकास। जिस संयम के द्वारा इच्छा-शक्ति का प्रवाह और विकास वश में लाया जाता है तथा फलीभूत होता है वह शिक्षा कहलाती है।

स्वामी विवेकानन्द ऐसी शिक्षा को निषेधात्मक मानते है जो मनुष्य को मनुष्य न बनाकर विभिन्न अवधारणाओं में जकड़ देती है। शिक्षा का अर्थ यह नहीं है कि मनुष्य के मस्तिष्क में ऐसी बहुत सी बातें ठूँस दी जाएँ जिससे अन्तर्द्वन्द्व होने लगे और व्यक्ति सम्पूर्ण जीवन उन्हीं अन्तर्द्वन्द्व में व्यतीत कर दे। वह मानते हैं कि जिस शिक्षा से हम अपना जीवन निर्माण कर सके, मनुष्य बन सके, चरित्र गठन कर सके तथा विचारों का सामञ्जस्य कर सके वही वस्तुतः शिक्षा कहलाने योग्य है। यदि कोई व्यक्ति पाँच ही भावों को समाहित कर तदनुसार

 ISBN : 978-93-80216-12-6

जीवन और चरित्र गठित कर सकता है तो उसकी शिक्षा उस व्यक्ति की अपेक्षा बहुत अधिक है जिसने सम्पूर्ण पुस्तकालय को कंठस्थ कर रखा है।

आज अधिकांश शिक्षा पुस्तकस्थ ज्ञान का कण्ठस्थीकरण मात्र है। बहुत सी आदर्श की बातें शाब्दिक रूप से रटकर हम स्वयं को ज्ञानी सिद्ध कर रहे हैं। जबकि ऐसी शिक्षा हमें जीवन की चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने योग्य भी नहीं बना पा रही है। किंकर्त्तव्यविमूढ़ता की स्थिति जीवन के हर पक्ष पर दिखाई दे रही है। हम मार्ग को लक्ष्य मान कर उसी में उलझे हुए हैं। वर्तमान शिक्षा सही दिशा दिखा पाने में असफल हो रही है क्योंकि इसमें मानवीय पक्ष विलुप्त प्राय है जबकि सच्चा मानव तत्व या व्यक्तित्व ही वह शक्ति है जो सकारात्मक प्रभाव डालती है।

स्वामी जी कहते हैं– "जो शिक्षा साधारण व्यक्ति को जीवन–संग्राम में समर्थ नहीं बना सकती, जो मनुष्य में चरित्रबल, परहित भावना तथा सिंह के समान साहस नहीं ला सकती, वह भी कोई शिक्षा है? हमें ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है, जिससे चरित्र का निर्माण हो, मानसिक शक्ति बढ़े, बुद्धि विकसित हो और देश के युवक अपने पैरों पर खड़ा होना सीखें।"

अस्तु, आज व्यक्ति, समाज व राष्ट्र की विभिन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए स्वामी जी के विचारों के अनुरुप शिक्षा की आवश्यकता है। सामाजिक परिवर्तन के चक्र में भौतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के मध्य सन्तुलन अपरिहार्य हो गया है। समन्वित एवं संतुलनकारी शिक्षा समाज में सावयविक वातावरण का निर्माण कर नव–जागरण की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर सकती है। सांसारिक उन्नति और मुक्ति एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। मुक्ति तो निःसन्देह अन्तिम लक्ष्य है ही किन्तु राष्ट्र, समाज व विश्व का अभ्युदय भी आवश्यक है जिसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। ध्यातव्य है कि यह अभ्युदय

ISBN : 978-93-80216-12-6

सकारात्मक एवं नैतिकता की सीमा में होना चाहिए। इस हेतु मनुष्य में मानवीय तत्त्व विकसित करने वाली शिक्षा की आवश्यकता है। यही स्वामी विवेकानन्द जी के शिक्षा सम्बन्धी चिन्तन का सार है जो कि वर्तमान सन्दर्भों में अति प्रासंगिक है।

सन्दर्भ–

1. *शिक्षा, स्वामी विवेकानन्द, रामकृष्ण मठ, नागपुर।*
2. *भारत जागरण, स्वामी विवेकानन्द, रामकृष्ण मिशन, नई दिल्ली।*
3. *व्यक्तित्व का विकास, स्वामी विवेकानन्द, रामकृष्ण मठ, नागपुर।*
4. *शिक्षक क्रान्ति का अग्रदूत, निखिलेश्वरानन्द स्वामी, रामकृष्ण मिशन, कोलकाता।*
5. *स्वामी विवेकानन्द, एम. कुमार शर्मा, अर्जुन पब्लिकेशन हाऊस, नई दिल्ली।*
6. *सार्वलौकिक नीति तथा सदाचार, स्वामी विवेकानन्द, रामकृष्ण मठ, नागपुर, 2012*
7. *वेदान्त, स्वामी विवेकानन्द, रामकृष्ण मठ, नागपुर 2007*
8. *विवेकानन्द की जीवनी, रोमां रोलां, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, 2014*
9. *कर्मयोग, स्वामी विवेकानन्द, रामकृष्ण मठ (प्रकाशन मठ), नागपुर, 1997*
10. *Nair V.S. Sukumaran, Swami Vivekananda The Educators, Sterling Publisher, New Delhi.*
11. *Bharthy Vijaya, Educational Philosophies of Swami Vivekananda & John ewey, A.P.H publishing corporation, New Delhi*
12. *Swami Vivekananda, My Idea of EDUCATION, Advaita Ashrama, Kolkata, 2015*

भारतीय संस्कृति के अग्रदूत–स्वामी विवेकानन्द

डा. हेमलता सुमन
एसो. प्रो.
नरायण पी.जी. कालेज
शिकोहाबाद

भारतीय इतिहास के संकटमय संक्रान्ति काल में, जब–जब अधःपतन की चरमावस्था होती है, ऊंच–नीच का भेदभाव समाज में असहनीय हो उठता है, राजदण्ड जब दुर्बलों को अन्याय पूर्वक पीड़ित करता है, धर्म की हानि–ग्लानि होती है, अत्याचारपूर्वक दुर्नीतियां जब शतशः रूप धारण कर लेती है तब पुरातन की जीर्ण–मृत देह को शमशान–चिता में फूंककर उसी की राख की ढेरी पर नव–स्फुलिंग द्वारा पुनः एक नवीन सृष्टि का सूत्रपात होता है, समाज व मनुष्य को समय–समय पर गढ़ते रहने की आवश्यकता होती है, मूल्यों व धर्म की रक्षा हेतु किसी न किसी उद्धारक, सन्त, महात्मा का प्रादुर्भाव होता है, श्रीमद्भगवद्गीता में भी श्री कृष्ण ने यही कहा है–

"यदा–यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारतः
अभ्युत्थानम अधर्मस्य तद्ात्मनम् सृजाम्यहम्।"

मन्त्र दृष्टा वैदिक ऋषि–ऋषिकाओं से वर्तमान युग तक अनेक महापुरुषों ने जन्म ले भारतीय मूल्यों, संस्कृति एवं गौरवमय इतिहास को प्राण दिये। स्वामीरामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानन्द, स्वामी दयानन्द सरस्वती, महर्षि अरविन्द घोष, महात्मा गांधी आदि इसी सुदीर्घ परम्परा के प्रतिनिधि रहे हैं।

परमाचार्य श्री रामकृष्ण परमहंस के अतिप्रिय शिष्य स्वामी विवेकानन्द ने अपने निर्भीक आत्मोत्सर्ग से भारत के गौरवशाली भविष्य का सूत्रपात किया और न केवल भारत अपितु पाश्चात्य देशों में भी अपने अद्वितीय ज्ञान, विलक्षण बुद्धि, आश्चर्यचकित व निरूत्तर कर देने वाली तर्क

 ISBN : 978-93-80216-12-6

शक्ति का लोहा मनवाया। विवेकानन्द जी भारत के महान सन्त थे, जो ब्रहमचर्य, दया, ममता, प्रेम आदि उदात्त मानवीय गुणों से परिपूर्ण थे, जिनके हृदय में स्वदेश–प्रेम की अग्नि सतत् प्रज्वलित रहती थी। आपने भारतीय और विश्वसंस्कृति के पुनरूध्दारव विकास में अमूल्य योगदान दिया। आध्यात्मिक उपदेष्टा स्वामी विवेकानन्द ने हिन्दू धर्म को नवजीवन दे पाश्चात्य देशों को वेदान्त के सत्य से अवगत कराया तथा विश्वप्रसिद्ध "रामकृष्ण मिशन" की स्थापना की। स्वामी विवेकानन्द ने अपनी ओजपूर्ण वाणी में संसार में बिखरे विद्युत–कणों को एकत्र कर आह्वान किया–

"हे मानव!, मृत की पूजा से हम तुम्हें जीवन्त की पूजा के लिए बुला रहे हैं, गतकाल के लिए शोक करना छोड़कर वर्तमान में प्रयत्न करने के लिए हम तुम्हें बुला रहे हैं, लुप्त मार्ग के पुनरूद्धार में वृथा शक्ति क्षय करने के बजाय नवनिर्मित, विशालतम तथा समीप के पथ में हम तुम्हें बुला रहे हैं। बुद्धिमान! समझ लो जिस शक्ति के आर्विभाव के साथ ही दिग दिगन्तर में उसकी प्रतिध्वनि उठ चुकी है, अपन कल्पना द्वारा उसकी पूर्णता का अनुभव करो और वृथा सन्देह, दुर्बलता तथा दास–जाति–सुलभ ईर्ष्या द्वेष को छोड़ इस महायुग चक्र के प्रवर्तन में सहायता करो।"[1] स्वामी विवेकानन्द के विचार एवं चरित्र मानव समाज के परिवर्तन के इतिहास की परम्परा की रक्षा करते हुए ही एक के बाद दूसरे स्तर पर क्रमशः विकसित हुए हैं।

आचार्य नरेन्द्र का जन्म कलकत्ता के उत्तर भाग में सिमुलिया मुहल्ले में 12 जनवरी 1863 ई. में प्रातः छः बजकर तैतीस मिनट तैतीस सैकेन्ड पर हुआ था। उनके पिता विश्वनाथ दत्त, दादा प्रसिद्ध सन्यासी दुर्गाचरण थे तथा माता भुवनेश्वरी देवी थी। विवेकानन्द के पिता पेशे से वकील थे। वकालत में व्यस्त रहते हुए भी अध्ययन से उनका प्रबल अनुराग था। उन्होंने अंग्रेजी के साथ–साथ फारसी भी सीखी थी। तमाम सुख सुविधाओं एवं ऐश्वर्य से परिपूर्ण होने पर भी विवेकानन्द

 ISBN : 978-93-80216-12-6

की मां भुवनेश्वरी देवी उदास रहती थी। कारण था पुत्र सुख का न मिलना। वह एक बुद्धिमति, कर्मकुशल तथा प्राचीन पन्थी थी। वे बंगला लिखना–पढ़ना भली भांति जानती थी। महाभारत और भागवत आदि पुराणों का नियमित पाठ करती थी, वह तत्कालीन परिस्थितियों पर भी पति से चर्चा करती थी उनके तेजस्वी चरित्र में शील–सौजन्य का ऐसा सुन्दर समन्वय था जो अन्य सभी को आकर्षित करता था। वे मृदभाषी परन्तु गम्भीर स्वभाव की थी इसलिए कोई भी स्त्री वाचाल बनने का साहस नहीं कर पाती थी। वे धर्म परायणाथी, भगवान शिव की पूजा अर्चना पूर्ण मनोयोग एवं विधि–विधान से करती थी। उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति न हो पायी थी इसलिए उदास हो जाती थी। सरलभक्ति तथा सहज विश्वास के साथ वे देवाधिदेव शिव की स्तुति हेतु कठोर व्रतों का पालन करती, शिव अर्चना में उनका अधिकांश समय व्यतीत होता।

एक दिन प्रातः काल शिव पूजा के बाद भुवनेश्वरी देवी ध्यानमग्न हो गयी, इतनी लीन हो गयी कि कब संध्या हो गयी उन्हें स्मृति न रही। अचानक वह स्वप्न देखती हैं कि तुषार धवल कर्पूर गौर कैलाशपति उनके समक्ष खड़े हैं और उन्होंने एक नन्हे से शिशु का रूप ले लिया है। स्वर्गीय आनन्द से पुलकित हो 'हे शिव' 'हे शिव' करती हुई उठ बैठी उसी दिन पौष संक्रान्ति की पावन बेला में पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। नामकरण संस्कार में पुत्र का नाम नरेन्द्र रखा गया।

नरेन्द्र बचपन से ही नटखट थे। वह बना किसी भय–भटकार के स्वेच्छा से आचरण करते। माता तंग आकर उन्हें शान्त करने के लिए नरेन्द्र के सिर पर जल डाल देती तब वह शान्त होते। आशुतोष शिव भी जलाभिषेक से सन्तुष्ट होते हैं– इस विश्वास के साथ भुवनेश्वरी देवी जी यह उपाय करती और आश्चर्य वह शान्त हो भी जाते। नरेन्द्र को बचपन में विले के नाम से पुकारा जाता था। एक बार बालक के उधम से तंग आकर माता ने यह तक कह डाला "महादेव ने स्वयं

 ISBN : 978-93-80216-12-6

न आकर जाने कहां से भूत भेज दिया है"[2] वे कहती "देख विले अगर तू ऊधम मचायेगा तो महादेव तुझे कैलाश में न आने देंगे"[3] नन्हें नरेन्द्र भयभीत हो चुप हो जाते।

नरेन्द्र बचपन से ही मां के मुख से रामायण एवं महाभारत की भक्तिमय कहानियां सुनते आये थे। सुदूर अतीत युग के धर्मवीरों की पवित्र जीवनियां सुनकर उनके शिशु मन में आनन्द की हिलारे उठती और वे मां के साथ घण्टो तक अपनी चंचलता छोड़ मंत्र मुग्ध सुनते रहते। प्रभावित होकर नरेन्द्र बाजार से राम सीता की एक मूर्ति ले आये और पूर्ण मनोयोग से पूजा करते।

एक दिन उनके कोचवान ने किसी बात पर विवाह की चर्चा छेड़ दी किन्हीं कारणवश कोचवान विवाह के विरूद्ध था, उसने बालक नरेन्द्र के समक्ष वैवाहिक जीवन के क्लेश व अशान्ति की ऐसी रूपरेखा बांधी की सुकुमार मन पर यह छाप अंकित हो गयी वह एकाएक उदास हो गये– सोचने लगे अब क्या करूं ? वे रूधे कंठ से माता से बोले–"मां मैं सीता राम की पूजा कैसे करूं? सीता तो राम की पत्नी है।"[4] वस्तु स्थिति से अनिभिज्ञ होने के कारण माता ने हंस कर शिव की पूजा करने को कह दिया। माता की बात मानकर नरेन्द्र शि मूर्ति की स्थापना कर पूजा प्रारम्भ की। किन्तु अगले ही क्षण उन्हें स्मरण हो आया माता ने कहा था शिव तुम्हे कैलाश में न आने देंगे, उन्होंने अत्यिधिक चिंतित हो मां से कहा–"मां क्या मैं सचमुच ही दुष्ट हूं, इसलिए शिव ने मुझे अपने पास से हटा दिया है? अगर मैं साधू हो जाऊं तो क्या शिव मुझे अपने पास लौट आने देंगे? माता ने कहा– हां क्यों नहीं।[5] पर यह बात अनजाने में कह जाने के बाद ही एकाएक किसी अनिर्दिष्ट भय से माता का मन कांप उठा वे डर गयी कि कहीं अपने दादा की भांति यह भी न सन्यासी हो जाये।

तीक्ष्ण बुद्धि वाले नरेन्द्र माता व पिता से जिज्ञासावश पूछ बैठते" भातकी थाली छोड़कर बदन पर हाथ लगाने से क्या होता है? बांये

 ISBN : 978-93-80216-12-6

हाथ से जलपात्र उठाकर जल पीने से हाथ क्यों धोने पड़ते हैं? हाथ में तो झूठा लगा नहीं। अपने प्रश्नों के यथोचित उत्तर न पाकर नरेन्द्र और अधिक उत्पात मचाते। बड़ी दोनों बहनों को तो वे खूब परेशान करते और जब वे उन्हें पकड़ने जाती तो अपने शरीर पर नाली की गन्दगी लपेट उन्हें चिढ़ाते और पकड़ने को कहते, बहनें मन मारकर रह जाती।

पांच वर्ष की आयु होने पर नरेन्द्र पढ़ने हेतु घर पर ही गुरु की व्यवस्था की गई, तत्पश्चात प्राथमिक शिक्षा समाप्त होने पर उन्हें मेट्रोपोलिटिन इन्स्टीटयूशन में भेज दिया गया। समवयस्क सहपाठियों का साथ पा नरेन्द्र खुश हो गये। उधमी व स्वतन्त्र नरेन्द्र को विद्यालय का अनुशासन व्यथित कर देता, क्रोध के मारे वे मार–पीट पर उतारू हो जाते, अध्यापक उन्हें शान्त करते। मृदु वाणी से ही वह शान्त हो पाते। एक दिन बाल्यकाल के बारे में किसी शिष्य से बातें करते हुए स्वामी जी ने कहा था– "बचपन में ही मैं एक जिद्दी शैतान था, नहीं तो क्या खाली हाथ ही सारी दुनियां घूम सकता था"[6]

नरेन्द्र को भूत प्रेत आदि किसी से भय नहीं लगता था, किसी के कहने पर कि उक्त पेड़ पर भूत रहता है पूरी रात भूत की प्रतीक्षा में उसी पेड़ के नीचे बैठे रहते। 14 वर्ष की अवस्था में उन्हें पेट में रोग हो गया, स्वास्थ्य लाभ हेतु उनके पिता ने पूरे परिवार को 1877 में रायपुर बुला लिया अपने पिता के पास पहुंच वे आनंदित हो उठे। पिता को वह बहुत सम्मान देते थे। रायपुर में स्कूल नहीं था, पिता जी नरेन्द्र को घर पर ही स्वयं शिक्षा देने लगे। पुत्र की प्रतिभा पिता से छिपी न रह सकी। पाठ्य पुस्तकों के अतिरिक्त इतिहास दर्शन तथा साहित्य सम्बन्धी अनेक पुस्तके वे नरेन्द्र को पढ़ाते। पुत्र की योग्यता तार्किता एवं तीव्र बुद्धि देख विश्वनाथ गदगद हो उठते। एक दिन विश्वनाथ जीने आनन्द के साथ नरेन्द्र से कहा– "बेटा आशा है एक दिन तुम्हारे द्वाराबंग भाषा गौरवान्वित होगी" और इसमें संदेह नही कि स्वामी

विवेकानन्द द्वारा लिखित 'वर्तमान भारत', 'परिवाजक', 'भावबार–कथा' (चिंतनीय बातें) प्राच्य और पाश्चात्य आदि ग्रन्थों ने उनकी भविष्य वाणी को सत्य प्रमाणित कर दिया।

नरेन्द्र ने दो वर्ष तक पिता के साथ रहकर ज्ञानलाभ ही नही किया बल्कि उनके किशोर चरित्र पर पिता की महानता की गम्भीर छाप भी पड़ी। तेजस्विता, दूसरों को दुखी देख व्याकुल होना, विपत्ति में भी धैर्य का साथ न छोड़ना तथा निर्विकार चित्त से अपने कर्तव्य का पालन करना नरेन्द्र ने अपने पिता से ही सीखा था। नरेन्द्र नियमित व्यायाम करते थे, दीर्घ और बलिष्ठ शरीर के कारण वे 16 वर्ष की अवस्था में 20 वर्ष के प्रतीत होते थे। 'हिंदू मेला' के प्रवर्तक नवगोपाल मित्र ने बाक्सिंग में प्रथम आने पर उन्हें चांदी की बनी तितली ईनाम में दी थी।, उस समय के छात्र समाज में क्रिकेट के उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में भी उन्हें काफी सम्मान मिला था।

स्वास्थ्य लाभ हेतु पिता के पास रहने के कारण लगभग दो वर्ष तक अनुपस्थित हाने से 'प्रवेशिका श्रेणी' में भरती होने में उन्हें कुछ अड़चने आयी। दो वर्ष की पाठ्य पुस्तके कठोर परिश्रम और लग्न के साथ एक ही वर्ष में समाप्त कर वे प्रथम श्रेणी में उर्त्तीण हुए तो परिवार, मित्र तथा गुरुजनों की खुशी का ठिकाना न रहा। नरेन्द्र के जीवन के सही दिशा तथा उच्चादर्श देने में उनकी उच्च विचारशील माता की शिक्षा एवं प्रयत्नों का भी परिणाम था।

नरेन्द्र ने 1879 में 'प्रवेशिका परीक्षा' में पास होकर जब कालेज में प्रवेश लिया उस समय वह 18 वर्ष के थे। परीक्षा के लिए तैयारी के समय तीन वर्ष का पाठ्यक्रम एक ही वर्ष में पूरा करना पड़ा था जिसके कारण उन्हें मलेरिया हो गया और उन्हें 1 वर्ष के लिए कालेज छोड़ना पड़ा। दूसरे वर्ष वे जनरल असेम्बली इन्स्टीट्यूशन एफ.ऐ. में पढ़ने लगे। नरेन्द्र ने एफ.ए. की परीक्षा से पहले ही दर्शन–शास्त्र एवं उच्चसाहित्य सम्बन्धी ग्रन्थादि का अध्ययन कर, मिल आदि पाश्चात्य

 ISBN : 978-93-80216-12-6

नैयायिकों के मतवाद का ज्ञान प्राप्त कर लिया था तथा ह्ययूम एवं हर्बर्ट स्पेन्सर के दार्शनिक ग्रन्थों का अध्ययन प्रारम्भ कर दिया था।

जनरल असेम्बली कालेज के अध्यक्ष विलियम हेस्टी साहब बड़े पण्डित, कवि और दार्शनिक थे। नरेन्द्र, ब्रजेन्द्रनाथ सील आदि कुछ प्रतिभाशाली छात्र उनके प्रिय शिष्य थे जो उनके पास नियमित रूप से दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते थे। हेस्टी नरेन्द्र को वे इतना चाहते थे कि एक बार कालेज की 'आलोचना सभा' में नरेन्द्र के दार्शनिक मतविशेष के विश्लेषण से विशेष सन्तुष्ट होकर उन्होंने कहा था–"He is an excellentphilosophical student in all the German and English Universities there is not one student so brilliant as he."[8]

डेकोर्ट का अहमवाद, ह्यूम और बेन की नास्तिकता, डार्विन का विकासवाद और स्पेन्सर का अज्ञेयवाद इत्यादि विभिन्न दार्शनिकों की विचारधाराओं में बहते हुए नरेन्द्र सत्य की प्राप्ति के लिये अत्यधिक व्याकुल हो उठते। 1907 ई. की प्रबुद्ध पत्रिका में ब्रजेन्द्रनाथ ने एक लेख लिखा जिसमें नरेन्द्र की मानसिक अशान्ति और विपलव का युक्ति पूर्ण विवरण दिया था। नरेन्द्र सोचते मानव जीवन का उद्देश्य क्या है? इस पंचेन्द्रिय ग्राहय जड़ जगत के पीछे ऐसा कोई शक्तिमान पुरुष है या नहीं, जिसके इशारे पर जड़ समाष्टि परिचालित हो रही है? ईश्वर है तो उसके दर्शन कैसे हो सकते हैं। कोई भी धर्म प्रचारक धर्म तथा ईश्वर के ऊपर भाषण देते तो नरेन्द्र पूछ बैठते "महाशय क्या आपने ईश्वर को देखा है?" आध्यात्मिक तत्वों की व्याख्या करने वाले नरेन्द्र के व्याकुल मन को व जिज्ञासाओं को शान्त न कर पाते। धर्म प्रचारकों की सम्प्रदायगत रटी हुई बोलियां सुनकर वे और भी अधिक सन्देहग्रस्त बेचैन हो उठते। सत्य प्राप्ति की तीव्रतर खोज उन्हें व्यथित कर देती। एक बात को तो उनके अन्तःस्थल ने जान लिया था कि–

"अविद्यायामन्तरे वर्तमान स्वयं धीराः पण्डितम्मन्यमानाः दन्द्रम्यमानाः परियन्ति मूढ़ा अन्धेनैव नीयमाना यथान्धाः"–कठोपनिषद 1/2/3

ISBN : 978-93-80216-12-6

अर्थात चारों ओर विद्या से घिरे हुए अपनी समझ में बड़े बुद्धिमान बने हुए और स्वयं के पण्डित मानने वाले वेमूढ, अंधो के नेतृत्व में चलने वाले अन्धों के समान अनेक कुटिल रास्तों पर भटकते रहते हैं।"

नरेन्द्र सत्य प्राप्ति हेतु ही ब्रहम समाज में गये। वे ब्रह्म समाज के सदस्य बने परन्तु मतवादों और नियमित उपासना आदि द्वारा उनकी अत्युत्कट आध्यात्मिक तृष्णा तृप्त नही हुई। अपने चारों ओर आध्यात्मिक गुरुओं के वातावरण के बीच डूबे हुए पाश्चात्य दार्शनिको की विचारधाराओं से क्षुब्ध और आलोड़ित, तथा युक्तिवादी ब्राह्म होते हुए भी वे सद्गुरु की प्राप्ति के लिए व्याकुल हो उठे। वे सोचते कौन बता सकता है कि "सत्य क्या है" शान्ति कैसे मिले? वे किससे पूछें–कस्मिन भगवो विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवतीति? अर्थात किसको जान लेने पर सब कुछ जान लिया जाता है?

एक दिन विवाह–प्रसंग की आलोचना में नरेन्द्र ने अपने हृदय की अशान्ति को प्रकट कर विवाह के विघ्नों के स्पष्ट कर दिया, तब प्रसिद्ध डाक्टर तथा उनके पिता के रिश्तेदार रामचन्द्रदत्त ने उनसे कहा–"यदि वास्तव में सत्य की प्राप्ति ही तुम्हारा मूल उद्देश्य है तो ब्रह्म समाज आदि स्थानों में न भटककर श्री रामकृष्ण परमहंस जी के पास चले जाओ। नरेन्द्र कुछ मित्रों को लेकर दक्षिणेश्वर चले गये। नरेन्द्र को देख श्री रामकृष्ण परमहंस विभोर हो उठे और उन्हे गले से लगाकर स्नेहपूर्ण गदगद कण्ठ से कहा– "तू इतने दिनों तक मुझे भूलकर कैसे रहा? कब से मैं तरे आने की बाट जोह रहा हूं। विषयी लोगों के साथ बात करते–करते मेरा मुहं जल गया है, अब आज से तेरे समान सच्चे साथी के साथ बात करके मुझे शान्ति मिलेगी" नरेन्द्र ने दोनों हाथ जोड़कर सम्मान के साथ कहा– मैं जानता हूं आप सप्तर्षि मण्डल के ऋषि हैं, नररूपी नारायण हैं, जीवों के कल्याण की सामना से तुमने देह धारण की है......"

 ISBN : 978-93-80216-12-6

श्रीरामकृष्ण परमहंस का अपूर्व त्याग शिशु की भांति अभिमान शून्य सरल व्यवहार, विनय–नम्र मधुरता, गम्भीर निष्काम प्रेम आदि ने नरेन्द्र के हृदय पर थोडे दिनों में ही प्रभाव डाल दिया। फिर भी नरेन्द्र ने परमहंस जी के समक्ष सम्पूर्ण समर्पित होने में तीन वर्ष का लम्बा समय लगाया। जिसमें नरेन्द्र ने तरह तरह से उनकी परीक्षा ली। ऐसा शिष्य जो गुरु की परीक्षा लेकर ही शिष्यत्व गृहण करे, अपने को पूर्ण समर्पित कर सके, ऐसा विलक्षण कार्य तो विलक्षण नरेन्द्र ही कर सकते थे।

श्री रामकृष्ण समझ गये थे कि नरेन्द्र को समय पर जगत के सैकड़ो–हजारों धर्मपिपासु नर–नारियों की आध्यात्मिक तृष्णा मिटाने, पाश्चात्य सभ्यता के अनुकरण के गर्व से दिग्भ्रान्त स्वदेशियों को लुप्त प्राय: सनातन धर्म के पथ पर लौट आने के लिए पुकारना होगा। उनके जीवन में प्रकाशित 'जितने मत उतने पथ' रूपी सार्वभौमिक आदर्श के प्रचार कार्य में नरेन्द्र ही योग्य अधिकारी है। भविष्य की सोचकर रामकृष्ण उन्हें सर्वमतों के आधार स्वरूप–वेदान्त में वर्णित साधना मार्ग में परिचालित करने के लिए प्रयत्नशील हुए। किन्तु नरेन्द्र सगुण निराकार के ध्यान में आस्थावनत थे। इसलिए उन्होंने अद्वैत वाद को काफी समय बाद ग्रहण किया। नरेन्द्र सहज ही रामकृष्ण की इस बात पर विश्वास न कर पाये की वे ही अधिकारी पुरुष हैं, और जगदम्बा के विशेष कार्यसिद्धि के लिए अवतरित हुए हैं।

एक दिन महर्षि देवेन्द्र नाथ की नौका पर नरेन्द्र प्रात: ही पंहुच गये और तीव्र व्याकुलता के साथ प्रश्न किया– आपने ईश्वर को देखा है? महर्षि ने कई प्रकार से नरेन्द्र को आश्वासन देकर नियमित रूप से ध्यान आदि करने को कहा। नरेन्द्र का हृदय संतुष्ट न हुआ और वे व्यथित हो लौट आई। घर लौटकर नरेन्द्र ने धर्मशास्त्रों एवं दर्शनशास्त्र को परे रख दिया, जब ये ईश्वर प्राप्ति में ही सहायक नही तो व्यर्थ पाठ करने से क्या लाभ? रात भर वह सोचते रहे और मन में जिज्ञासा लिए दक्षिणेश्वर पहुंच कर रामकृष्ण से वही प्रश्न दौहराया–"क्या आपने

 ISBN : 978-93-80216-12-6

ईश्वर के दर्शन किये हैं? अपूर्व शान्ति के साथ परमहंस जी ने कहा– हां बेटा मैंने ईश्वर के दर्शन किये है। तुम्हें जिस प्रकार प्रत्यक्ष देख रहा हूं इससे भी अधिक स्पष्ट रूप से उन्हें देखा है। नरेन्द्र का विस्मय सौ गुना बढ़ाते हुए उन्होंने पुनः कहा– क्या तुम भी देखना चाहते हो? यदि तुम मेरे कहे अनुसार काम करो तो तुम्हे भी दिखा सकता हूं।"[10] श्री रामकृष्ण की वाणी से जिस प्रकार की साधना व पथ का संकेत मिला वह कठिन तो था ही, ब्रह्म समाज के आदर्श से अनुप्राणित नरेन्द्र यकायक उसे ग्रहण न कर सके। किन्तु ब्रह्म समाज की एक विशेष घटना ने नरेन्द्र का भ्रम ब्रह्म समाज से तोड़ दिया। हुआ यूं कि जब काफी समय तक नरेन्द्र दक्षिणेश्वर नही गये तो रामकृष्ण स्वयं ही ब्रह्म समाज की साधारण सभी में आ पहुंचे और ईश्वर कथा सुनते–सुनते वेदी तक पहुंच गये। नरेन्द्र ने उनके आने का कारण अनुमान से समझ कर उनके पास आकर उनकी गिरती भावमय देह को संभाल लिया। सभी ब्रह्म समाज के सदस्य आश्चर्य से देखने लगे, कई लोगो ने साधारण भद्रतासूचक शिष्टाचार भी नहीं दिखाया तथा अवज्ञामिश्रित विरक्ति स्पष्ट कर दी। इसी बीच परमहंस समाधिमग्न हो गये, उन्हें देखने लोग उमड़ने लगे। संचालको ने कोलाहल व गड़बड़ी के कारणगैस बत्ती बंद कर दी। नरेन्द्र बड़ी मुश्किल से पीछे के दरवाजे से उन्हें बाहर ले गये और दक्षिणेश्वर भेजने की व्यवस्था की। नरेन्द्र के हृदय पर ब्रह्म समाज के लोगों के व्यवहार से काफी चोट पहुंची और उन्हीं के लिये रामकृष्ण को अपमानित होना पड़ा यह सोचकर नरेन्द्र व्यथित एवं क्षुब्ध हो उठे और इसके बाद वे कभी भी ब्रह्म समाज नही गये।

बचपन से ही नरेन्द्र के हृदय में जब कोई सन्देह होता तो उसकी पूरी मीमांसा कर लिए बिना उन्हें शान्ति न मिलती। रात–दिन सोचकर भी वे रामकृष्ण के सम्बन्ध में वे किसी प्रकार का स्थिर निश्चय न कर सके। बी.ए. की परीक्षा की तैयारी करते समय एक आम बहस में नरेन्द्र ने अपने मित्रों से कहा– "मैं समझता हूं कि सन्यास ही

 ISBN : 978-93-80216-12-6

मानव जीवन का सर्वोच्च आदर्श होना चाहिए, नित्य परिवर्तन शीलसंसार के पीछे सुख की कामना से इधर–उधर दौड़ने की बजाय उस अपरिवर्तनीय 'सत्यं, शिवं, सुन्दरं' को पाने के लिए प्राणपण से कोशिश करना सौ गुना श्रेष्ठ है"[11]

इसी बीच उनके पिता का हृदय–घात से स्वर्गवास हो गया। नामी वकील होने के कारण विश्वनाथ यथेष्ट कमाते थे किन्तु मुक्त हस्त होने के कारण भविष्य के लिए कुछ संचय न कर सके थे। दुख पड़ते ही सभी रिश्तेदारों ने किनारा कर लिया। तब कानून की परीक्षा की तैयारी के साथ–साथ नरेन्द्र के काम की तलाश शुरु कर दी। तीन चार महीनों तक कोई काम न मिलने के कारण परिवार अन्न के लिए भी तरस गया। नरेन्द्र कई–कई दिनों तक उपवास करने लगे जिससे उनका शरीर दुर्बल हो गया किन्तु आत्म निर्भर शील नरेन्द्र ने मित्रों की मदद नहीं ली। इन विपरीत परिस्थितियों के कारण नरेन्द्र काफी दिनों तक दक्षिणेश्वर न जा सके। रामकृष्ण जी व्याकुल हो उठे। नरेन्द्र का हृदय संसार की निम्न मानसिकता एवं स्वार्थपरक सम्बन्धों से इतने दुखी थे कि गुप्त तरीके से सन्यास लेने की सोचने लगे। उसी समय रामकृष्ण का कलकत्ता में आगमन हुआ। यह सोचकर कि गृह त्याग से पहले गुरुचरणों की वन्दना कर लूं नरेन्द्र रामकृष्ण जी से मिलने गये। परन्तु ऐसा न हो सका और रामकृष्ण उन्हें दक्षिणेश्वर ले गये। गुरुकृपा से नरेन्द्र अटर्नी आफिस में काम करने लगे तथा पुस्तकों का अनुवाद कर आजीविका चलाने लगे। विद्यासागर महाशय के स्कूल में नरेन्द्र ने अध्यापन कार्य भी स्वीकार कर लिया।

इसी बीच रामकृष्ण को गले का रोग हो गया। उनकी सेवाशुश्रुषा के लिए नरेन्द्र उन्हें काशीपुर के उद्यान भवन में ले आये। रामकृष्ण ने अपने शिष्यों को सन्यास देने का संकल्प किया। शुभ दिन नरेन्द्र के हाथ में गेरूआ वस्त्र देकर कहा– क्या तुम लोग सम्पूर्ण निराभिमानी होकर भिक्षा की झोली कंधे पर लिए राजपथों पर भिक्षा मांग सकोगे?

 ISBN : 978-93-80216-12-6

गुरु के आदेश को मान कर वह लोग जो भी भिक्षा में लाये सभी ने प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। उच्च शिक्षा और उच्च वंश की गौरव बुद्धि से रहित युवक सन्यासियों का तीव्र वैराग्य देख रामकृष्ण जी भाव विभोर हो उठे। सन्यास ग्रहण करने के पश्चात अतीत युग के युग–प्रवर्तक सन्यासियों की जीवनी और उपदेशों की चर्चा नरेन्द्र का जीवन लक्ष्य बन गई। महात्मा बुद्ध का अपूर्व त्याग, आलौकिक साधना और असीम करूणा नरेन्द्र को द्रवित कर जाती। बुद्ध गया में जाकर नरेन्द्र ने उसी बोधिवृक्ष के नीचे ध्यानस्थ हो गये जहां महात्मा बुद्ध ने बुद्धत्व प्राप्त किया था। लगातार तीन दिन कठोर तपस्या में व्यतीत कर नरेन्द्र काशी उद्यान भवन लौट आये। वे समझ गये थे कि जिस अतृप्त पिपासा से कातर हो वे इधर–उधर भटक रहे थे वह यकायक रामकृष्ण जी की कृपा के बिना अधूरी है। नरेन्द्र ने संकल्प स्थिर कर लिया। वह कठोर इन्द्रिय–निग्रह कर आत्म दर्शन के लिए एकाग्रचित्त हो समाधिलीन हो गये।

नरेन्द्र जो कल तक दार्शनिक, तार्किक और उद्धत थे आज वह गुरु भक्त साधक बन गये। पाश्चात्य दर्शन के ऊपर–ऊपर मनोरम दिखने वाले तर्कयुक्तियों के जाल ने तथा ब्रह्म समाज के प्रभाव ने उनके चित्त पर जो आवरण डाल दिया था वह गुरु कृपा से हट गया। रामकृष्ण के निर्देश ये अब उनके पाठ्यग्रन्थ मात्र पाश्चात्य दर्शन और विज्ञान ही नहीं रह गये, अब वे पूर्ण मनोयोग से उपनिषद्, अष्टावक्र संहिता, पंचदशी, विवेक चूडामणि आदि ग्रन्थों का अध्ययन भी करने लगे थे। साधना पथ में काफी दूर अगसर होने के बाद नरेन्द्र अन्त में समझ गये कि 'निर्विकल्प समाधि' की प्राप्ति के बिना आध्यात्मिक पिपासा पूर्ण नही। रामकृष्ण नरेन्द्र के हृदय की बात समझते थे फिर भी उन्होंने नरेन्द्र से पूछा–"नरेन्द्र तू क्या चाहता है? नरेन्द्र ने उत्तर दिया, मैं शुकदेव की तरह निर्विकल्प समाधि द्वारा सदैव सच्चिदानंद सागर में डूबे रहना चाहता हूं"[12] रामकृष्ण ने किंचित अधीरता के साथ कहा– बार–बार

 ISBN : 978-93-80216-12-6

एक ही बात कहते हुए तुझे लज्जा नहीं आती, समय आने पर कहां तू वटवृक्ष की तरह बढ़कर सैकड़ों लोगो को शान्ति की छाया देगा, और कहां तू अपनी ही मुक्ति के लिए व्यस्त हो उठा! इतना क्षुद्र आदर्श तेरा?"[13] नरेन्द्र की आंखों में आंसू आ गये वे कह उठे– निर्विकल्प समाधि न होने तक मेरा मन किसी भी तरह शान्त नही होने का, और यदि वह न हुआ तो मैं वह सब कुछ भी न कर सकूंगा। इतने पर परमहंस बोले– तू क्या अपनी इच्छा से करेगा जगदम्बा तेरी गर्दन पकड़कर करा लेंगी। तू न करे तेरी हड्डियां करेगी। नरेन्द्र की कातर प्रार्थना की उपेक्षा करने में असमर्थ होकर रामकृष्ण ने अन्त में कहा– अच्छा जा, निर्विकल्प समाधि होगी"।

एक दिन सांयकाल ध्यान करते–करते नरेन्द्र अप्रत्याशित रूप से निर्विकल्प समाधि में डूब गये। इन्द्रिय–प्रत्यक्ष द्वैत–प्रपंच मानो महाशून्य में लीन हो गया। देशकाल–निमित्त से परे अवस्थित निजबोध स्वरूप आत्मा अपनी महिमा में स्थित हुई। काफी समय बाद जब उनकी समाधि भंग हुई तब उन्हें महसूस हुआ कि मन सम्पूर्ण रूप से कामना शून्य होने पर भी एक अलौकिक शक्ति उन्हें 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' की चेतना जागृत कर रही थी आज नरेन्द्र के हृदय की सारी अशान्ति और आकांक्षाओं का अन्त हो गया। उनका मुखमण्डल ब्रह्मविद् की दिव्यज्योति से उद्भाषित हो उठा। रामकृष्ण नरेन्द्र को कभी शंकर, कभी शुकदेव तो कभी नारायण ऋषि कह कर पुकारते। पूजनीय स्वामी योगानंद जी ने कहा था कि–"स्वामी जी में ऋषि की समाधि तृष्णा–,शुकदेव की 'मायाशून्यता', शकराचार्य का ज्ञान और नारद की भक्ति सब एकत्र सम्मिलित हो गये थे इसलिए रामकृष्ण जी उनके विभिन्न भावों को देखते हुए उन्हें अलग–अलग समय अलग–अलग नामों से पुकारा करते थे।"[14]

15 अगस्त 1886 ई. को श्री रामकृष्ण परमहंस जी की पवित्र आत्मा परमात्मा में विलीन हो गई। नरेन्द्र को तथा उनके साथियों को काशीपुर का बगीचे वाला मकान छोड़ना पड़ा। नेरन्द्र ने सोचा कि सद्गुरु

 ISBN : 978-93-80216-12-6

के आदर्श का प्रचार में विघ्न न हो इसके लिए सभी को केन्द्रभूत होना होगा। सभी साथी सन्यासियों ने इस बात को माना। वे सब मिलकर गुरु के आदर्श को जीवन का उद्देश्य मानकर उत्साह पूर्वक कहते– जय रामकृष्ण! मनुष्य गढ़ना ही हमारे जीवन का उद्देश्य हो। स्मरण रखना यही हमारी एकमात्र साधना है। वृथा विद्या का गर्व छोड़ दो। ईश्वर की अनुभूति ही जीवन का एक मात्र लक्ष्य है। हम अपने आदर्श परमहंस जी के जीवन का ही अनुसराण करेंगे। एक मात्र भगवद् प्राप्ति ही हमारा चरम लक्ष्य है। नरेन्द्र को अपने प्राण सदृश मानने वाले सन्यासी गण प्रत्येक वाक्य को गुरुदेव की आदेश वाणी की तरह श्रद्धा के साथ पालन करते।

सन 1888 के मध्य नरेन्द्र तीर्थ यात्रा पर निकल पड़े। वे वाराणसी, काशी तथा अयोध्या होते हुए आगरा वृन्दावन पहुंचे। जब वे आगरा से मथुरा जा रहे थे तो एक वृद्ध को चिलम पीता देख स्वयं भी चिलम पीने के लिये मांगी। वृद्ध ने संकोच से कहा मैं भंगी हूं। सुनते ही अनायास ही उनका हाथ हट गया किन्तु अगले ही क्षण उन्हें आभास हुआ कि–" शुनि चैव श्वपोक च पण्डिताः सम दर्शिनः" सच्चे ज्ञानी कुत्ते और चाण्डाल में भी ब्रह्म का दर्शन करते हैं। यदि सन्यासी होकर मैं भी जाति भेद से मुक्त न हुआ तो मेरे सन्यास लेने का क्या लाभ?"[15] उस व्यक्ति से चिलम ले उन्होंने पी और तब आगे की यात्रा शुरु की।

उत्तरी भारत के कई स्थानों की यात्रा करने के बाद स्वामी जी को भारत की आत्मा से परिचित होने का अवसर मिला वे एक वर्ष तक वराहनगर और बलराम वासु केघर बागबाजार कोलकता में रहे। उन्होंने विभिन्न शास्त्रों तथा पाणिनी व्याकरण का अध्ययन यात्रा के दौरान किया। वे ब्रह्मलीन परमहंस जी की जन्मस्थलीकामारपुकुर तथा मां शारदा (परमहंस जी की पत्नी) के जन्म स्थान जयराम बाटी भी गये।

 ISBN : 978-93-80216-12-6

जब स्वामी जी पाण्डीचैरी (मद्रास) में थे उस समय शिकागो (अमेरिका) में एक 'विश्व धर्म सम्मेलन' होने जा रहा था उनके शिष्यों के हार्दिक अनुरोध पर वे इस सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए 31 मई 1893 को वह बम्बई से शिकागो के लिए चल पड़े। आठवें दिन वे श्रीलंका की राजधानी कोलम्बो पहुंचे। उन्होंने वहां अनेक मन्दिरों एवं मठों के दर्शन किये। कोलम्बो से सिंगापुर होते हुए वे हांगकांग में तीन दिन रूके। इस बार दखिण चीन की राजधानी केंटन पहुंचे। चीन और भारत की दुर्दशा देख स्वामी जी व्यथित हो उठे। जापान के याकोहामा बन्दरगाह से स्वामी जी बैंकुवर होते हुए तीन दिन की रेल यात्रा के बाद शिकागो पहुंचे। स्वामी विवेकानन्द जब शिकागो पहंचे तो उनके भगवे वस्त्रों को लोग बड़ी कौतुहलता से देखते। स्वामी जी को अनुभव हुआ कि अमेरिका के लोग विदेशियों से मधुर व्यवहार करते थे किन्तु उनके व्यवहार में दिखावा अधिक होता। किसी प्रकार की आर्थिक मदद न मिलने के कारण उनके पैसे 2 सप्ताह में समाप्त हो गये तब उन्हे ज्ञात हुआ कि धर्मसम्मेलन सितम्बर से पहले नही होने वाला था और नियमानुसार उनके पास परिचय पत्र भी नहीं आया इससे स्वामी जी को बड़ी निराशा हुई और वह बोस्टन चले गये। बोस्टन में एक महिला से उनका परिचय हुआ जो उनकी विचित्र वेशभूषा के कारण आकर्षित हुई। इन्हीं के घर पर स्वामी जी का परिचय हावर्ड विश्वविद्यालय में ग्रीक के प्रो. जे.एच.राइट से हुआ। प्रो. राइट ने धर्म सम्मेलन के आयोजकों को लिखा कि स्वामी जी वहां आये सभी विद्वानों से अधिक ज्ञानवान हैं इस पत्र को लेकर स्वामी पुनः शिकागो गये। ठहरने के लिए किसी होटल में जगह न मिलने पर स्वामी जी मालगोदाम के एक पैकिंग बौकस में रहे। बर्फ गिरने के कारण ठण्ड अधिक हो गई थी। प्रातः तड़के ही स्वामी जी सड़क पर निकल पड़े, कोई उपाय न देखकर भीख मांगने लगे। किन्तु इसमें भी उन्हें उपेक्षा ही मिली। वही सड़क पर श्रीमति जोर्ज व्हेल नामक एक महिला से परिचय हुआ। उन्हीं के प्रयत्नों से स्वामी जी सम्मेलन के आयोजकों के पास

 ISBN : 978-93-80216-12-6

पहुंचे। उन्हें सम्मेलन में भाग लेने की अनुमति मिल गई और उनके ठहरने की भी व्यवस्था की गई। 11 सितम्बर 1893 को विश्व धर्म सम्मेलन में भारत से ब्रह्म समाज के प्रतिनिधि प्रताप चन्द्र मजूमदार, जैन धर्म में वीरचन्द्र गांधी, थियोसफिकल सोसायटी की ओर से ऐनी बेसैन्ट भी आई थी। स्वामी जी अपने काषाय वस्त्र में होने के कारण सभी के आकर्षक का केन्द्र बने हुए थे। उनके भाषण व व्यक्तित्व से प्रभावित होकर ऐनी बेसैन्ट ने लिखा था–"महिमामय मूर्ति काषाय वस्त्रों को सुशोभित शिकागो के धुयें से मलिन वृक्ष पर भारतीय सूर्य की तरह दैदिप्यमान.........स्वामी विवेकानन्द मुझे इसी रूप में दिखाई दिये। यह भारत के गौरव राष्ट्र के मुख को उज्जवल करने वाले सबसे पुराने धर्म के प्रतिनिधि दूसरे उपस्थित प्रतिनिधियों में सबसे कम अवस्था के होने पर भी प्राचीनतम एक श्रेष्ठतम सत्य की जीवन्त मूर्ति...... ...अपनी जन्मभूमि की गौरवपूर्ण गाथाओं को न भूलकर भारत के सन्देश की घोषणा की"।[16]

स्वामी जी का हिन्दु धर्म पर भाषण होने के बाद 19 सितम्बर को अन्य प्रतिनिधियों ने अपने वक्तव्य दिये रेवन्ड नामक एक प्रतिनिधि ने स्वामी जी पर मिथ्यावादी होने का आरोप लगाया और उन्हे सम्मेलन से निकालने की मांग की। किन्तु सम्मेलन के आयोजक इससे सहमत नही हुए अपितु उन्होंने स्वामी जी को परामर्श दिया के वे इन आपत्तियों का खण्डन करें। फलतः 22 सितम्बर को स्वामी जी ने इन प्रतिवादों का खण्डन किया।

अपने प्रवचनों से स्वामी जी ने अमेरिका ही नहीं अपितु विश्व को झकझोर कर रख दिया था। धर्म सम्मेलन की विज्ञान सभा के अध्यक्ष श्री स्नेहिल ने उनके विषय में लंदन के पायोनियर में लिखा–". .... हिन्दू धर्म के एकमात्र आदर्श प्रतिनिधि स्वामी विवेकानन्द निर्विवाद रूप से सम्मेलन में सर्वाधिक लोकप्रिय और प्रभावशाली व्यक्ति हैं. ...."

 ISBN : 978-93-80216-12-6

सम्मेलन के बाद न्यूयोर्क हेराल्ड ने लिखा–"शिकागो धर्म सम्मेलन में विवेकानन्द जी सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति है उनका भाषण सुनकर लगता है कि धार्मिक क्षेत्र में इस प्रकार के उन्नत राष्ट्र भारतवर्ष में हमारे धर्मप्रचारकों को भेजना मूर्खता मात्र है।"

स्वामी जी के व्यक्तित्व की विश्वभर में चर्चा होती रही उस समय तो अमेरिका के समाचार पत्रों में एकमात्र वही चर्चा का विषय बन गये थे। हजारों लोग उनसे मिलने आते, उनसे प्रश्न करते और स्वामी जी बड़ी सादगी के साथ कहते–"मैं सामान्य दूत मात्र हूं मेरा कार्य सन्देश पहुंचाना है।"

व्याख्यानों व प्रवचनों की यह श्रंखला 1895 तक चलती रही। स्वामी जी के व्याख्यानों से धन भी मिलता किन्तु वह तत्काल दान कर देते थे।

शिकागो धर्म सम्मेलन में स्वामी जी को प्राप्त सम्मान की सुनकर भारत वर्ष में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई। स्वामी जी के शिष्य खेतरी और रामनंद के राजाओं ने विशेष समारोह आयोजित किये और स्वामी जी को बधाई सन्देश भेजे। मद्रास के राजा रामस्वामी मुदलयर तथा उनके दीवान सुब्रहमन्य अय्यर ने भी एक विराट सभा आयोजन किया।

शिकागो सम्मेलन से स्वामी विवेकानन्द एक विश्वविद्यालय व्यक्तित्व बन चुके थे। भगवान बुद्ध से स्वामी जी की तुलना करते हुये 'द लंदन डेली क्रोनिकल' ने लिखा–"लोकप्रिय हिन्दू सन्यासी विवेकानन्द के अंग–प्रत्यंग से बुद्ध की चिरपरिचित मुखमण्डल की आभा छलकती है। उन्होंने वाणिज्य से प्राप्त हमारी सम्बन्नता, रक्त पिपासापूर्ण युद्ध धर्म आदि के सम्बन्ध में हमारी असहिष्णुता की तीव्र आलोचना करते हुये कहा कि इस मूल्य में बिचारे हिन्दू हमारी (अंग्रेजों) की आडम्बरपूर्ण सभ्यता से प्रेम नहीं करेंगे।"

स्वामी जी ने पाश्चात्य जगत की भोगप्रधान संस्कृति तथा आयुध

 ISBN : 978-93-80216-12-6

निर्माण में उसकी होण के भावी दुषपरिणामों के प्रति सचेत करते हुये कहा–"सावधान मैं अपनी दिव्यदृष्टि से देख रहा हूं कि समस्त पाश्चात्य जगत एक ज्वालामुखी पर खड़ा है जो किसी भी समय आग उगल कर उसे नष्ट कर सकता है। यदि तुम अभी भी सचेत न हुए तो आगामी 50 वर्षो में तुम्हारा विनाश निश्चित है। स्वामी जी ने कहा–"जो देश अपनी सभ्यता पर इतना अहंकार करता हैं उसमें प्रत्याशित आध्यात्मिकता कहां है"।[17]

स्वामी जी ने अनेक अमेरिकी बुद्धि जीवियों को सन्यास की दीक्षा दी और उन्हें वेदान्त की शिक्षा देने लगे। अनेक स्त्री पुरुष उनके शिष्य बन गये और वे स्वयं वेदान्ती कहने में गर्व महसूस करते। स्वामी जी के प्रभाव से ईसाई मिशनरी आतंकित हो उठे थे वे स्वामी जी के विरोध में कुछ ना कुछ बोलते ही रहते। स्वामी जी के वचनों को सुनने के लिये लोग जगह न मिलने पर सीढियों पर बैठकर अर्थात किसी भी तरह उनके प्रवचनों को सुनते और आत्मसात करते। स्वामी जी की शिष्या श्रीमति एम.सी.फ्रंकि ने आखों देखा वर्णन किया है–"पाश्चात्य जगत के लिये भारत का संदेश तथा सार्वजनिक धर्म का आदर्श विषय पर उत्कृष्ट एवं विद्धतापूर्ण भाषण सुन श्रोता–समूह मंत्रमुग्ध हो गया उस रात्रि मैंने स्वामी जी के दर्शन जिस रूप में किये वह अपूर्व था।"

हावर्ड विश्वविद्यालय में प्रो. फोक्स ने उन्हें दर्शनशास्त्र पर व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया 25 मार्च 1896 को स्वामी जी ने दर्शन के अध्यापकों एवं छात्राओं के मध्य व्याख्यान किया विश्व विद्यालय के छात्रों के अनुरोध पर ये व्याख्यान पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जिसकी भूमिका प्रो. ऐवरेस्ट ने लिखी तथा स्वामी जी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की थी। स्वामी जी ने न्यूयोर्क में वेदान्त सोसायटी की स्थापना की जिसमें फ्रासिंलएच लिगेट इसके सभापति, बहन हरिदासी (कुमारी बाल्डो) योग की अध्यापिका तथा कृपानन्द, योगानन्द, अभयानन्द आदि

 ISBN : 978-93-80216-12-6

वेदान्त के प्रचारक नियुक्त किये गये। श्रीमति आर्थर स्मिथ, श्रीमती वाल्टर, कुमारी मेरी फिलिप, कुमारी ऐमा, धर्सवी आदि को सोसायटी के संचालन का कार्य सौंपा गया। भारतीय ज्ञान के अनन्य उपासक प्रो. मैक्समूलर जिन्होने 'नाइन्टीन्थ सैंचुरी' पत्रिका में रामकृष्ण परमहंस पर एक लेख था वे स्वामी विवेकानन्द के वेदान्त प्रचार से काफी प्रभावित थे। मैक्समूलर का स्नेह पा स्वामी जी को अत्यधिक प्रसन्नता हुई। उक्त कथन मूलर जी की मनः स्थिति को प्रकट करता है–"श्री रामकृष्ण के योग्यतम शिष्य के दर्शन का सौभाग्य सदा नहीं मिलता।" स्वामी जी आत्मनिग्रह और सदाचार के प्रतीक थे। वे सच्चे अर्थो में वेदान्ती थे। कट्टर आत्मनिग्रही होते हुए भी वे किसी से घृणा नहीं करते थे। वेश्या और सन्यासी सभी उनकी दृष्टि में समान थे। स्वामी जी बचपन से ही चरित्र की पवित्रता पर विशेष बल देते थे। उन्होंने स्वयं लिखा है कि–मुझे अपने गुरु की तरह कामिनी, कांचन और कीर्ति से परान्मुख सच्चा सन्यासी बनकर मरने दो, इन तीनों में कीर्ति का लोभ सबसे अधिक मायावी होता है"।[18]

स्वामी जी की वेश्याओं के प्रति सहानुभूति के पीछे एक रोचक प्रसंग है। जिस समय वह भारत भ्रमण पर थे तब खेतरी नरेश के साथ वह जयपुर नरेश के पास पहुंचे तो जयपुर नरेश ने सम्मान में वेश्या का नृत्यगान रखा। जयपुर नरेश ने स्वामी जी के पास भी निमंत्रण भेजा किन्तु स्वामी जी ने निमंत्रण अस्वीकार कर दिया। स्वामी जी के इनकार से वेश्या को काफी दुख हुआ। उसकी पीड़ा चीत्कार कर उठी। उसने सूरदास का 'प्रभु जी मेरे अवगुन चित्त न धरो' पद् गाया। उसकी वाणी की करूण पुकार को जब स्वामी जी ने जो पास के ही भवन में थे सुना तो उन्हें काफी पश्चाताप हुआ। उन्होंने वेश्या से माफी मांगी।

स्वामी जी के गुरु रामकृष्ण वेश्याओं को सम्मान की दृष्टि से देखते थे। उनके दर्शन को वेश्याऐं दक्षिणेश्वर आती थी। हिन्दू से ईसाई बने

 ISBN : 978-93-80216-12-6

रेवरण्ड मजूमदार ने वेश्याओं की काफी आलोचना की तब स्वामी जी ने कहा—वेश्याऐं यदि दक्षिणेश्वर न जायेंगी तो कहां जायेंगी। ईश्वर की पुण्य आत्माओं की अपेक्षा पापियों के लिए विशेष कृपा है। जो लोग भगवान के घर में जाकर भी 'वह वेश्या है" वह नीच जाति का है', 'वह छोटा है' इस प्रकार के विचार रखते हैं ऐसे व्यक्तियों को – जिन्हें तुम सज्जन कहते हो, उनकी संखया जितनी कम हो उतना ही अच्छा है। जो भक्त की जाति, व्यवसाय या योनि देखते हैं हमारे रामकृष्ण को क्या समझेंगे। मेरी प्रभु से प्रार्थना है कि उन्हें नमन करने शत् शत् वेश्याऐं आयें, चोर डाकू आयें, भद्र पुरुष आयें न आयें सबके लि प्रभु का द्वार खुला है'।

15 जनवरी 1897 को स्वामी जी श्रीलंका गये वहां कुमार स्वामी द्वारा हिन्दू समाज की ओर से भव्य स्वागत किया गया जिसे देख वे बोले– मैं कोई राजा, धनकुबेर अथवा प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ नहीं हूं अपितु एक निर्धन, भिक्षा पर निर्वाह करने वाला सन्यासी हूं.....। मैं आपकी भावनाऐं समझता हूं कि हिन्दू जाति ने अभी भी अपनी आध्यात्मिक सम्पत्ति को नही खोया है अन्यथा वे एक सन्यासी का इतने भक्ति भाव से स्वागत न करते। अतः हे हिन्दुओं अपनी सांस्कृतिक विरासत के इस गौरव को न भूलो। अनेक प्रकार की प्रतिकूल परिस्थितियों में भी धर्म के आदर्श का दृढ़ता से पालन करो"। स्वामी जी का कहना था–"जो कुछ मैं हूं, जो कुछ सारी दुनिया एक दिन बनेगी, वह मेरे गुरु रामकृष्ण के कारण बनेगी, उन्होंने हिन्दुत्व, इसलाम और ईसाई मत में वह अपूर्व एकता खोजी जो सब चीजों के भीतर रमी हुई है। श्री रामकृष्ण इस एकता के अवतार थे।"[19]

जाफना–श्रीलंका होते हुए वह स्टीमर से भारत वापस लौटे। पूरे चार वर्ष बाद स्वामी जी को देख उनकी अनुयायी, मठ साथी सभी प्रसन्न हो उठे। विदेशों में भारत की गरिमामयी संस्कृति का प्रचार करने वाले प्रथम और आलौकिक व्यक्तित्व के स्वागत में रामनद नरेश भास्कर

 ISBN : 978-93-80216-12-6

वर्मा पृथ्वी पर लेटकर स्वामी जी के इस दण्डवत प्रणाम कर उठे, उस समय संध्या की लालिमा अपना अपूर्व आलोक बिखेर रही थी मानो भारत के इस अद्वितीय सपूत का सूर्य भगवान भी स्वागत कर रहें हो। रामनंद नरेश ने जहां स्वामी जी के चरण चिन्ह पड़े वही पर एक "स्मृति स्तम्भ" का निर्माण कराया जो आज भी स्वामी जी की कीर्ति पताका को फहरा रहा है। विभिन्न संगठनों संप्रदायों आदि की ओर से संस्कृत तमिल, तेलगु आदि भाषाओं में स्वामी जी को अभिनन्दन पत्र दियें गये। 8 फरवरी 1897 को स्वामी जी ने विक्टोरिया हाल में 'मेरी समरनीति', 'भारतीय जीवन वेदान्त का प्रयोग', 'भारतीय महापुरुष' तथा 'हमारा वर्तमान कर्तव्य' आदि विषयों पर सारगर्भित व्याख्यान दिये–स्वामी जी ने आह्वन किया–

"वीर बनो, श्रद्धालु बनो, चारित्रिक तेज एवं वीर्य को जागृत कर गहनीय उत्साह के साथ कर्म में प्रवृत्त हो जाओ। इस कोलकता नगरी के राजमार्ग पर एक सामान्य बालक की भांति मैं भी खेलता हुआ घूमता था। चाहता हूं कि आज इस धूलि पर बैठ कर आप लोगों से मन की बात कहूं कि हे बंगाली पुरुषों मेरे कार्यभार को ग्रहण करो, इस कार्य को कल्पना से कहिं अधिक उन्नति एवं विस्तार दो। मैने सूचना देकर केवल दिशा निर्देश दिया है उसकी पूर्ति तुम करो। वर्तमान के उत्तदायित्व और कर्तव्य को समझो। अन्य किसी देश के युवकों के कंधों पर इतना गुरुवर भार कभी नहीं पड़ा था। विगत दस वर्षो में मैने समस्त भारत का भ्रमण किया है। मेरी यह दृढ़ मान्यता है कि बंगाली युवकों में वह शक्ति प्रकट होगी जो भारत को उसके आध्यात्मिक अधिकार पद पर प्रतिष्ति करायेगी.....। किस आदर्श महापुरुष पर अनुराग रखकर उसकी ध्वजा तले खड़े हुए बिना कोई राष्ट्र उन्नति नहीं कर सकता। श्री रामकृष्ण के रूप में हमें एक ऐसा धर्मवीर, एक आदर्श प्राप्त हुआ है, यदि ये राष्ट्र उत्थान चाहता है तो मैं उच्च स्वर में घोषणा करता हूं कि सभी को इसी नाम का मतवाला बनना पड़ेगा।"[20]

 ISBN : 978-93-80216-12-6

वेदान्त पर बोलते हुए 'सर्वावयव वेदान्त' व्याख्यान में उन्होंने बताया कि वेदान्त ऐसा जटिल शास्त्र नहीं है। वही सनातन धर्म की नीव है। समाज में व्याप्त छूआ–छूत की भावना की ओर संकेत करते हुए उन्होंने कहा कि केवल रसोई तक धर्म को सीमित रखने से वर्णाश्रम की रक्षा होगी, पागलपन है। स्वामी जी पाखण्डी ब्राहमणों तथा वैष्णवों के धार्मिक व्यवसाय की तीव्र आलोचना करते थे। वे कर्म में बहुत विश्वास करते थे। उनका मानना था कि भाषण से उत्तेजना पैदा की जा सकती है। स्थाई प्रभाव उत्पन्न करने के लिए कर्म करना होगा। वे मानव धर्म को सर्वोपरि मानते थे।

1 मई 1897 को स्वामी जी ने सर्वसम्मति से 'रामकृष्ण मिशन' बनाने का निर्णय लिया जिसके उद्देश्य निम्नलिखित स्वीकृत किये गये–

1. मानव समाज के कल्याण हेतु श्री रामकृष्ण ने जो कुड कहा तथा किया, उसका प्रचार प्रसार और मनुष्य की शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक उन्नति के लिए इनके जैसे भी प्रयोग हो सके, इसके लिए सहायता करना मिशन का उद्देश्य है।
2. विश्व के सभी मतों का सनातन धर्म का अंग मानते हुए सभी मतावलम्बियों के बीच सौहार्द की स्थापना हेतु श्री रामकृष्ण ने जो कार्यक्रम किया, उसका संचालन मिशन का व्रत है।
3. मानव की भौतिक और आध्यात्मिक उन्नति हेतु योग्य व्यक्तियों को शिक्षित करना, श्रम एवं उद्यम को प्रोत्साहन देना और श्री रामकृष्ण ने अन्य धर्मो के विषय में जो कुछ कहा, उसका समाज में प्रसार करना।
4. भारत के इच्छुक ग्रहस्थों और सन्यासियों की शिक्षा के लिए आश्रमों की स्थापना करना तथा देश–देशान्तर की जनता को शिक्षित करने के उपायों को अपनाना।
5. व्रत धारण करने वालो को विदेशों में भेजकर वहां स्थापित आश्रमों

 ISBN : 978-93-80216-12-6

तथा भारतीय आश्रमों के सामंजस्य से अन्य आश्रमों की स्थापना करना आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द के जीवन चरित्र से स्वामी जी अत्यधिक प्रभावित हुए। आर्य समाजियों की चारित्रिक विशेषता, त्याग, राष्ट्र प्रेम समाज सुधार आदि के वह प्रशंसक बन गये। वह इन सदगुणों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते थे, किन्तु उनकी साम्प्रदायिक कट्टरता का विरोध करने में भी वह पीछे नहीं रहते थे।

'दयानन्द ऐंग्लो वैदिक कालेज' लाहौर के अध्यक्ष लाला हंसराज आर्य समाज के कट्टर समर्थक थे। कुछ आर्य सामाजी मित्र तर्क दे रहे थे कि वेद मंत्रों का केवल एक ही अर्थ हो सकता है किन्तु स्वामी जी का कहना था कि लोग अपनी–अपनी बुद्धि से अलग–अलग अर्थ निकालते हैं। स्वामी जी ने कहा–" लालाजी! आप जिस विषय पर इतना हठ कर रहे हैं, उसे हम कट्टर कहते हैं। हम जानते हैं कि इस प्रकार की कट्टरता से आपको अपने समाज के प्रचार में सहायता मिलती है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि मनुष्य को अपने विश्वास और धारणा के अनुसार उन्नति करने के लिए स्वतन्त्र रखना चाहिए। यद्यपि यह उन्नति धीरे–धीरे होती हैं, तथापि ऐसी उन्नति स्थाई होती है।" एक अन्य दिन स्वामी जी का आर्य समाजियों से श्राद्ध के विषय में शास्त्रार्थ हुआ। आर्य समाज श्राध्द में विश्वास नहीं करता। स्वामी जी ने अपने प्रबल तर्कों को श्राद्ध का समर्थन किया और आर्य समाजियों को पराजित कर दिया।

डा. जय राम मिश्र अपनी पुस्तक 'स्वामी राम तीर्थ– जीवन और दर्शन' में लिखते हैं–"...... तीर्थराम स्वामी विवेकानन्द के निकटतम सम्पर्क में आये और उनके आदर्शों से अत्यधिक प्रभावित हुए। स्वामी विवेकानन्द आधुनिक युग के प्रथम मंत्र दृष्टा ऋषि थे, जिन्होंने शंकराचार्य के अद्वैत वेदान्त को व्यवहारिक रूप प्रदान किया। उन्होंने अद्वैत वेदान्त को भक्ति, कर्म देश सेवा, मानव मात्र की सेवा आदि अनेक पहलुओं

 ISBN : 978-93-80216-12-6

से समझने–समझाने का प्रयास किया था। स्वामी विवेकानन्द से साक्षात्कार उनके सत्संग आदि में तीथराम की त्याग आदि भावनाओं को और भी अधिक उद्‌दीप्त कर दिया। स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों ने तीथराम की मूक आत्मानुभूति को वाणी प्रदान की। आगे चल कर तीथराम ने वेदान्त के उस पहलू की पुनः नये ढंग से व्याख्या की, जिसका निर्देश स्वामी विवेकानन्द पहले ही कर चुके थे।"

बंगाल के ब्राह्मण अन्य सभी जातियों को शूद्र मानते थे जबकि स्वामी जी की दृष्टि में क्षत्रियों और वैश्यों का भी अस्तित्व था। रामकृष्ण जन्मदिवस पर स्वामी जी ने घोषणा की कि श्री रामकृष्ण के सभी अब्राह्मणशिष्यों का व्यज्ञोपवीत संस्कार किया जायेगा और श्री शरच्चन्द्रचक्रवर्ती यह संस्कार सम्पन्न करेंगे। स्वामी जी ने कहा" श्री रामकृष्ण के सभी भक्त ब्राह्मण है। वेदों की आज्ञा है कि ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य तीनों वर्णो को उपनयन संस्कार का अधिकार है। संस्कार के आभाव में ये लोग व्रात्य बन गये हैं। आज रामकृष्ण के जन्मदिवस के पुनीत अवसर पर वे अपने अधिकार के अनुसार क्षत्रिय या वैश्य बनें। समय आने पर इन्हें ब्राह्मण भी बनाना पड़ेगा। स्वामी जी के इस क्रांतिकारी कार्य का रूढ़िवादियों ने प्रबल विरोध किया स्वामी जी इस कार्य से हिन्दू समाज के एक बहुत बड़े भाग में आयी हीन भावना को दूर करना चाहते थे किन्तु कट्टरपंथियों को यह असह्य हो गया। यज्ञोपवीत धारण करने वालों को समाज में अनेक प्रकार स प्रताड़ित किया गया। उस समय भले ही यह कार्य आलोचना का विषय बना, किन्तु बाद में बंगाल की यह ब्रह्मणेतर जातियों को इससे प्रेरणा मिली, वे क्षत्रियत्व और वैश्यत्व ग्रहण करने की मांग करने लगी। निसंदेह स्वामी जी के कार्य की तुलना महर्षि दयानन्द सरस्वती के 'कृणवन्तो विश्वमार्यम' के महान उदाघोष से की जा सकती है।

अत्यधिक परिश्रम के कारण स्वामी जी का शरीर दुर्बल जो चला था। वह कई बार अस्वस्थ पड़ चुके थे। इधर वह पुनः अस्वस्थ हो

ISBN : 978-93-80216-12-6

गये। चिकित्सकों ने उन्हें जलवायु परिवर्तन का परामर्श दिया। अतः 30 मार्च 1998 को वह दार्जलिंग चले गये। जिन अछूत जातियों को बंगाली समाज स्पर्श करने में भी संकोच करता था उनकी बस्तियों में जाकर स्वामी जी ने स्वयं सफाई तथा रोकथाम कार्य किया। उन्होंने एक सच्चे वेदान्ती का आदर्श स्थापित करते हुए दलितों, दुर्बलों की सेवा में ईश्वर के दर्शन किये। इस कार्य में उन्होंने अपने प्राणों की भी परवाह नहीं की।

स्वामी जी की प्रेरणा से 'प्रबुद्ध भारत' पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ हुआ था, जिसके सम्पादक श्री सिगरावेलू मुदलियार थे। कुछ दिन पूर्ण उनका निधन हो जाने से पत्रिका का प्रकाशन बन्द होने की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। स्वामी जी ने पत्रिका को अल्मोड़ा से प्रकाशित करने की व्यवस्था की। स्वामी स्वरूपानन्द को उसका सम्पादक और श्री सेवियर को संचालक नियुक्त किया गया। स्वामी जी ने विरजानन्द को ढाका भेजा औश्र वहां जाकर श्री रामकृष्ण के उपदेशों का प्रचार करने को कहा। स्वामी विरजानन्द ने कहा–"मैं कुछ दिन आपके साथ रहकर आत्मसाक्षात्कार करना चाहता हूं। मुझे कुछ दिन और साधना करने दीजिये तभी मैं प्रचार कार्य कर पाऊंगा"। उनके इस कथन से स्वामी जी क्षुब्ध हो उठ और उन्हें डांटते हुए बोले "स्वार्थी व्यक्ति की तरह अपनी ही मुक्ति के लिए प्रयत्न करने पर तुम नरक में जाओगे यदि पूर्ण ब्रह्म का साक्षात्कार करना चाहते हो तो दूसरों की मुक्ति में सहायक बनों। आत्म मुक्ति की कामना को समूल नष्ट करना ही सर्वश्रेष्ठ साधन है।

वस्तुतः स्वामी जी लोक कल्याण को सन्यासी का सर्वोपरि कर्तव्य मानते थे। वह नहीं चाहते थे कि सन्यासी केवल आत्म कल्र्याण की चिन्ता करे और समाज से विरक्त होकर उसका परित्याग कर दे। इसी उद्‌देश्य को दृष्टि में रखकर उन्होंने श्री रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। उन्होनं स्वामी विरजानन्द से पुनः कहा "फल की इच्छा छोड़कर

 ISBN : 978-93-80216-12-6

लोक कल्याण के मार्ग पर चल पड़ो यदि इसके लिए नरक में भी जाना पड़े तो कोई हानि नहीं।" इसके बाद कुछ देर के लिए वह ध्यान मग्न हो गये थे। फिर आंखे खोल कर उन्होंने कहा "मैं अपनी शक्ति का तुम लोगों में संचार करूंगा चिंता की कोई बात नहीं ईश्वर सदा तुम्हारे साथ रहेगा।"

स्वामी जी मानवता को सबसे बड़ा धर्म मानते थे अतः वह सन्यासियों को मानव बनने की शिक्षा देते थे। वह प्रायः कहा करते थे "मैं एक ऐसा धर्म का प्रचार करना चाहता हूं जिससे मनुष्य पैदा हो। एक दिन उनके एक शिष्य ने पश्चिमी देशों में उनके भाषा और भारत में भाषण न देने का कारण जानना चाहा तो वह बोले" इस देश में पहले भूमिका तैयार करनी होगी। पश्चिमी देशों का वातावरण अनुकूल है। भोजन के आभाव में दुर्बल शरीर, दर्बल मन तथा रोग–शोक, दुख–दीनता की जन्म भूमि भारत में भाषण देकर क्या होगा? पहले कुछ ऐसे व्यक्ति तैयार करने है जो अपने परिवार की चिंता न करते हुए परहित के लिए आत्मोत्सर्ग करने के लिए तत्पर हों। मठ की स्थापना कर मैं कुछ बाल सन्यासियों को इसके लिए तैयार कर रहा हूं जो शिक्षा समाप्ति के अनन्त घर–घर जाकर लोगों को देश की दीन–हीन दशा से अवगत कराऐंगे......। शिक्षा हीन, धर्म विहीन, वर्तमान अधोगति के विषय में उन्हें समझा कर कहो "भाइयों! उठो जागो और कितने दिन सोये रहोगे, शास्त्रों के महान अर्थ को उन्हें सरल भाषा में समझा दो। इतने दिनों तक इस देश के धर्म पर ब्राह्मणों का एकाधिकार रहा। काल के प्रवाह से अब वह समय नहीं रहा जो ऐसी व्यवस्था करो कि सभी लोग धर्म को ग्रहण कर सकें। सभी को समझा दो ब्राह्मणों की तरह उनका भी धर्म पर अधिकार है। ऊंच–नीच सभी को इस अग्नि मंत्र की दीक्षा दो अन्यथा तुम्हारे अध्ययन को धिक्कार है......जाकर यह सभी को यह बात सुना दो कि उनमें अनंत शक्ति है। उस शक्ति को जागृत करो, अपनी मुक्ति से क्या होगा? मुक्ति की कामना भी तो स्वार्थपरायणताकी

 ISBN : 978-93-80216-12-6

चरम सीमा है। पहले इस प्रकार की भूमिका तैयार करो बाद में मुझ जैसे हजारों विवेकानन्द भाषण देने के लिए संसार में जन्म लेंगे इस विषय पर चिन्ता न करो.........।"

19 जून 1899 इग्लैंड की यात्रा पर चल पड़ने से पहले स्वामी जी ने बेलुड़ मठ में 'सन्यासियों का आदर्श' विषय पर व्याख्यायन दिया इसमें उन्होंने सन्यासियों के निम्नलिखित कर्तव्यों का उल्लेख किया–

1. सन्यासियों को परिहित की कामना में आत्म बलिदान के लिए तैयार रहना चाहिए।
2. वर्तमान में गुफा में बैठकर ध्यान करते हुए देह त्याग करने की आवश्यकता नहीं है। आज श्रेय के पथ पर बढ़ते हुए मानव मात्र की मुक्ति हेतु सहायता करनी होगी।
3. सन्यासी गम्भीर ध्यान के साथ ही मठ की भूमि पर हल चलाने के लिए भी तैयार रहे। उन्हें शस्त्रों की मीमांसा के साथ ही मठ की भूमि में उत्पन्न अन्न को बाजार में ले जाकर बेचने के लिए तत्पर रहना चाहिए।
4. प्रत्येक सन्यासी याद रखेगा कि मठ का उद्देश्य 'मानव' तैयार करना है। हृदय स्त्री की तरह कोमल होते हुए भी शरीर व मन सदृढ़ रहें। स्वाधीनता की इच्छा हो, किन्तु विनम्रता बनी रहे। दृढ़ चित्त होकर दूसरे के दुख में आंसू बहाने होंगे।

कांग्रेस का 1900 का अधिवेशन लाहौर में हुआ था। इसकी अध्यक्षता करते हुए न्यायमूर्ति गोविन्द महादेव रानाडे न सन्यासियों के लिए ब्रह्मचर्य की अनिवार्यता की आलोचना की थी उन्होंने कहा था कि वैदिक युग में जाति प्रथा का अभाव था। अनेक विवाहित ऋषि भी समाज के नेता होते थे सन्यासी नहीं। उनका यह भी कहना था कि उस युग में स्त्री पुरुष सभी स्वतन्त्र थे, कठोर संयम जैसी कोई भावना नहीं थी। मानव के सुखों का सभी पूरी तरह उपभोग करते थे। श्री रानाडे

 ISBN : 978-93-80216-12-6

ने यह भी कहा था कि सिख धर्म के सभी गुरु विवाहित थे। श्री रानाडे के तर्कों के विरोध में मायावती आश्रम में स्वामी जी ने 'श्री रानाडे के भाषण की समालोचना' नामक निबन्ध लिखा जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि विवाहित तथा ब्रह्मचारी धर्मचार्य उतने ही प्राचीन है जितने कि वेद।

स्वामी जी का स्वास्थ्य निरन्तर गिरता जा रहा था। औषधि सेवन तथा परहेज से वह विरक्त से हो गये। जून 1902 में वह सभी कार्यो से उदसीनता व्यक्त करने लगे। 17 जून को उन्होंने स्वामी शुद्धानन्द से पंचांग मंगाया। वह काफी देर तक पंचांग देखते रहे कोई समझ नहीं पाया कि वह ऐसा क्यों कर रहे हैं। 1 जुलाई को स्वामी जी मठ के विस्तृत मैदान में घूम रहे थे। सहसा एक स्थान पर संकेत करते हुए वे बोले "देहावसान होने पर मेरा अन्तिम संस्कार इसी स्थान पर करना" कोई कुछ न कह सका, सब लौट आये। दूसरे दिन बुधवार और एकादशी थी स्वामी जी ने उपवास रखा था। प्रातः काल उन्होंने स्वयं सबको भोजन परोसा, इसके बाद सबके हाथ धुलाये तथा स्वयं उन्हें तौलिये से पौछा। अस्वस्थता के कारण वह इन दिनों सबके साथ बैठकर भोजन नहीं करते थे किन्तु इस दिन उन्होंने सभी के साथ बैठकर भोजन किया। वह प्रसन्नचित्त जान पड़ते थे और उनका कहना था कि आज वह स्वयं को स्वस्थ अनुभव कर रहे हैं। भोजन के बाद वह विद्यार्थियों को तीन घंटे तक लघु कौमुदी पढ़ाते रहे।

संध्या की आरती के बाद वह अपने कमरे में चले गये और अपने सहयोगी ब्रह्मचारी से बोले "कमरे की सभी खिड़कियां खोल दो" खिड़कियां खुलने पर वह गंगा तट की ओर देखने लगे इसके बाद उन्होंने उस ब्रह्मचारी को बाहर जाकर जप करने को कहा। स्वयं भी माला लेकर पदमासन में बैठकर जप करने लगे। एक घण्टे का जाप करने के बाद वह लेट गये। उन्होंने बाहर बैठे ब्रह्मचारी को भीतर बुलाकर पंखा झलने को कहा। स्वामी जी की माला उनके हाथ में ही थी। ब्रह्मचारी पंखा झलने लगा कुछ देर बाद उसने स्वामी जी के मुंह से कुछ अस्पष्ट शब्द सुने इसके साथ ही उन्होंने दो गहरी

 ISBN : 978-93-80216-12-6

सांसे ली और उनका सिर एक ओर लुढ़क गया। ब्रह्मचारी को कुछ भी समझ में नहीं आया वो दौड़ता हुआ बाहर आया। उसने अन्य लोगों को इस विषय में बताया सभी भागे–भागे अन्दर गये उन्होंने देखा कि युग पुरुष स्वामी विवेकानन्द ब्रह्मलीन हो गये थे।

सन्दर्भ–

1. *स्वामी विवेकानन्द चरित्र बालक विवेकानन्द–भास्करेश्वरानन्द पृष्ठ 4*
2. *स्वामी विवेकानन्द चरित्र बालक विवेकानन्द–सत्येन्द्र नाथ मजूमदार पृष्ठ 12*
3. *स्वामी विवेकानन्द चरित्र बालक विवेकानन्द–सत्येन्द्र नाथ मजूमदार पृष्ठ 13*
4. *स्वामी विवेकानन्द चरित्र बालक विवेकानन्द–सत्येन्द्र नाथ मजूमदार पृष्ठ 15*
5. *स्वामी विवेकानन्द चरित्र बालक विवेकानन्द–सत्येन्द्र नाथ मजूमदार पृष्ठ 15*
6. *स्वामी विवेकानन्द से वार्तालाप द्वि.सं.–पृष्ठ 40*
7. *स्वामी विवेकानन्द चरित्र–सत्येन्द्र नाथ मजूमदार पृष्ठ 27*
8. *स्वामी विवेकानन्द चरित्र–सत्येन्द्र नाथ मजूमदार पृष्ठ 80*
9. *स्वामी विवेकानन्द चरित्र–सत्येन्द्र नाथ मजूमदार पृष्ठ 87*
10. *स्वामी विवेकानन्द चरित्र–सत्येन्द्र नाथ मजूमदार पृष्ठ 96*
11. *सूक्तियां एवं सुभाषित स्वामी विवेकानन्द– पृष्ठ 123*
12. *स्वामी विवेकानन्द चरित्र–सत्येन्द्र नाथ मजूमदार पृष्ठ 124*
13. *स्वामी विवेकानन्द चरित्र–सत्येन्द्र नाथ मजूमदार पृष्ठ 124*
14. *विवेकानन्द चरित्र श्री रामकृष्ण आश्रम–पृष्ठ 128*
15. *भारत के अमर मनीषी स्वामी विवेकानन्द–डा. भवन सिंह राणा पृष्ठ 51*
16. *भारत के अमर मनीषी स्वामी विवेकानन्द–डा. भवन सिंह राणा पृष्ठ 62*
17. *सूक्तियां एवं सुभाषित स्वामी विवेकानन्द– पृष्ठ 11*
18. *सूक्तियां एवं सुभाषित स्वामी विवेकानन्द– पृष्ठ 12*
19. *सूक्तियां एवं सुभाषित स्वामी विवेकानन्द– पृष्ठ 13*
20. *देव वाणी स्वामी विवेकानन्द, श्री रामकृष्ण आश्रम द्वारा प्रकाशित– पृष्ठ 26*

स्वामी विवेकानन्द का नव्य वेदान्त दर्शन

डॉ. बृजेश चन्द्र त्रिपाठी
असि. प्रो.,
रामा पी.जी. कालेज,
चिनहट, लखनऊ

वेदान्त 'वेद' शब्द से बना है और 'वेद' का अर्थ है ज्ञान। समस्त ज्ञान वेद है और ईश्वर को भाँति अनन्त है। कोई व्यक्ति ज्ञान की कभी सृष्टि नहीं करता। क्या तुमने कभी ज्ञान का सर्जन होते देखा है? ज्ञान का अन्वेषण मात्र होता है– आवृत का अनावरण होता है। ज्ञान सदा यही है, क्योंकि वह स्वयं ईश्वर है। अतीत, वर्तमान, अनागत इन तीनों का ज्ञान हम सबमें वि, मान है। हम उसका अनुसंधान मात्र करते हैं, और कुछ नहीं। ये सारे ज्ञान स्वयं ईश्वर है। वेद संस्कृत भाषा के महान् ग्रन्थ हैं। हम अपने देश में वेदपाठी के सममुख नतमस्तक होते हैं, भौतिक शास्त्र के विशेषज्ञ की हम कोई चिंता नहीं करते। यह अन्धविश्वास ही है। यह बिल्कुल ही वेदानत नहीं। यह कोरा जड़वाद है। ईश्वर के लिए समस्त ज्ञान पवित्र है। ज्ञान ही ईश्वर है। अननत ज्ञान पूर्ण मात्रा में प्रत्येक जीवधारी में निहित है। तुम वास्तव में अज्ञानी नहीं, भले ही ऐसा दिखायी पड़े। तुममें से प्रत्येक ईश्वरावतार है। तुम सर्व शक्तिसम्पन्न सर्वान्तर्यामी, दिव्यस्वरूप के अवतार हो। हो सकता है, मेरी बातों पर तुम्हें हँसी आये, किन्तु वह समय दूर नहीं, जब तुम इसे समझ सकोगे। तुम्हें समझना पड़ेगा। कोई पीछे नहीं रहने पायेगा।

भारत में सम्प्रदायों का आरम्भ तो सफलतापूर्वक हो जाता है, किन्तु कुछ ही वर्षों में वे इसलिए दिवंगत हो जाते हैं कि उनके पीछे कोई ग्रन्थ नहीं होता। यही अन्य देशों में होता है। एकत्ववादी आन्दोलन के उत्थान और पतन के इतिहास को लो। वह तुम्हारे राष्ट्र के सर्वोच्च चिन्तन का प्रतीक है। मेथाडिस्ट, बैप्टिस्ट और इतर ईसाई सम्प्रदायों

 ISBN : 978-93-80216-12-6

की भांति उसका प्रचार क्यों नहीं हो सका? कारण स्पष्ट है। उसका अपना कोई ग्रन्थ न था। ठीक विपरीत यहूदियों को देखो। मुट्ठी भर लोग, हर राष्ट्र से खदेड़े जाकर भी संघटित हैं, क्योंकि उनका अपना धर्मग्रन्थों की बदौलत ही जीवित है? आज जितने भी जीवित धर्म हैं, उनमें से प्रत्येक का अपना स्वतंत्रा धर्मग्रन्थ है। धर्म की दूसरी आवश्यकता है व्यक्ति विशेष के प्रति पूज्य भाव। यह विशिष्ट व्यक्ति विश्व के स्वामी या महान् उपदेशक के रूप में पूजा जाता हैं। मनुष्य के लिए किसी देहधारी मानव की उपासना करना अनिवार्य है। कोई अवतारी पुरुष, पैगम्बर या महान् नेता मानव हो चाहिए ही। सारे धर्मों में आज यही बात दिखायी पड़ेगी। हिन्दू और ईसाई धर्मों में अवतार की मान्यता है। बोद्ध, इस्लाम, यहूदी आदि धर्मों में पैगम्बर को गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त है। लेकिन लक्ष्य सबका समान है– उनकी पूजा– भावना किसी व्यक्ति या व्यक्ति समुदाय पर केन्द्रित है।

किसी पैगम्बर का आविर्भाव होता है। वह अपने अनुयायियों को हर तरह के पुरस्कारों का वचन और अनुसरण न करने वालों को चिरन्तन नरक की धमकी देता है और इस प्रकार वह अपने पन्थ का प्रचार करता है। वर्तमान सारे प्रचार शील धर्म घोर कट्टरपंथी है। कोई सम्प्रदाय अन्य सम्प्रदायों से जितनी घृणा करेगा, उतना ही वह सफल होगा और अपने अनुयायियों की संख्या उत्तरोतर बढ़ाता जायेगा। संसार के अधिकतर भागों में भ्रमण करने के उपरान्त और विविध जातियों के मध्य रहने एवं विश्व की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए मैं इसी निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ कि विश्वबन्धुत्व के सम्बन्ध में इतनी बातें होते रहने पर भी प्रस्तुत स्थिति चलती ही रहेगी।

दूसरे, वह व्यक्ति विशेष की अराधना को और भी अधिक अग्राह्य मानता है। तुमें से वेदान्त के विद्यार्थी वेदान्त से आशय उपनिशद् है– जानते हैं कि केवल यही धर्म किसी व्यक्ति–विशेष से चिपका नहीं है। कोई भी एक स्त्री या पुरुष वेदानितयों की आराधना का पात्र नहीं

बन सका है। यह सम्भव भी नहीं। कोई मानव किसी पक्षी या कीट की अपेक्षा अधिक पूज्य नहीं होता। हम सब भाई है। अन्तर केवल परिणाम का है जो क्षद्र कीट है, बिल्कुल वही मैं भी हूँ। इस प्रकार तुम देखते हो कि वेदान्त में, किसी व्यक्ति का हमारे आगे खड़ा होना, और हम सबका उसकी आराधना करना, उसका हमें घसीटते हुए आगे बढ़ाना और हमारा उद्धार करना, इसकी सम्भावना ही नहीं है। वेदान्त आपको यह सब नहीं देता। कोई ग्रन्थ नहीं, पूजा के लिए कोई व्यक्ति नहीं, कुछ भी नहीं।

सुरलोक में रहकर हमारी अनुभूति के बिना ही संसार की गतिविधि का आयोजन करने वाले, अपने लीला के लिए शून्य से हमारा सर्जन करने वाले और निज परितोष के लिए हमें आपद्ग्रस्त करने वाले ईश्वर की जगह वेदान्त सर्वान्तर्यामी सर्वव्यापक ईश्वर का निरूपण करता है। इस राष्ट्र से तो राजराजेश्वर की विदाई हो चुकी है। लेकिन वेदान्त से तो स्वर्ग का साम्राज्य सहस्त्रों वर्ष पूर्व ही लुप्त हो गया था।

कोई धर्मग्रन्थ नहीं, कोई व्यक्ति (अवतार) नहीं, कोई सगुण ईश्वर नहीं। इन सभी को जाना होगा। फिर इन्द्रियों को भी जाना पड़ेगा। हम इन्द्रियों के दास नहीं रह सकते। अभी हम बर्फीली नदी से ठण्ड ठिठुरकर मरने वालों की भांति, आबद्ध हैं। सो जाने की ऐसी बलवती ईर्ष्या द्वारा वे लोग आक्रान्त है कि जब उनके साथी उन्हें मृत्यु से सजग कर जाग्रत करना चाहिते हैं, तो वे कहते हैं, “जान जाय बला से। लेकिन नींद हराम न होने पाये।” हम इन्द्रिय–सुख की सस्ती वस्तु के शिकार हैं, भले ही उसमें हमारा सर्वनाश ही क्यों न हो। हमने यह भुला दिया है कि जीवन में और अधिक महान् वस्ताएँ हैं।

एक हिन्दू पौराणिक कथा है कि ईश्वर ने एक बार धरती पर शूक्रावतार लिया। उनकी एक शुक्री भी थी। कालान्तर में उनके कई शूक्र सन्तानें हुई। अपने परिवार वालों के बीच वे बड़े चैन से रहे। कीचड़ में लौटते हुए वे खूब मस्त थे। वे अपनी दिव्य महिमा एवं

 ISBN : 978-93-80216-12-6

प्रभुता भूल बैठे। देवता बड़े चिन्तित हुए। वे धरती पर उतर आये और उनसे शूक्र– शरीर त्यागकर देवलोक लौट चलने की विनती करने लगे। ईश्वर ने उनकी एक न सुनी और उन सबको दुत्कार दिया। वे बोले, "मैं बड़ा प्रसन्न हूँ और इस रंग में भंग देखना नहीं चाहता हूँ।" कोई चारा न देख देवताओं ने प्रभु का शूक्र– शरीर नष्ट कर दिया। तत्क्षण ईश्वर की दिव्य भव्यता लौट आयी और वे बड़े विस्मित थे कि शूक्र–स्थिति में वे प्रसन्न रहे कैसे!

हम इसको शनैः शनैः समझ सकेंगे और तब हम देखेंगे कि स्वर्ग आदि सब कुछ यही हैं, इसी क्षण है और दिव्य सत्ता पर अभ्यासों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यह सत्ता सभी–लोकों एवं स्वर्गों से बढ़कर है। लोगों का विचार हैं कि यह संसार त्रुटिपूर्ण है और वे कल्पना करते हैं कि स्वर्ग कहीं अन्यत्र है। यह संसार बुरा नहीं है। तुम जानों तो यह साक्षात् ईश्वर है। इसका बोध भी दूभर है और इस पर विश्वास करना और भी दुष्कर है। कल फाँसी पर लटकाया जाने वाला हत्यारा भी ईश्वर है, पूर्ण ब्रह्म है। अवश्य ही यह विषय जटिल है, पर वह बोधगम्य हो सकता है।

मनुष्य को कोई सहायता नहीं प्राप्त होने की। न कोई सहायता कभी मिली, मिल रही है और न मिलेगी ही। सहायता की आवश्यकता भी क्या? तुम पुरुष और स्त्री नहीं हो? क्या पृथ्वी के पालक को दूसरों की सहायता चाहिए? क्या तुम लज्जित नहीं होते? तुम खाक बन जाओ तो तुम्हें मदद मिलेगी। पर तुम तो आत्म रूप हो। स्वयं कठिनाइयों से छुटकारा पाओ। कोई तुम्हारा सहायक नहीं है और न कभी होगा। अपनी रक्षा स्वयं करो। यह सोचना कि कोई सहायक हैं, मीठा सपना मात्र है। उससे कोई लाभ नहीं होने का।

एक बार एक ईर्सा मेरे पास आया और बोला–"आप घोर पापी है।" मैंने जवाब दिया–"जी हाँ! मैं पापी हूँ। आप अपना काम देखिए।" वह ईसाई प्रचारक था। उसने मुझे तंग करना न छोड़ा। मैं जब उसे

 ISBN : 978-93-80216-12-6

देखता हूँ, तो भाग खड़ा होता हूँ। वह कहने लगा–"मेरे पास आपके भलाई के लिए कुछ उपाय हैं। आप पापी हैं और नरक में गिरने जा रहे हैं।" मेरा जवाब था–"बहुत खूब! और कुछ?" मैंने उससे प्रश्न किया– "आप कहाँ जाने वाले है?" वह बोल उठा– "मैं स्वर्ग जाने वाला हूँ।" मैंने बता दिया– "मैं नरक जाऊँगा।" उस दिन से उसने पिण्ड छोड़ दिया।

आत्मा के क्षेत्र में भी जहाँ–तहाँ क्षुद्र वासनाएँ प्रक्षेपित होने लगी है। मैं कई प्रेतात्मा सम्बन्धी सभाओं में गया हूँ। उनमें से एक मैं एक महिला सभानेत्री थी। वे मुझसे बोली–"आपकी माताजी और आपके पितामह मेरे यहाँ आते हैं।" उन्होंने कहा कि "उन्होंने मेरा अभिवादन किया और मुझसे बातें की।" किन्तु माताजी अभी जीवित है! लोगों का यह प्रिय विषय सा हो गया है कि मरने के बाद भी उनके सगे सम्बन्धी सुपरिचित शरीर में ही जी रहे हैं और प्रेतात्मवादी उनके अन्धविश्वास का फायदा उठाते हैं मुझे बड़ा दुःख होगा कि मेरे स्वर्गीय पिता अपने उसी घिनौने शरीर को अभी भी धारण किये हुए है। उनके सभी पितर जड़ावृत हैं, इससे लोगों को सान्त्वना मिलती है। एक सीन पर ईसा मसीह मेरे सामने हाजिर कराये गये। मैं पूछ बैठा, "प्रभो, आप कैसे हैं?" मेरे लिये ये सभी बातें निराशाजनक हैं। यदि वह सन्त महापुरुष अभी भी शरीरधारी हैं, तो हम बेचारे जीवधारियों का क्या होगा? प्रेतत्मवादियों ने उन बुलाये गये सज्जनों में से किसी को छूने नहीं दिया। यदि वह सब सच भी है, तो भी मुझे उनकी आवश्यकता नहीं। मैं सोचता हूँ– "माँ!माँ! ये नास्तिक सचमुच लोगों की यही समुचित सांसा है। केवल पंचेन्द्रियों की वासना मात्र हैं। यहाँ के पदार्थों से तृप्त न होकर मरने के बाद भी उन्हीं को और अधिक पाने के इच्छुक है।"

यह वेदान्त सर्वत्र है, केवल तुम्हें उससे अवगत होना है। ये निरर्थक विश्वासपुंज एवं अन्धविश्वास समूह ही हमारी प्रगति में बाधक है। अगर

 ISBN : 978-93-80216-12-6

सम्भव हो तो हम इन्हें दूर फेंके और यह समझें कि ईश्वर सत्य–आत्मा के द्वारा एक उपास्य आत्मा है। अब अधिक बनने का प्रयत्न मत करो। भौतिकता को दूर हटाओ! ईश्वर की धारणा यथार्थतः आध्यात्मिक होनी चाहिए। ईश्वर सम्बन्धी अन्य आदर्श जो न्सूनाधिक रूप में जड़वाद से प्रेरित हैं, उन्हें अवश्य ही विदा दो। जब मानव अधिकाधिक आध्यात्मिक होगा, तो उसे निरर्थक विचारों को दूर फेंकना होगा, उन्हें पीछे छोड़ आना होगा। वस्तुतः प्रत्येक देश में कुछ ऐसे पुरुष हुए हैं, जो भौतिकता के परित्याग के लिए शक्तिमान हो एवं आत्मा के अमर आलोक में खड़े होकर आत्मा की आत्मा से आराधना करते हैं।

सारे संसार में धर्मक्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तियों में बहुतेरे वास्तव में राजनीतिक कार्यकर्ता ही रहे हैं। यही मानव इतिहास रहा है। किसी से समझौता न करते हुए शायद ही उन्होंने सत्य का अनुशीलन किया हो, वे लोग सदा ही समूह या समाज नामधारी ईश्वर के उपासक रहे है। अधिकतर जनसमुदाय के अन्धविश्वासों और दुर्बलताओं के समर्थक से ही उनका सम्बन्ध रहा है। प्रकृति पर विजय–प्राप्ति उनका लक्ष्य नहीं, बल्कि अपने को प्रकृति के अनुकूल बनाने में लगे रहना उनका साध्य है– और कुछ नहीं। भारत में जाकर किसी नये धर्म का प्रचार करो–वे अपना कान हटा लेंगे। लेकिन यदि तुम बताओं कि यह वेद से उद्भत है, तब वे कहेंगे, 'यह ठीक है।' मैं यहाँ इस मत शिक्षा दे सकता हूँ, किन्तु तुममें से ऐस कितने हैं, जो इसे ध्यानपूर्वक स्वीकार करेंगे? पर यह पूर्णतया सत्य है, और मुझे तुम्हारे लिए इसका प्रतिपादन करना ही है।

ईसा मसीह के उद्गार थे, "परम पिता और मैं दोनों अभिन्न है', और तुम इसे दुहराते हो, फिर भी मनुष्य के लिए यह सहायक सिद्ध नहीं हुआ। लगभग बीस सदियों तक मानव इस उद्गार का मर्म न जान सके। ईसा मानवों के रक्षक ठहराये गये। वे ईश्वर और हम कीड़े है। यही हाल भारत में भी है। हर देश में यही धारणा प्रत्येक सम्प्रदाय

 ISBN : 978-93-80216-12-6

विशेष की रीढ़ है। सैंकड़ों, हजारों वर्षों से दुनिया में लाखों–करोड़ो की संख्या में जगदीश्वर, अवतारी पुरुष, उद्धारक, पैगम्बर आदि की आराधना व्यक्ति को प्रेरित करती आयी है। लोगों को यही सिखाया गया है शिकवे असहाय हैं, दुःखी जीव है और मुक्ति के लिए किसी व्यक्ति विशेष या व्यक्ति समूह पर ही उनको आश्रित रहना है। इन विश्वास भावनाओं में अद्भुत तत्व है अवश्य। किन्तु वे अपनी चरमावस्था में भी धर्म की शिशु शालाएँ मात्र हैं, और उनसे किसी को कोई खास सहायता नहीं मिली। मानव एक प्रकार के सममोहन के द्वारा अति अधर्मावस्था को प्राप्त हो गया है। हाँ, इस दशा में भी कुछ ऐसे स्थितिप्रज्ञ लोग हैं जो इस मोह–जाल को काट फेंकते है। महापुरुषों के आविर्भाव का अनुकूल समय आयेगा और उनके सतत प्रयास से धर्म की ये शिशु शालाएँ विनष्ट हो जायेगी और यथार्थ धर्म–आत्मा से आत्मा की आराधना–अधिक सजीव और शक्तिशाली हो सकेगा।

वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में स्वामी विवेकानन्द के शिक्षा–दर्शन का महत्त्व–वर्तमान समय में हमारा राष्ट्र कई समस्याओं से जूझ रहा है। इनमें से अधिकांश समस्याओं की जड़ है शिक्षा का अभाव। अगर हम अपने राष्ट्र की उन्नति चाहते हैं तो इन समस्याओं को जड़ से समाप्त करना होगा। इसका उपाय हम स्वामी विवेकानन्द के शिक्षा–दर्शन से प्राप्त कर सकते हैं। एक देशभक्त होने के नाते विवेकानन्द जन–जन के लिए शिक्षा को आवश्यक मानते थे जो उनकी नजर में राष्ट्र की उन्नति का एक मात्र संभव मार्ग है। उनके अनुसार शिक्षा वह है जो अंदर से बाहर की तरफ आये न कि बाहर से थोपा जाये। इसके आधार में स्वामीजी ने धार्मिक उत्थान एवं आत्मज्ञान को रखा। इन्हीं से शिक्षा में आत्मानुशासन की प्रवृत्ति आती है। शिक्षा का उद्देश्य मात्र धनोपार्जन नहीं अपितु इसका चरम लक्ष्य है संपूर्ण मानव का निर्माण। शिक्षा के माध्यम से ही स्वधर्म की प्राप्ति, चरित्र निर्माण, मानसिक दृढ़ता एवं बुद्धि की तीक्ष्णता आती है। साथ ही विवेकानन्द ने शारीरिक स्वास्थ्य

ISBN : 978-93-80216-12-6

एवं (जीविकोन्मुखी) प्रायोगिक शिक्षा पर भी बल दिया। इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम, आस्था, सिद्धांत, एकाग्रता एवं अपनी गलतियों से सीखने की कला आनी चाहिए। इन सबका पालन करते हुए शिक्षक एवं विद्यार्थी सही शिक्षा पद्धति पर चलकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। विवेकानन्द ने शिक्षा के सरलीकरण पर विशेष जोर दिया। उनके अनुसार बच्चों को नैसर्गिक विकास हेतु छोड़ देना चाहिए वहीं शिक्षक का कर्त्तव्य है कि वह मार्ग की बाधाएँ हटाता हुआ साथ रहे। इस प्रकार विवेकानन्द ने हमें एक ऐसा मार्ग दिखाया जिस पर चलकर हम राष्ट्र की उन्नति का सपना साकार कर सके।

भारतवर्ष में हम शिक्षा को मोक्ष के उपाय के रूप में देखते हैं। यहाँ शिक्षा वह माध्यम है जिससे चरित्र के माहनतम गुणों को प्राप्त किया जा सकता है। यही शिक्षा का महत्तम उद्देश्य है। परन्तु इन सबसे पहले शिक्षा वह कुंजी है जो रोजमर्रा के कुछ मूलभूत एवं व्यवहारिक समस्या रूपी ताले को खोल सके।

हम सभी वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में आयी खामियों की बात करते हैं। इसके प्रभाव– दुष्प्रभाव की आलोचना करते हैं। परन्तु सिर्फ कमियाँ गिनाने से हमारा काम पूरा नहीं हो जाता है। यदि हमें शिक्षा व्यवस्था को सकारात्मक रूप से बदलना है तो किसी आधारभूत सिद्धांत का सहारा लेना होगा और इस क्षेत्र में वर्तमान शिक्षा में आदर्श–पुरुष के रूप में मुझे स्वामी विवेकानन्द का नाम सर्वाधिक सार्थक प्रतीत होता है। विवेकानन्द आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने कि वे अपने जीवनकाल में थे। उनके शिक्षा संबंधी विचार जितने गहरे आदर्श से जुड़े हैं उतने ही व्यवहारिक भी हैं। यहाँ हमें दर्शन एवं प्रायोगिकता का अनूठा संगम देखने को मिलता है।

विवेकानन्द के शिक्षा दर्शन को समझने के क्रम में दो मुख्य बिन्दु आते हैं – जन/सार्वजनिक शिक्षा एवं धर्म।

जन–शिक्षा– विश्व का कोई भी देश अशिक्षित जनता के साथ

विकसित नहीं हो सकता है। विवेकानन्द ने पश्चिम के देशों की यात्रा की एवं देखा कि वहाँ सम्पन्नता तथा समृद्धि है जबकि हमारे देश में गरीबी एवं अभाव। इस अंतर का कारण उन्होंने शिक्षा में ही पाया।

आज भी हमारा भारतवर्ष दरिद्रता, भूख, असामाजिकता, तत्व, अपराध, बेरोजगारी, आर्थिक संकट, अज्ञान जैसे समस्याओं से जूझ रहा है। इनसे संघर्ष द्वारा विजय पाने के लिए भी हम विवेकानन्द के दिखाये हुए रास्ते पर चल सकते हैं। विवेकानन्द सदा से गरीबों एवं कमजोरों के परम मित्र रहे हैं। असहाय भारतीय जनता का उत्थान उनका प्रमुख उद्देश्य रहा है। इसके समाधान एवं विकास के लिए शिक्षा को ही उन्होंने अपना हथियार बनाया। एक सच्चे देशभक्त के रूप में वे सदा ही भारत की निरीह जनता के प्रति संवेदनशील रहे। स्वामी जी के शब्दों में जब तक हमारे देश में लाखों लोग भूख और अज्ञान में जीवन–यापन करेंगे; मैं हर उस इंसान को विश्वासघाती ठहराऊँगा जो उन लाखों लोगों की कीमत पर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और उन लोगों पर ध्यान मात्र नहीं देते हैं। यह हमारा राष्ट्रीय पाप है कि हम जनता को अनदेखा करें और यही एकमात्र कारण है कि हमारा देश अवनति के मार्ग पर चल पड़ा है। कोई भी राजनीतिक प्रयास देश का उद्धार तब तक नहीं कर सकती जब तक कि जनता अच्छी तरह शिक्षित न हो एवं उसे भरपूर पोषण–संरक्षण न मिले।

शिक्षा तभी सार्थक होगी जब वह जन–जन तक पहुँचे क्योंकि एक–एक व्यक्ति से ही समाज बनता है। यह शिक्षा ही लोगों में आत्म सम्मान की भावना को बढ़ायेगी तथा पूर्ण शिक्षित व्यक्ति ही अपने देश की उन्नति में सक्रिय भूमिका अदा कर सकता है।

धर्म– भारतवर्ष में भाषा, जाति, संस्कृति आदि की विविधता है इसलिए जनता में शिक्षा का आलोचक बिखरने हेतु एक सार्वजनिक एवं सामान्य मंच की आवश्यकता है। स्वामी विवेकानन्द ने धर्म को ही इस मंच के रूप में अपनाया।

यहाँ धर्म से तात्पर्य किसी सम्प्रदाय विशेष, जैसे– हिन्दू या ईसाई से नहीं है। धर्म अर्थात् वे शाश्वत तत्व जो मनुष्य को आत्मबोध करवाने में सहायक होते हों। यह आत्मबोध ही लोगों के मध्य सभी प्रकार के भेद–भाव को समाप्त कर देता है। हम अन्य सभी को आत्मवत ही देखने लगते हैं। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है। मानसिक क्षमता में वृद्धि होती है। यह आंतरिक शक्ति ही धर्म है एवं ठीक इसके विपरीत किसी भी प्रकार की मानसिक कमजोरी ही पाप है। यह कमजोरी हर प्रकार के बुरे कर्म एवं बुरी सोच के मूल में है।

विवेकानन्द उपनिषदों की सहायता से शक्ति, निर्भयता एवं सत्य का संदेश देते हैं; जो किसी भी धर्म की प्रारंभिक शर्त है और यही शिक्षा के प्रसार में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

अब हम देखते हैं विवेकानन्द के लिए शिक्षा का क्या तात्पर्य है–

" Education is the manifestation of perfection already in man."

(अर्थात– शिक्षा मनुष्य के अंतर में पहले से स्थित पूर्णता को व्यक्त करने का माध्यम है।)

वास्तविक ज्ञान कभी बाहर से नहीं आता यह व्यक्ति के अंतर में आविष्कृत होता है। यह स्वतः ज्ञेय है। शिक्षा का कार्य है मस्तिष्क/मन में उपस्थित ज्ञान को आवरण मुक्त करना तत्कालीन विश्वविद्यालय की शिक्षा पर टिप्पणी करते हुए स्वामी जी ने कहा कि यह मात्र एक मशीन है जो तत्परता से कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारी उत्पन्न करती है। यह लोगों को उनके विश्वास से आस्था से वंचित कर देती है। शिक्षा को उन सूचनाओं के समतुल्य समझना भी गलत है जिन्हें दिमाग में भर दिया जाता है, जो स्वयं में ही उलझकर रह जाती हैं एवं जीवन भर उनका कोई सार्थक उपयोग नहीं हो पाता है।

इसके विपरीत शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए स्वधर्म की प्राप्ति,

 ISBN : 978-93-80216-12-6

चरित्र–निर्माण, मस्तिष्क का विकास (बौद्धिक विकास), बुद्धि की तीक्ष्णता एवं आत्मनिर्भरता।

स्वधर्म की प्राप्ति– प्रत्येक व्यक्ति का विकास एक अनोखे तरीके से होता है। कोई किसी की नकल करे ऐसा संभव नहीं। बाहरी दबाव द्वारा विनाशक वृत्तियों का ही विकास होता है जो जिद् एवं अव्यवस्था को जन्म देती हैं। अगर हम किसी बच्चे को स्नेह, स्वतंत्रता एवं सहानुभूति प्रदान करते हुए उसके अपने तरीके तथा अपन क्षमतानुसार बढ़ने का अवसर प्रदान कण्रें तभी उसका पूर्ण विकास संभव है एवं इसी प्रकार वह अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकता है। यह ठीक वैसा ही काम है जैसा पौधे को विकास में की गयी मदद। माता–पिता एवं शिक्षकों को बच्चे पर अपनी इच्छा नहीं थोपनी चाहिए।

चरित्र–निर्माण– आत्मविश्वास का प्रथम चरण है चरित्र निर्माण। यह शरीर एवं मन पर विषम परिस्थिति में भी नियंत्रण रखने का पर्याय है। यह व्यक्तिगत आदर्शों पर निर्भर करता है। इसके लिए शिक्षकों द्वारा व्यवहारिक उदाहरण दिये जा सकते हैं।

शारीरिक स्वास्थ्य– स्वामीजी ने शारीरिक स्वास्थ्य पर विशेष बल दिया है, क्योंकि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन को धारण कर सकता है। उपनिषदों के अनुसार भी दुर्बल शरीर के स्वामी को आत्मज्ञान नहीं हो सकता है।

वृत्तिमूलक/ कौशल संबंधी शिक्षा– विवेकानन्द ने शिक्षा के प्रायोगिक पक्ष पर भी बल दिया है। यह शिक्षा मनुष्य को आत्मनिर्भर बनाती है। इसकी मदद से लोग नौकरी न ढूँढकर स्वयं किसी व्यवसाय की शुरुआत कर सकते हैं। विवेकानन्द के शब्दों में – "We need technical education and all else which may develop industries, so that men, instead of seeking for service, may earn enought to provide for themselves, and save something against a rainy day."

 ISBN : 978-93-80216-12-6

विवेकानन्द की दृष्टि में शिक्षा का अंतिम लक्ष्य है 'मानव निमार्ण'। यदि शिक्षा, मानव में सभी संभावित गुणों के विकास में सक्षम होती है तभी हम कह सकते हैं कि शिक्षा का वास्तविक लक्ष्य पूरा हुआ।

शिक्षा के इन लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु आवश्यक तत्त्व है––कठिन परिश्रम एवं एकाग्रता, गलतियों से सीखना एवं विश्वास/आस्था।

कठिन परिश्रम एवं एकाग्रता– किसी भी प्रकार के कार्य के लिए कठिन परिश्रम आवश्यक है। लक्ष्य के प्रति समर्पण एवं उसकी प्राप्ति के लिए हर संभव प्रयास ही उत्तम मार्ग है। लेकिन सिर्फ परिश्रम से काम नहीं बनता है। उसके साथ एकाग्रता की भी आवश्यकता पड़ती है। यदि हमारा ध्यान भटकता रहे तो कड़ी मेहनत के बाद भी संभव है कि लक्ष्य की प्राप्ति न हो। संघर्ष हमारा सर्वश्रेष्ठ शिक्षक एवं एकाग्रता ही शिक्षा प्राप्त करने का एकमात्र रास्ता है।

गलतियों से सीखना– हमेशा अपनी गलतियों पर अफसोस करना एवं यह सोचकर डरना कि आगे भी यही गलती दोबारा हो जाएगी; जीने का गलत तरीका है। इसके बदले हमें जीवन में आगे कुछ अच्छा करने की सोच रखनी चाहिए। गलतियों से सबक लेना चाहिए ताकि उन्हें बिना दोहराये आगे बढ़ सकें। गलतियाँ ही इस प्रकार हमारे सफलता की सीढ़ी बन सकती है।

विश्वास/आस्था– आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए हमें अपना सम्मान करना चाहिए। अपनी क्षमता पर विश्वास होना चाहिए। इसी से लक्ष्य प्राप्ति की प्रेरणा मिलती है। माता–पिता को बच्चों के प्रति नकारात्मक सोच नहीं रखनी चाहिए, उन पर भरोसा रखना चाहिए। विद्यार्थी भी शिक्षकों पर आस्था रखे तो विद्यालय में जीवन में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

अब हम देखते हैं शिक्षा के तीन महत्वपूर्ण कारकों पर स्वामी विवेकानन्द क्या सोचते हैं। ये हैं–– शिक्षक, विद्यार्थी एवं शिक्षण विधि।

 ISBN : 978-93-80216-12-6

शिक्षक– शिक्षक को अपने विषय पर पूरा अधिकार होनो चाहिए। उसका उद्देश्य धन या यश की प्राप्ति नहीं अपितु मानवता के प्रेम के लिए कर्म होना चाहिए। विद्यार्थियों के प्रति उनके मन में सहानुभूति हो, यह जरूरी है। शिक्षक से यह अपेक्षित है कि वह विद्यार्थियों के अंदर पहले से मौजूद पूर्णता को उभारे। ऐसा करते हुए शिक्षक स्वतः ही विद्यार्थी की श्रद्धा एवं प्रशंसा का पात्र बन जाते हैं। यथार्थ शिक्षक में यह क्षमता होनी चाहिए कि वह विद्यार्थी को उसके स्तर पर आकर समझे एवं समझाये।

विद्यार्थी– एक विद्यार्थी के लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है– अनुशासन। यह बाहर से नहीं अंदर से उपजना चाहिए। आत्मानुशासन सर्वोत्तम गुण है जो अन्य गुणों की आधार–शिलाा है। शब्द एवं कर्म की पवित्रता, ज्ञान–पिपासा, कठिन परिश्रम, समर्पण, श्रद्धता, उत्साह, सहनशीलता, सत्यान्वेशन, शिक्षक पर आस्था एवं आत्मनियंत्रण– विद्यार्थी के अन्य वांछित गुण हैं। ये सभी गुण शिक्षक के उचित मार्गदर्शन एवं अनुकूल वातावरण में विकसित किये जा सकते हैं।

शिक्षण विधि– हमें लक्ष्य के साथ शिक्षण विधि पर भी ध्यान देना चाहिए। शिक्षा ऐसी दी जाए जिससे विद्यार्थी की स्वच्छंदता नष्ट न हो। शिक्षक का धर्म है कि वह मार्ग की बाधाएँ हटाता रहे ताकि विद्यार्थी अपने अंदर छिपे ज्ञान की अनंत संभावनाओं से साक्षात्कार कर सके।

निष्कर्षतः हम यह कह सकते हैं कि स्वामी विवेकानन्द के शिक्षा दर्शन की धुरी है– धार्मिक उत्थान एवं चरित्र निर्माण। वे चाहते थे कि शिक्षा अत्यंत स्वाभाविक एवं सरल पद्धति से दी जाए। वर्तमान समय में आत्मानुशासन, शिक्षक एवं विद्यार्थी दोनों के लिए आवश्यक है क्योंकि यही पूर्ण मानव का निर्माण करती है। पूर्ण मानव बने बिना शिक्षा कभी पूरी नहीं हो सकती। मानवता के बिना डिग्री या नौकरी मूल्यहीन है। विवेकानन्द के शब्दों में – "When you have men who are ready to sacrifice their everything for their coun-

 ISBN : 978-93-80216-12-6

try, sincere to the back bone- when such men arise, India will become great in every respect."

अर्थात् शिक्षा ही हमें वह दृष्टि प्रदान करती है जिसके साथ हम अपना सर्वस्व न्यौछावर करके भी देश की उन्नति के महायज्ञ में शामिल हो जाते हैं। ऐसी शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण में सक्षम एवं सच्ची शिक्षा है।

संदर्भ–

1. *Sen, Amiya P. (2000), 'Swami Vivekananda', New Delhi: Oxford University Press.*
2. *Gupta Asha (1998), Vivekananda', Delhi: Atmaram and sons Publications.*
3. *Saiyidain, K.G. (1970), 'Facts of Indian Education', Delhi: NCERT*
4. *Saiyidain, K.G. (1958), 'Education, Culture and Social Order', Delhi: Asia Publication House*
5. *Radhakrishnan, S. (1984), 'True knowledge', Delhi: Ravindra Printing Press.*
6. *Radhakrishnan, S. (1972), 'Indian Philosophy Vol. I μ II', London: George Allen and Unwin Ltd.*
7. *Sharma, D.S.(1961), 'The Upanishads, An Anthology', Bombay: Bharatiya Vidhya Bhavan.*

 ISBN : 978-93-80216-12-6

स्वामी विवेकानन्द का शिक्षा दर्शन

डॉ. दीप्ति वाजपेयी
असि. प्रो., संस्कृत विभाग
कु.मा.रा.म.स्ना. महा. बादलपुर

शिक्षा मनुष्य में अन्तर्निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति है। ज्ञान अभाव की नहीं वरन् भाव की संज्ञा है। वस्तुतः ज्ञान प्राप्त करने का अर्थ अप्रकट को प्रकट अवस्था में लाना है। ज्ञान मनुष्य में स्वभाव–सिद्ध है। वह हमारे अन्तस् में विद्यमान है ज्ञान बाह्य प्रयासों से अथवा स्वाभाविक प्रक्रिया से अनावृत होता है। स्वामी विवेकानन्द जी शिक्षा को मानव में निहित एवं स्वभाव–सिद्ध ज्ञान का प्रकटीकरण मानते है। वह कहते है– "कोई ज्ञान बाहर से नहीं आता; सब अन्दर ही है। हम जो कहते है कि मनुष्य जानता है, यथार्थ में, मानव शास्त्र संगत भाषा में हमें कहना चाहिए कि वह अविष्कार करता है, अनावृत या प्रकट करता है। मनुष्य जो कुछ सीखता है वह वास्तव में 'अविष्कार करना' ही है। अविष्कार का अर्थ है– मनुष्य का अपनी अनन्त ज्ञान रुप आत्मा के ऊपर से आवरण को हटा लेना।"

<u>शिक्षा का स्वरूप</u>– वस्तुतः विश्व का असीम ज्ञान भण्डार स्वयं हमारे अन्दर है। शिक्षा तो एक सुझाव, एक प्रेरक मात्र है, जो हमें अपने ही मन का अध्ययन करने के लिए प्रेरित करती है। इस प्रकार विवेकानन्द जी ज्ञान को अभाव या असत्ता की उत्पत्ति नहीं वरन् अप्रकट का प्रकटीकरण मानते है। समस्त ज्ञान, चाहे वह लौकिक हो या आध्यात्मिक मनुष्य के अन्तस् में विद्यमान है। प्रारम्भ में सामान्यतः वह प्रकाशित न होकर अप्रकट रहता है। शिक्षा के माध्यम से ज्ञान पर पड़ा आवरण धीरे–धीरे हटता जाता है और हम सामान्य भाषा में उसे सीखना कहते है। जिस व्यक्ति के ज्ञान पर पड़ा आवरण अनावृत नहीं होता वह अज्ञानी कहा जाता है। जिसका आवरण पूर्णतः हट जाता

 ISBN : 978-93-80216-12-6

है वह सर्वज्ञाता बन जाता है और उसे सर्वज्ञ या सर्वदर्शी कहते है। भाव यह है कि बीज में निहित वृक्ष से समान, चकमक पत्थर में व्याप्त अग्नि के समान, ज्ञान मन में निहित है तथा उद्दीपक कारण ही वह घर्षण है, जो ज्ञानाग्नि को प्रज्जवलित कर देता है।

स्वामी विवेकानन्द जी मानते है कि कोई अन्य व्यक्ति आपको कुछ सिखा नहीं सकता। व्यक्ति स्वयं अपने अनुभवों या प्रयासों से ही सीखता है। शिक्षक या गुरु तो मात्र सीखने के लिए उत्तम वातावरण का निर्माण करते है। वह ज्ञान के अविष्करण हेतु उद्दीपक का कार्य करते है। ज्ञान का प्रस्फुटीकरण व्यक्ति स्वयं अपने अन्तस् से करता है। जिस प्रकार एक विशाल वट वृक्ष छोटे से बीज में सिमटा रहता है तथा खाद–पानी के सानिध्य से विशाल रुप में परिणत हो जाता है तदैव समस्त ज्ञान एवं शक्ति–राशि हमारे अन्दर ही प्रसुप्त या अव्यक्त रुप में निहित होती है भले ही हम उसका बोध कर पाते है या नहीं। इस शक्ति या ज्ञान भंडार का बोध होना ही सामान्य भाषा में शिक्षा द्वारा ज्ञान में अभिवृद्धि कही जाती है।

शिक्षा का उद्देश्य– स्वामी विवेकानन्द जी के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य है– "मनुष्य का निर्माण, चरित्र का निर्माण"। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जिससे चरित्र निर्माण हो, मानसिक बल बढ़े बुद्धि का विकास हो तथा मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सके। उनके शब्दों में– "सभी प्रकार की शिक्षा और अभ्यास का उद्देश्य 'मनुष्य' निर्माण ही होना चाहिए। सारे प्रशिक्षणों का अन्तिम ध्येय मनुष्य का विकास करना ही है। जिस प्रक्रिया से मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रवाह और प्रकाश संयमित होकर फलदायी बन सके उसी का नाम शिक्षा है। हम मनुष्य बनाने वाला धर्म चाहते हैं। हम मनुष्य बनाने वाला सिद्धान्त ही चाहते हैं। हम सर्वत्र, सभी क्षेत्रों में 'मनुष्य' बनाने वाली शिक्षा ही चाहते हैं।"

इस प्रकार विवेकानन्द जी ने सच्चा मनुष्य बनना शिक्षा का उद्देश्य

 ISBN : 978-93-80216-12-6

माना है। सच्चे मनुष्य का अर्थ है– चरित्रवान मानव। उनके मत में शिक्षा चरित्र–गठन के लिए होनी चाहिए। मनुष्य का चरित्र उसकी विभिन्न प्रवृत्तियों की समष्टि है, उसके मन के समस्त झुकावों का योग है। हमारा व्यक्तित्व हमारे विचारों का परिणाम है। प्रत्येक विचार हमारे व्यक्तित्व को आकार प्रदान करता जाता है और हम जो बनना चाहते हैं, बनते चले जाते हैं। इस विश्वास को सुदृढ़ कर आत्मविश्वास जागृत करना ही शिक्षा का उद्देश्य है। वह कहते हैं– "अगर तुम सोचो कि मैं कुछ हूँ, मुझमें शक्ति है तो सचमुच तुममें शक्ति आ जाएगी। यह एक महान सत्य है जिसका तुम्हें स्मरण रहना चाहिए। हम उस सर्वशक्तिमान प्रभु की सन्तान हैं, उस अनन्त ब्रह्माग्नि की चिन्गारियाँ हैं, हम सब कुछ हैं, सब कुछ करने को तैयार हैं और सब कुछ कर सकते हैं इस दृढ़–आत्मविश्वास की प्रेरणा शक्ति ही हमें उन्नति का मार्ग दिखा सकती है।"

इस प्रकार भारतीय पुनर्जागरण के कर्णधार स्वामी विवेकानन्द चरित्र निर्माण के माध्यम से व्यक्तित्व के निर्माण को शिक्षा का उद्‌देश्य मानते हैं। शिक्षा का उद्‌देश्य मानव में अन्तर्निहित पूर्णता की श्रेष्ठतम अभिव्यक्ति है। समस्त ज्ञान एवं शक्तियाँ मनुष्य–मन में निहित है उन्हें अनावरित करना ही शिक्षा है।

शिक्षा–विधि– स्वामी विवेकानन्द ज्ञान का स्रोत मनुष्य मन में अंतर्निहित मानते हैं अतः ज्ञान प्राप्ति के लिए एक ही भाव की आवश्यकता बताते है और वह है– 'एकाग्रता'। मन की एकाग्रता ही शिक्षा का सम्पूर्ण सार है। ज्ञानार्जन के लिए प्रत्येक व्यक्ति को एकाग्रता के मार्ग का अवलम्बन करना पड़ता है। एकाग्रता की शक्ति जितनी अधिक होगी, ज्ञान की प्राप्ति भी उतनी ही अधिक होगी। एकाग्रता ही आवरण को हटा कर ज्ञानरुपी प्रकाश को बाहर फैलाती है। उनके अनुसार– "किसी भी कार्य की सफलता एकाग्रता पर निर्भर करती है। कला, संगीत आदि में अत्युच्च प्रवीणता इसी एकाग्रता का फल

 ISBN : 978-93-80216-12-6

है। विश्व का समस्त ज्ञान अपना रहस्य खोल देने के लिए तत्पर है केवल हमें यही जानना है कि इसके लिए किस तरह दरवाजा खटखटाया जाए या आवश्यक आघात कैसे किया जाए। खटखटाने या आघात करने की शक्ति और दृढ़ता एकाग्रता से प्राप्त होती है।"

इस प्रकार विवेकानन्द जी एकाग्रता की शक्ति को ज्ञान के खजाने की एकमात्र कुंजी मानते हैं। अतः शिक्षा–विधि के रुप में शिक्षक को स्वयं एकाग्रचित्त होकर ज्ञानार्जन हेतु शिष्य की एकाग्रता हेतु वातावरण निर्माण करना ही सर्वोत्तम शिक्षाविधि है।

शिक्षक एवं शिक्षार्थी– स्वामी विवेकानन्द के मत में शिक्षक जाज्वल्यमान अग्नि के सदृश चरित्र वाले होने चाहिए जिससे उच्चतम शिक्षा का सजीव आदर्श शिष्य के सामने रहे। वह मानते हैं कि आदर्श शिक्षक में तीन विशिष्ट गुण होने चाहिए। पहला गुण यह है कि उसे शास्त्रों का मर्म ज्ञात हो। उसने स्वयं शास्त्रों का सार-तत्त्व जीवन व चरित्र में ढाल रखा हो अन्यथा उसका ज्ञान केवल शब्द राशि होगा उसमें प्राण तत्त्व का अभाव होगा और इस तरह का ज्ञान जिसमें प्राणतत्त्व का अभाव हो शिष्य में चेतना जागृत नहीं कर सकता।

गुरु के लिए दूसरी आवश्यक बात है– 'निष्पापता'। अपने अन्दर आध्यात्मिक सत्य की उपलब्धि करने और दूसरों में उसका संचार करने का एकमात्र उपाय हृदय एवं मन की पवित्रता है। गुरु को पूर्णरूप से शुद्धचित्त होना चाहिए तभी उसके शब्दों का मूल्य होगा।

गुरु का तृतीय गुण उसकी स्वार्थरहितता एवं विशुद्ध प्रेम से परिपूर्ण होना है। गुरु को धन, नाम या यश सम्बन्धी स्वार्थ–सिद्धि हेतु शिक्षा नहीं देनी चाहिए। उसके कार्य समस्त मानव जाति के प्रति विशुद्ध प्रेम से प्रेरित होने चाहिए।

उपर्युक्त गुणों से परिपूर्ण शिक्षक सीखने हेतु सर्वोत्तम वातावरण का सृजन कर सकता है क्योंकि सीखना अर्थात् ज्ञान का बोध तो स्वयं

 ISBN : 978-93-80216-12-6

शिष्य ही कर लेगा, आवश्यकता मात्र उद्दीपन की है। स्वामी जी के शब्दों में– "जिस प्रकार पौधा अपनी प्रकृति का विकास अपने आप ही कर लेता है, उसी प्रकार बालक भी स्वयं को शिक्षित करता है। पर हाँ, तुम उसे अपने ढंग से आगे बढ़ने में सहायता दे सकते हो। तुम जो कर सकते हो, वह निषेध–आत्मक होगा, विधि–आत्मक नहीं। तुम केवल बाधाओं को हटा सकते हो और ज्ञान स्वाभाविक रुप से प्रकट हो जायेगा। बीज से उगते हुए पौधे की शारीरिक बनावट के लिए तुम मिट्टी, पानी व समुचित वायु का प्रबन्ध कर सकते हो, बस यही तुम्हारा कार्य समाप्त हो जाता है। पौधा अपने आप बढ़ता है। ऐसा ही शिक्षा के बारे में है। बालक स्वयं अपने–आप को शिक्षित करता है। समस्त ज्ञान मनुष्य के अन्तर में अवस्थित है, उसे केवल जागृति, केवल प्रबोधन की आवश्यकता है और बस इतना ही शिक्षक का कार्य है।"

इस प्रकार विवेकानन्द जी के मत में शिक्षक, शिष्य में ज्ञान का आरोपण नहीं करता वरन् ज्ञान के अनावरण हेतु वातावरण का निर्माण करता है।

शिक्षक की भाँति स्वामी जी शिष्य में भी कतिपय गुणों की अनिवार्यता स्वीकार करते हैं। उनके अनुसार शिष्य सत्य का बोध तभी कर पाता है जब वह सब प्रकार से इच्छाओं का परित्याग कर दें। इच्छाएँ सत्य के उदय में अवरोधक का कार्य करती है। विवेकानन्द जी के शब्दों में– "आत्मनिग्रह अन्य सब बहिर्मुखी कर्मों की अपेक्षा शक्ति की अधिक महत्वपूर्ण अभिव्यक्ति है। किसी स्वार्थपूर्ण उद्देश्य से परिचालित होने पर मन की सारी शक्तियाँ बहिर्मुखी होकर इतस्ततः बिखर जाती है। परन्तु यदि उनका निग्रह किया जाए तो उनसे आत्म बल की अभिवृद्धि होती है।"

इसके अतिरिक्त शिष्य में सच्ची सहनशीलता भी होनी चाहिए। सुख व दुःख किसी भी अवस्था में मन का सन्तुलन खोना नहीं चाहिए।

ISBN : 978-93-80216-12-6

यह सन्तुलन सीखने की प्रक्रिया में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। शिष्य का एकमात्र ध्येय होता है– "उच्चतम सत्य के ज्ञान की प्राप्ति"। इस हेतु उसमें सत्य के बोध की तीव्र आकांक्षा होनी चाहिए। यह तीव्र आकांक्षा सत्य के प्रादुर्भाव का मात्र प्रशस्त करती है। शिष्य के लिए इन गुणों का होना अनिवार्य है। इन गुणों के अभाव में सच्चे गुरु के सम्पर्क में आकर भी ज्ञान का स्फुरण प्राप्त नहीं होगा।

अनुशासन– स्वामी विवेकानन्द जी आत्म–अनुशासन के महत्व को प्रतिपादित करते हैं। शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार का अनुशासन शिक्षा प्रक्रिया का आवश्यक अंग है। मन के सन्तुलन, आत्म–निग्रह तथा सहिष्णुता जैसे गुणों को शिष्य के लिए आवश्यक बता कर स्वामी विवेकानन्द जी स्वानुशासन को ही सर्वोत्तम अनुशासन के रूप में स्वीकार करते हैं। यही नहीं शिक्षा प्रक्रिया व ज्ञान के प्रादुर्भाव में आत्म अनुशासन की अपरिहार्यता को स्पष्ट शब्दों में व्यक्त करते हैं। उनके अनुसार शिष्य को स्वयं अपनी अन्तरिन्द्रियों एवं बहिरिन्द्रियों को नियन्त्रित करना चाहिए। शिष्य को अपना मनोनिग्रह खुद सीखना चाहिए तभी वह ज्ञान का साक्षात्कार कर सकता है।

निष्कर्ष–निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि स्वामी विवेकानन्द जी ने ज्ञान प्राप्ति या शिक्षा को बाह्य आरोपण की विषय–वस्तु नहीं बताया है। ज्ञान तो प्रत्येक व्यक्ति के अन्तस् में स्वयं विद्यमान है आवश्यकता उसे जागृत करने या अनुभूत करने की है। जब वह कहते है–"कभी किसी व्यक्ति ने दूसरे को नहीं सिखाया। हममें से प्रत्येक को अपने–आप सीखना होगा। बाहर के गुरु तो सुझाव या प्रेरणा देने का कारण मात्र है, जो हमारे अन्तःस्थ गुरु को सब विषयों का मर्म समझने के लिए उद्बोधित कर देते हैं। तब फिर सब बातें हमारे ही अनुभव और विचार शक्ति द्वारा स्पष्टतर हो जाएगी और हम अपनी आत्मा में उनकी अनुभूति करने लगेंगे", तो इन्हीं शब्दों में उनके शिक्षा दर्शन का सार निहित है।

 ISBN : 978-93-80216-12-6

उनका उद्देश्य शिक्षा द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को स्वजागृत कर तत्कालीन भारतीय चेतना में नव जागरण लाना था और इस हेतु आवश्यक था कि कोई बाह्य शक्ति नहीं वरन् व्यक्ति की अन्तः चेतना ही सत्य के साक्षात्कार का तथा अन्तर्निहित ज्ञान के प्रादुर्भाव का कारण बने।

आधुनिक सन्दर्भों में भी स्वामी जी के कालजयी विचारों की प्रासंगिकता स्वयं सिद्ध है। समकालीन भारतीय चेतना के जागरण की भाँति वर्तमान समय में भी पुनः भारतीय सांस्कृतिक चेतना को उन्नयन के दूसरे पड़ाव पर ले जाने की आवश्यकता है। हर भारतीय में अक्षय ऊर्जा के संचरण एवं संकल्पशक्ति को जागृत करने हेतु स्वामी विवेकानन्द के युग–युगीन एवं शाश्वत शिक्षा–दर्शन की महती आवश्यकता है। जिसके माध्यम से भारत पुनः आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना के चरम् का स्पर्श कर विश्व का सिरमौर बन सकता है।

संदर्भ–

1. *स्वामी विवेकानन्द, “व्यक्तित्व का विकास”, रामकृष्ण मठ नागपुर।*
2. *स्वामी विवेकानन्द, “वेदान्त” रामकृष्ण मठ, नागपुर।*
3. *स्वामी विवेकानन्द, “शिक्षा”, रामकृष्ण मठ, नागपुर।*
4. *विवेकानन्द साहित्य, अष्टम खण्ड, अद्वैत आश्रम, कलकत्ता।*
5. *भरत कुमार तिवारी, “विवेकानन्द का दार्शनिक चिन्तन”, भारतीय भाषा पीठ, नई दिल्ली।*
6. *रामनाथ शर्मा, “समकालीन भारतीय शिक्षा”, विनीत पब्लिकेशन, मेरठ।*
7. *स्वामी विवेकानन्द, भारत जागरण रामकृष्ण मिशन, नई दिल्ली।*
8. *Dr. Sudipa Dutta Roy] "Education in the vision of Swami Vivekananda".*

वर्तमान परिदृश्य में स्वामी विवेकानन्द के विचारों की प्रासंगिकता

डॉ. अंजु रानी
राजनीति विज्ञान विभाग
एस. डी. (पी. जी.) कॉलेज
दनकौर, गौतम बुद्ध नगर

"उठो, जागृत हो जाओ, लक्ष्य प्राप्ति किए बिना मन रुको।"

देश की राजनीतिक चेतना के साथ–साथ सांस्कृतिक तथा धार्मिक भावनाओं के विकास में अपना बलिष्ठ कन्धा लगाने वालों महर्षि विवेकानन्द का नाम विशेष रूप से स्मरणीय है। महर्षि विवेकानन्द ने जनता को अनुद्योग आलस्य, अकर्मण्यता के स्थान पर उद्योग, परिश्रय और कर्मण्यता का पाठ पढ़ाया। धार्मिक कृत्यों में आडम्बर पूर्ण अर्चना के स्थान पर नवीन मानसिक पूजा को महत्व दिया। रूढ़िवाद की पुरातन छिन्न–भिन्न श्रृंखलाओं को नष्ट करके जनता को धर्म के मूल तत्वों को समझाया। स्वामी विवेकानन्द भारत के महान दार्शनिक समाज सुधारक, नेता और शिक्षा चिन्तक हुए हैं।[1]

जब पराधीन भारत विवशतापूर्वक अपना धर्म, अपनी संस्कृति, सभ्यता एवं अपने आध्यात्मिक बल को खोता जा रहा था उस समय देश के सामाजिक एवं धार्मिक मंच पर स्वामी विवेकानन्द जेसे युग पुरुष का अभ्युदय हुआ। उनके राजनीतिक विचार उनके सामाजिक एवं धार्मिक विचारों के ही सहगामी हैं। उनका विश्वास था कि आर्थिक समृद्धि से भारत स्वं राजनीतिक स्वतन्त्रता का उद्देश्य पूरा कर सकेगा। ऐसे समय में जबकि भारत में राजनीतिक उदासीनता एवं निराशा ने भारतवासियों को अकर्मण्य बना दिया था, उन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रीयता का दर्शन देकर कर्म, संवा एवं त्याग पर आधारित राष्ट्रीयता की नई परिभाषा प्रस्तुत की।[2]

 ISBN : 978-93-80216-12-6

भारतवर्ष के प्रत्येक सुधार के लिए धार्मिक उत्थान की आवश्यकता है। भारतीयों को सामाजिक और राजनीतिक विचारों से भरने से पहले उसे आध्यात्मिक भावों से भरना होगा। किसी भी सभ्यता के स्थायी होने का मुख्य आधार उसका धर्म है।[3]

भारतीय स्वतन्त्रता के बाद आज भी भारतीय समाज में अनेक कुरीतियों जाति की संकीर्णताओं तथा छुआछूत की दुर्बलता से पीड़ित है। ऐसे समाज में यदि भारतीय संघर्ष और कर्मठता की अवधारणा को जीवन धारण नहीं करता तो उन्नति के मार्ग प्रशस्त नहीं हो सकते। अतः सम्पूर्ण विश्व की वैज्ञानिक उन्नति के संसाधनों के परिपेक्ष्य में भारतीय जीवन शैली के आधार पर ही उन्नति के मार्ग को प्रशस्त किया जा सकता है।[4]

तत्कालीन समाज में स्त्रियां दुरावस्था का शिकार थीं उन्हें शिक्षा से वंचित कर दिया गया था। उनके मानवीय अधिकारों के अत्यन्त सीमित कर दिया गया था। स्वामी जी ने इनका विरोध करते हुए का था कि स्मृतियों की रचना कर उनमें स्त्रियों के लिए कड़े–कड़े नियमों के प्रावधान कर पुरुषों ने स्त्रियों को केवल संतान पैदा करने वाली मशीन बना कर रख दिया है। स्वामी जी ने गरीब–लाचार निरक्षरता की सजा भुगत रही और वर्चस्ववादी पुरुष प्रधान समाज में तिरस्कृत रहने वाली भारतीय नारियोंा के लिए नई उम्मीद जगायी और उनकी समस्याओं का समाधान शिक्षा में खोजा। आप चाहते थे कि भारती स्त्रियां भी प्रखर चेतना सम्पन्न बनें। स्वामी जी चाहते थे कि स्त्रियों के लिए भी सर्वांगी शिक्षा देने वाले प्रशिक्षण केन्द्र संचालित किये जायें। "यदि हमें स्त्रियों को योग्य एवं सामर्थ्यवान बना दिया तो वह अपनी समस्याओं के हल स्वयं खोज लेंगी।" वे मानते थे कि स्त्री समाज का अभिन्न अंग हैं। वे किसी भी पक्षी के दो पंखों की तरह हैं यह कभी भी सम्भव नहीं है कि कोई भी पक्षी एक ही पंख से उड़ सके। विवेकानन्द का कहना था कि स्त्री पुरुष के भीतर जीवात्मा के अंग है फिर उनमें लिंग भेद कैसा?[5]

 ISBN : 978-93-80216-12-6

स्वामी जी ने मानव ईश्वर की पूर्ण प्रतिष्ठा को स्वीकार करते हैं। उनका मानना था कि जिन रूपों में ईश्वर की उपासना की जाती है वह किसी न किसी रूप में मानव–मात्र में विद्यमान है। मन्दिरों में बैठकर पूजा करने से बेहतर मानव–सेवा करके ईश्वर की सेवा की जा सकती है। धर्म के प्रति उनका दृष्टिकोण अत्यन्त व्यापक है। वे सभी धर्मों को मानव जाति के कल्याण हेतु साधन मानते हैं। धार्मिक क्षेत्र में भी वे वैज्ञानिक अनुसंधान प्रणाली के प्रयोग करने पर बल देते हैं। विश्व बंधुत्व की भांति ही विश्व धर्म को भी मान्यता देते हैं। उनका विचार था कि कला, विज्ञान और धर्म एक ही परम सत्य को व्यक्त करने के तीन विभिन्न साधन है। धर्म ही मानव समाज के उत्थान का श्रेष्ठ मार्ग है।[6]

विवेकानन्द अन्तर्राष्ट्रीयवादी थे। वे विश्व–बन्धुत्व के समर्थक थे। विश्व धर्म सभा में उनका अन्तर्राष्ट्रीयवाद का भाव उभरकर सामने आया। जहाँ अन्य सब प्रतिनिधियों में अपने–अपने धर्म की चर्चा करते रहे, वहीं केवल विवेकानन्द ने सब धर्मों व ईश्वर की चर्चा की बात की।[7]

स्वामी जी का मानना था कि शिक्षा से ही राष्ट्र–निर्माण होता है। अतः हमारी शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो मनुष्य का निर्माण करें। उनके अनुसार विद्यार्थियों की पारम्परिक शिक्षा तो दी ही जानी चाहिए, परन्तु आवश्यक है कि उन्हें वैज्ञानिक एवं तकनीकि शिक्षा दी जानी चाहिए।[8]

ब्राह्मणों को शिक्षा की उतनी आवश्यकता नहीं है जितनी चाण्डाल को। यदि ब्राह्मण को एक अध्यापक की आवश्यकता है तो चाण्डाल को दस की हैं क्योंकि जिसको प्रकृति ने जन्म से सूक्ष्म बुद्धि नहीं दी है उसे अधिक सहायता दी जानी चाहिए। विवेकानन्द जी का समान अवसर का सिद्धान्त समाजवादी दिशा का द्योतक है। विवेकानन्द इस सिद्धान्त का समर्थन करके समाज के निम्न वर्गों का उत्थान करना चाहते थे।[9]

ISBN : 978-93-80216-12-6

स्वामी जी ने देश के सब निवासियों के लिए 'समान अवसर' के सिद्धान्त का समर्थन कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आपने लिखा है कि यदि प्राकृति में असमानता है, तो भी सबके लिए समान अवसर होने चाहिए अथवा कुछ को अधिक और कुछ को कम तो दुबर्लों को सबलों से अधिक अवसर दिया जाना चाहिए।[10]

स्वामी जी के विभिन्न विचार आज के परिवेश में भी उतने ही प्रासंगिक है क्योंकि वे अहर्निश राष्ट्र की चिंता करते थे–"यदि भारत को महान बनाना हो, उसका भविष्य उज्ज्वल करना है तो इसके लिए आवश्यक है संगठन करने, भक्ति संग्रह करने की और बिखरी हुई इच्छा भात्रियों का एकत्रीकरण करने की।"[11]

आज समग्र भारतीय परिदृश्य को देखकर यह सहजता से कहा जा सकता है कि यह समय देश के लिए सर्वाधिक समस्याग्रस्त है एवं तीव्रता से परिवर्तनशील भी है। आज दलित–उत्पीड़न, स्त्री–शोषण, व्यक्ति स्वातन्त्रय, आतंकवाद, नक्सलवाद, सम्प्रदायवाद, भाशावाद, आर्थिक भ्रष्टाचार, राजनीतिक दिवालियापन, नेतृत्व का आभाव जैसी अनेकानेक समस्याएँ जटिलतम होती जा रही हैं। इन्हीं का दुष्परिणाम है कि आज का मानव आतंक, भय, संत्रास, अकेलापन, अजनबीपन, खालीपन, अविश्वास एवं कुंठा आदि मानसिक विकृतियों से ग्रस्त होता जा रहा है। ऐसे समय में विवेकानन्द का साहित्य देश एवं यहाँ के मनुष्यों को आशा–अपेक्षा और उम्मीदों से भर देता है क्योंकि स्वामी जी ने जहाँ भारतीय जनमानस में आत्म सम्मान का भाव जगाने का प्रयास किया, वहीं समाज को अपनी बुराइयों को त्यागने और गरीबी से निकले के उपाय भी बतलायें। उनका जीवन एवं विचार देश एवं देशवासियों के सर्वतोभावेन कल्याण से ही सम्बन्धित है।[12]

सन्दर्भ–

1. *विकासोन्मुख भारतीय समाज में शिक्षक, प्रो. एस. पी. रुहेला।*
2. *शिक्षा भास्त्री–पी.डी. पाठक, पृ. सं. 257*

3. भारत और उसकी समस्याएँ, स्वामी
4. डॉ. विरेन्द्र सिंह यादव, वैश्विक परिदृश्य में स्वामी विवेकानन्द के विचारों की प्रासंगिकता, पृ. सं. 300
5. हिन्दू धर्म और उसका दर्शनशास्त्र।
6. ब्रह्मास्थानन्द–जितने मत उतने पथ।
7. डॉ. विरेन्द्र सिंह यादव, वैश्विक परिदृश्य में स्वामी विवेकानन्द के विचारों की प्रासंगिकता, पृ. सं. 215
8. स्वामी विवेकानन्द जी व्यावहारिक जीवन वेदान्त।
9. स्वामी विवेकानन्द व्यक्ति और विचार–राजेन्द्र प्रसाद गुप्त–राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली।
10. शिक्षा के दार्शनिक एवं समाज भास्त्रीय आधार सिद्धान्त–रमन बिहारी लाल, पृ. सं. 311
11. पत्रिका–सोच–विचार, जनवरी 2010, लेख विवेकानन्द, भशुन्यजी साहा भांकर, पृ. सं. 14
12. The life of Sawmi vivekanand by his Esatern and Western Discipline (अद्वैत आश्रम, अल्मोड़ा-अल्मोड़ा भाग)

स्वामी विवेकानन्द : एक सांगीतिक व्यक्तित्व

डॉ. भगत सिंह
असि. प्रो. संगीत विभाग
राजकीय कांशीराम डिग्री कॉलेज, गाजियाबाद

स्वामी विवेकानन्द का नाम हमारे ध्यान में आते ही हमारे अन्दर अध्यात्म, स्फूर्ति, आनन्द एवं जागृति का बोध होता है स्वामी जी की छवि एक ऐसे युवा सन्यासी की थी जिसका रोम–रोम भारतीयता से अनुप्राणित था। वे भारत की वैदिक संस्कृति के पूर्ण प्रतिनिधि थे। भारतीय समाज की हीन अवस्था को दूर करने हेतु उन्होंने जन जागरण का बीड़ा उठाया। स्वामी विवेकानन्द का व्यक्तित्व बहु आयामी था। वे व्यावहारिक कर्मयोगी थे। उन्होंने शुष्क एवं नीरस विषय वेदान्त को भी व्यावहारिक एवं सरस बना दिया। वे एक स्पष्टवक्ता, विनोदी, उत्साही एवं मेधावी संन्यासी थे। भारतीय संस्कृति, साहित्य एवं संगीत के लिए स्वामी जी पूर्ण समर्पित थे। आप बचपन से ही संगीतानुरागी थे। श्री रामकृष्ण वचनामृत ग्रन्थ में यत्र तत्र उल्लेख है कि नरेन्द्र के आने पर वे उनका मधुर गाना अवश्य सुनते हैं। स्वामी जी ने विधिवत् रूप से संगीत शिक्षा ग्रहण की थी। भारतीय संगीत की प्राचीन विद्या ध्रुपद धमार की शिक्षा आपको अपने पिता श्री विश्वनाथ दत्त से प्राप्त हुई थी। गायन एवं वादन दोनों में ही आप निपुण थे। संगीत–शास्त्र एवं प्रयोग के विषय में आपने 'कल्पतरु' नामक किताब लिखी। इस पुस्तक में भारतीय संगीत पर विशद वर्णन है। जिस समय स्वामी विवेकानन्द का भारत भूमि पर अवतरण हुआ था, भारतीय संस्कृति का ह्रास हो रहा था और हिन्दु धर्म पतन की ओर अग्रसर था। स्वामी जी ने भारतीय संस्कृति की प्राचीनता एवं महानता को विश्व के सम्मुख रखा। युवा भक्ति के वे प्रेरणा स्त्रोत थे। स्वामी जी कभी भी प्राचीन आदर्शों तिलांजलि देकर नवीन आदर्शों को अपनाने के पक्ष में नहीं थे। आपका मानना था कि हमारे प्राचीन सिद्धांत ठोस नींव पर खड़े

हैं। वैदिक युग में संगीत उपसाना का माध्यम रहा है। इसका विकास धर्म की गोद में हुआ। शिक्षा के एक अंग के रूप में संगीत उपासना का माध्यम रहा है। इसका विकास धर्म की गोद में हुआ। शिक्षा के एक अंग के रूप में संगीत को स्वीकार किया गया है। स्वामी विवेकानन्द मानते थे कि हमारी प्राचीन धरोहर आने वाली पीढ़ी तक पहुँचनी चाहिए। हमारा संगीत अध्यात्म की ओर उन्मुख रहा है। हमारा चरित्र विकास व सर्वांगीण विकास संगीत के द्वारा संभव है।

स्वामी जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। उनके व्यक्तित्व का एक पहलू यह है कि वे एक महान संगीतकार थे। इस बात की जानकारी बहुत कम लोगों को है। "विवेकानन्द स्वयं एक सन्यासी होने के साथ–साथ एक कवि और बड़े अच्छे गायक थे। अपनी बातों को कहने के लिए वे गद्य, पद्य तथा गीत इन तीनों का आश्रय लिया करते थे।"[1] स्वामी विवेकानन्द शब्दों के ही नायक नहीं, संगीत के भी नायक थे। आपको शास्त्रीय संगीत का उच्च कोटि का ज्ञान था। इनके बचपन का नरेन्द्रनाथ था। स्वामी जी को संगीत के संस्कार विरासत मे मिले थे। आपके पिताजी विश्वनाथ दत्त ध्रुमपद एवं धमार के ज्ञाता थे। अतः संगीत की इस कठिन विद्या की बारीक जानकारी आपको अपने पिता से प्राप्त हुई थी। आपकी माता भुवनेश्वरी देवी जी द्वारा भी संगीत की शिक्षा मिली थी। माता जी द्वारा आपको भक्ति संगीत की प्रेरणा मिली थी।

ऐसा उल्लेख है कि परिव्राजक के रूप में भारत–भ्रमण के दौरान एकनाथ पंडित नामक एक वरिष्ठ संगीतज्ञ से आपका मुलाकात हुई थी। वे एक ध्रुपद गायक थे और स्वामी जी ने उनका संगीत सुनने की इच्छा प्रकट की। एकनाथ पंडित के साथ स्वामी जी मृदंग पर संगत करने लगे। आपके मृदंग वादन से गायक एवं श्रोता सन्तुष्ट हुए। इसके बाद वार्तालाप से ज्ञात हुआ कि स्वामी जी गाते भी है तो लोगों ने स्वामी जी से गाने का अनुरोध किया। स्वामी जी तानपूरा उठाकर

 ISBN : 978-93-80216-12-6

आलाप देने लगे। फिर जब उन्होनें लयकारी की कोई भी मृदंग पर उनकी संगत न कर सका। सहसा ही उन्होंने एकनाथ पंडित को तानपूरा देकर स्वयं ही मृदंग बजाकर अपनी संगत करने लगे। इस अद्भुत घटना पर पंडित एकनाथ कह उठे कि स्वामी जी आप केवल गायक ही नहीं बल्कि नायक भी हैं। संगीत में नायक की उपाधि उसी को दी जाती है जो गुरु द्वारा सीखी हुई संगीत कला का शुद्ध रूप में प्रदर्शन करता है।

स्वामी जी की वाणी में ओज एवं मधुरता थी। वे शब्द और संगीत दोनों के नायक थे। प्रसिद्ध विद्वान रोलां ने स्वामी जी के बारे में लिखा है–"उनके शब्द महान संगीत हैं, बीथोवन भौली के टुकड़े हैं, हैंडल के समवेत गान के छंद–प्रवाह की भांति उद्दीपक लय हैं।" स्वामी जी के मधुर कंठ एवं गान कला पर आपके गुरु जी रामकृष्ण परमहंस भी समाधिस्थ हो गये थे। "परमहंस को उन्होंने जो गीत सुनाया वह ब्राह्म समाज का गीत था जिसकी टेक है–'मन चलो निज निकेतन' यह गीत सुनकर श्री रामकृष्ण को भाव समाधि लग गई थी।"[2] श्री रामकृष्ण वचनामृत ग्रन्थ में परमहंस जी का विस्तृत लीला वर्णन है। इस ग्रन्थ में जगह–जगह यही वर्णन है कि रामकृष्ण नरेन्द्र के आते ही उनका गाना अवश्य सुनते हैं। भारत के महान संगीतविद ढंग से ध्रुपद, धमार, ख्याल, भजन और टप्पा का अध्ययन किया था। टप्पा एवं ठुमरी के विषय में उनकी राय अच्छी नहीं थी। इसका कारण था की वे ऐसी गायकी पसन्द करते थे जिसमें उत्साह, वीर एवं मंगल भावों का उदय हो। उन्होंने कहा था–"अब हमें रणभेरी, रणसिंगा, डमरू बजाना चाहिए। रूद्रताल पर दुन्दुभि–रव करना अब आवश्यक है। हर–हर महादेव की गर्जना से हमें गगन भेदी स्वरनाद करना है। हम जो गीत और वाद्यों से कोमल भावना से स्वर कम्पित करते हैं, उसे निकाल बाहर करना जरूरी है। टप्पा, ठुमरी बन्द कर दो और ध्रुपद धमार की स्वर लहरियां जनता के कानों में सुनाओ।"[3]

विभिन्न शिक्षकों से उन्होंने मृदंग, तबला और सितारा भी सीखा। वेणी उस्ताद (वेणी माधव अधिकारी) और उस्ताद अहमद खाँ से उन्होंने ध्रुपद व ख्याल सीखा। "He recevied his calassical music training form beni Ostad (his original name was Beni Gupta)"[4]। पखावज का ज्ञान आपको काशी घोषाल से मिला। स्वामी विवेकानन्द ने भारतीय संगीत के ऊपर एक किताब भी लिखी जिसका नाम 'संगीत कल्पतरू' है। जब उन्होंने किताब लिखी जब उनकी आयु मात्र 20–22 वर्ष की थी। इससे पता चलता है कि वे संगीत की बारीकियों से अच्छी तरह परिचित थे। नेताजी नगर कॉलेज ((कलकत्ता) के प्रो. डॉ. सर्बानन्द चौधरी ने अपने लेख 'Sangeet Kalpataru of Swami Vivekanand' में इस पुस्तक पर विस्तृत चर्चा की है। "In 1887, when Vivekanand was only 24 years old, he co-edited and published and published a Bengali Song Anthology named Sangeet Kalaptaru¸[5] अपनी संगीत शिक्षा के दिनों में स्वामी जी नियमित रूप से कठोर अभ्यास किया करते थे। स्वामी जी पाश्चात्य संगीत के भी जानकर एवं प्रशंसक थे। पाश्चात्य संगीत सुनने के बाद उसके प्रति आपने उच्च धारणा बना ली थी। उन्होंने कहा, "जब मैंने उने संगीत को ध्यानपूर्वक सुनना शुरू किया और उस शास्त्र का अध्ययन किया, तो प्रशंसा किये बिना नहीं रह सका।"[6]

संगीत के आदर्श रूप के बारे में स्वामी जी ने कहा–"ध्रुपद और ख्याल आदि में एक विज्ञान है। किन्तु कीर्तन अर्थात् मधुर और विरह तथा ऐसी अन्य रचनाओं में ही सच्चा संगीत है, क्योंकि वहाँ भाव है। भाव ही आत्मा है, प्रत्येक वस्तु का रहस्य है।"[7] संगीत की स्वर चिह्न एवं श्रुतियों के बारे में स्वामी जी का कहना था–"युगों पूर्व भारत मं संगीत को पूर्ण सप्त स्वरों तक विकसित किया गया था, यहाँ तक कि अर्ध एवं चतुर्थांश स्वर तक भी विकसित हुए थे।"[8] अमृत बाजार पत्रिका के रविवारीय मैगजीन सैक्शन में दिनांक 5 मार्च 1964 को

एक लेख 'नायक नरेन्द्र' नाम से प्रकाशित हुआ था, जिसमें उल्लेख है कि कलकत्ता में स्वामी विवेकानन्द को एक पांडुलिपि मिली जिसमें कई रचनायें ताल शास्त्र पर थीं। स्वामी को चंचलता पूर्ण गायकी जैसे टप्पा, ठुमरी यानि जिसमें मुरकियों का अधिक प्रयोग हो, पसन्द नहीं थी।। उन्हें भारतीय संगीत की प्राचीन विद्या ध्रुपद एवं धमार गायकी अधिक पसन्द थी। इसके द्वारा वे चाहते थे। कि भारतीयों में प्राचीन संस्कृति का संचार हो जिससे उनमें क्षुद्रता समाप्त हो। वे हर दृष्टि से भारतीयों को श्रेष्ठता के शिखर पर देखना चाहते थे। स्वामी जी का मानना था कि देश की वर्तमान अवस्था में ध्रुपद गायन ही एकमात्र उपयोगी है। ध्रुपद गान के विज्ञान का यदि कीर्तन संगीत में समावेश हो जाये तो आदर्श संगीत की सृष्टि हो सकेगी।

परमहंस रामकृष्ण के गीतों में एकताल, झपताल, त्रिताल, सात मात्राओं का जतताल, आढ़ा खमेटा आदि तालों का प्रयोग हुआ है। स्वामी विवेकानन्द रचित गीतों में तीव्रा, सूल, चौताल, अद्धा आदि तालों का प्रयोग किया गया है। स्वामी जी एक कुशल रचनाकार थे। आपने स्वरचित गीतों को निम्न प्रकार से रागों एवं तालों में निबद्ध किया–

1. 'खण्डन भव बंधन–राग–यमन, ताल–चौपाल (रामकृष्ण मिशन के केन्द्रों में गाई जाने वाली दैनिक प्रार्थना)
2. 'एक रूप अरूप नाम वरण,' राग–बड़हंस सारंग ताल–चौताल
3. 'नाहिं सूर्य नाहिं ज्योति' राग बागेश्री–ताल अड़ा
4. 'मुझे वारी बनवारी सैंया' राग ठुमरी, ताल कहरवा

स्वामी विवेकानन्द शास्त्रीय संगीत के ज्ञाता थे तथा उनका मानना था कि संगीत के द्वारा व्यक्ति का सर्वांगीण विकास संभव है। आपके गायन में केवल स्वर एवं ताल का प्रदर्शन ही नहीं था बल्कि उसमें अध्यात्म का ओज, हृदय में हिलोरें मारता भारत का प्राचीन गौरव तथा भावों का समुद्र था। वे संगीत के द्वारा युवाओं में उदात्त भावों का

उदय चाहते थे जिसमें उनमें सच्चरित्रता, सहृदयता एवं मानवता का विकास हो। वर्तमान समय में संगीत में फूहड़ता बढ़ती जा रही है। यह केवल मनोरंजन का साधन मात्र रह गया है। ऐसे समय में स्वामी जी के संगीत सम्बन्धी विचारों एवं कार्यों पर विचार करना आवश्यक है। स्वामी जी की लिखी हुई किताब 'संगीत कल्पतरु' में भारतीय संगीत पर गहन चर्चा की गई है। दुर्भाग्य से यह किताब अब उपलब्ध नहीं है। यदि स्वामी जी के सांगीतिक कार्यों को हमारे संगीत प्रेमियों एवं युवाओं से परिचित कराया जाये तो यह संगीतकारों एवं वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक होगा।

सन्दर्भ–

1. *स्वामी विवेकानन्द का शिक्षा दर्शन, डॉ. रश्मि श्रीवास्तव पृ. 190*
2. *रेडियो रूपक, स्वामी विवेकानन्द, रामधारी सिंह दिनकर*
3. *स्वामी विवेकानन्द और उनका अवदान, सम्पादक विदेहात्मानन्द पृष्ठ 248*

4- *www.Swamivivekanandaquotes.org 2012*

5- *www.Swamivivekanandaquotes.org*

6. *विवेकानन्द साहित्य खण्ड 8 पृ. 246*
7. *विवेकानन्द साहित्य खण्ड 10 पृ. 39*
8. *विवेकानन्द साहित्य खण्ड1 पृ. 262–63*

स्वामी विवेकानन्द का शैक्षिक परिप्रेक्ष्य में चिन्तन

डॉ. तारकेश्वर गुप्ता

असि. प्रो. बी. एड. विभाग

महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर

महा. हरदोई।

नव्य वेदान्त की शिक्षा भारतीय शिक्षा के संकट का समाधान प्रस्तुत करती है। बच्चा जिस वातावरण में शिक्षा ग्रहण कर रहा है वह जीवन की शिक्षा के लिए पर्याप्त नहीं है क्योंकि प्रतिस्पर्धात्मक समाज का पूर्णरूप से समस्याओं का समाधान नहीं कर सकता। वेदान्तिक शिक्षा का आशय राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय दोनों स्तरों पर मानव जाति की एकता को प्रोत्साहित करना है। शिक्षा–प्रणाली को ठीक प्रकार से कार्यान्वित करने हेतु अध्यापक, विद्यार्थी और अभिभावकों से समान रूप से उत्तरदायित्व के निर्वहन की अपेक्षा है। अध्यापक और प्रशासक पर्याप्त रूप से कक्षाओं में शिक्षण के मनोवैज्ञानिक विधियों के सुझाव को कार्यान्वित करने के प्रति उत्साही नहीं है।

प्रस्तावना (Introducation)–"जो शिक्षा–प्रणाली जन–साधारण को जीवन–संघर्श से जूझने की क्षमता प्रदान करने में सहायक नहीं होती, जो मनुष्य के नैतिक बल का, उसकी सेवा–वृत्ति का, उसमें सिंह के समान साहस का विकास नहीं करती, वह भी क्या शिक्षा नाम के योग्य है।"

देश की राजनीतिक चेतना के साथ–साथ सांस्कृतिक तथा धार्मिक भावनाओं के विकास में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले स्वामी विवेकानन्द विशेष रूप से स्मरणीय है। स्वामी जी ने जनता को अनुद्योग, आलस्य, अकर्मण्यता के स्थान पर उद्योग, परिश्रम और कर्मण्यता का पाठ पढ़ाया। धार्मिक कृत्यों में प्रचीन विचारधारा के स्थान पर तथा आडम्बरपूर्ण अर्चना के स्थान पर नवीन मानसिक पूजा को महत्व दिया।

 ISBN : 978-93-80216-12-6

रूढ़िवाद की पुरातन छिन्न–भिन्न श्रृंखलाओं को नष्ट करके जनता को धर्म के मूल तत्वों को समझाया। जातिवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का सबल प्रयत्न किया। इन सब विसंगतियों का कारण मानव में शिक्षा का अभाव है। स्वामी विवेकानन्द मानते थे कि शिक्षा के अभाव में मनुष्य का नैसर्गिक विकास नहीं हो सकता। जैसा कि वेदान्त दर्शन मानता है कि प्रत्येक बालक में अनन्त ज्ञान (Omniscience), अनन्त बल (Omnipotence) तथा अनन्त व्यापकता (Omniprecence) की भक्तियाँ विद्यमान हैं परन्तु उसे इन भक्तियों का पता नहीं है। शिक्षा द्वारा उसे इसकी प्रतीति करवाई जाती है, तथा इनका उत्तरोत्तर विकास करने में छात्र की सहायता की जाती है। इसी बात को स्वामी जी कहते हैं कि–"शिक्षा द्वारा मनुष्य का निर्माण किया जाता है। समस्त अध्ययनों का अन्तिम लक्ष्य मनुष्य का विकास करना है। जिस अध्ययन द्वारा मनुष्य की संकल्प–शक्ति का प्रवाह संयमित होकर प्रभावोत्पादक बन सके उसी का नाम शिक्षा है।"

स्वामी विवेकानन्द तत्कालीन शिक्षा–प्रणाली से दुःखी थे। उनका विचार था कि उस समय की शिक्षा मनुष्य में कोई गुण उत्पन्न नहीं करती। यह मनुष्य बनाने वाली शिक्षा है ही नहीं। उसमें कोई तत्व की बात दी ही नहीं जाती। अंग्रेजी शिक्षा–प्रणाली में निषेधों पर बल दिया जाता। अभावात्मक शिक्षा व्यक्ति को पंगु बना देती है, उसकी मौलिकता को कुंठित कर देती है और उसमें मनुष्यत्व के गुणों का विकास नहीं करती। स्वामी जी कहते हैं कि–"यदि तुम केवल पाँच ही परखे हुए विचार आत्मसात् कर उनके अनुसार अपने जीवन और चरित्र का निर्माण कर लेते हो, तो तुम एक पूरे एक ग्रन्थालय को कण्ठस्थ करने वाले की अपेक्षा अधिक शिक्षित हो। यदि शिक्षा का अर्थ जानकारी ही होता, तब तो पुस्तकालय संसार के सबसे बड़े सन्त हो जाते और विश्वकोश महान ऋषि बन जाते।"

स्वामी विवेकानन्द का जीवन–दर्शन–स्वामी विवेकानन्द के

 ISBN : 978-93-80216-12-6

जीवन–दर्शन का महत्वपूर्ण बिन्दु है कि निर्भय बनो, संघर्श करो और शान्ति के साथ मानव जाति की सेवा करो। वे प्रत्येक को शत्रुओं से निर्भय बनाना चाहते थे, सभी चुनौतियों का बिन प्रतिबन्ध निडरता तथा आत्मवि वास के साथ सामना करना सीखना चाहते थे। पाश्चात्य की आदर्शवादी दर्शन तथा प्राचीन हिन्दु धर्म की सर्जनात्मक दर्शन द्वारा संश्लेशण और महान हिन्दु जीवन–पद्धति को गौरवान्वित करना चाहते थे। स्वामी जी सच्चे अर्थों में वेदान्ती थे। वेदान्त–दर्शन की संक्षिप्त विशेषता है–"'एक सद्विप्रं बहुधावदन्ति' उतिष्ठ, जाग्रत, प्राप्य वरान्निबोधते' ब्रह्म सत्यम् जगन्मिथ्या" आदि। स्वामी जी अद्वैतवाद के समर्थक थे। उन्होंने सृष्टि, आत्मा, ईश्वर, आत्मानुभूमि, संन्यास, भक्ति, योग आदि अनेक विषयों पर अपना मौलिक विचार व्यक्त किया। उनका वेदों और उपनिषदों पर अटूट विश्वास था। उन्होंने भारत तथा भारत से बाहर देशों में वेदान्त दर्शन को सर्वजनीन, सार्वभौमिक दर्शन के रूप में प्रचारित एवं प्रसारित किया। उन्होंने वेदान्त की व्याख्या आधुनिक परिप्रेक्ष्य में की।

स्वामी विवेकानन्द का शिक्षा–दर्शन–स्वामी विवेकानन्द का शिक्षा दर्शन वेदान्त और उपनिषदों पर आधारित है। उनका विश्वास है कि प्रत्येक व्यक्ति में आत्मा विद्यमान है। आत्मा को पहचानना ही धर्म है। शिक्षा आत्म–विकास की प्रक्रिया है। स्वामी विवेकानन्द की शिक्षा मानव–निर्माण की शिक्षा (Man-Making Education) का प्रतिपादन करती है। स्वामी जी आध्यात्मिक उन्नति से पूर्व देश की समृद्धि के पक्षधर थे, उनका कहना था कि जब तक प्रत्येक भारतवासी का जीवन स्तर उच्च नहीं हो जाता, जब तक जीवन–संघर्श के लिए वे सन्नद्ध नहीं हो जाते, उन्नति की बातें निस्सार होंगी। स्वामी जी तत्कालीन शिक्षा–प्रणाली के कटु आलोचक हैं।

स्वामी विवेकानन्द के अनुसार शिक्षा का अर्थ–स्वामी विवेकानन्द के अनुसार–"शिक्षा मानव में अन्तर्निहित पूर्णता का विकास है।" प्रत्येक

 ISBN : 978-93-80216-12-6

मनुष्य में कुछ जन्मजात भक्तियाँ निहित होती हैं। शिक्षा ऐसी ही भक्तियों को विकसित एवं स्थिर करती है। शिक्षा आत्म विकास की प्रक्रिया भी है, क्योंकि बच्चा अपने आप को शिक्षित करता है। स्वामी विवेकानन्द पुस्तकीय शिक्षा को शिक्षा नहीं मानते थे। उनका कहना था कि जो शिक्षा मनुष्य को यन्त्र बना दे वह वास्तविक शिक्षा नहीं है। वास्तविक शिक्षा वह है जो व्यक्ति के संकल्प भक्ति को विकसित करती है और उसे अपने भीतर छिपी आध्यात्मिकता को अनुभव करने योग्यता प्रदान करती है। शिक्षा द्वारा असीम भक्ति, असीम उत्साह, असीम साहस और असीम सहन शीलता उत्पन्न होनी चाहिए।

स्वामी विवेकानन्द के अनुसार शिक्षा के सिद्धान्त–

1. **ज्ञान व्यक्ति के भीतर होता है**–स्वामी विवेकानन्द के विचार है कि संसार ने जितना प्राप्त किया है वह मनुष्य के मन से ही आया है। ब्राह्माण्ड का असीम पुस्तकालय मनुष्य के मन में ही विद्यमान है। बाह्यय संसार तो केवल सुझाव है, यह तो एक अवसर है जो मनुष्य को अपने मन के लिए मिला है। सेव के गिरने ने न्यूटन को सुझाव दिया और उसने अपने मन में अध्ययन किया। उसने अपने मन के बहुमूल्य विचारों को पुनः व्यवस्थित किया और उनमें एक नई कड़ी खोज निकाली जिसे हम गुरुत्वाकर्षण का सिद्धान्त कहते हैं।

2. **आत्म–शिक्षा**–स्वामी विवेकानन्द का विश्वास है कि बच्चा–आत्म शिक्षा सीखता है। बच्चा स्वयं अपने आप से सीखता है। उसकी अपनी सूझ–बूझ और विचार भक्ति से ही उसे सभी वस्तुओं का स्पष्ट ज्ञान होता है। व्यक्ति में समूचा ज्ञान विद्यमान होता है, उसे केवल जगाने की आवश्यकता होती है।

3. **मन की एकाग्रता**–शिक्षा का सार–स्वामी विवेकानन्द मन की एकाग्रता को शिक्षा का सार मानते हैं। जिस व्यक्ति में एकाग्रता की भक्ति जितनी अधिक होती है वह अपेक्षाकृत उतना महान

 ISBN : 978-93-80216-12-6

कहलाता है। 'एकाग्रता की चाभी से ही ज्ञान के खजाने खोले जा सकते हैं।' मन को अधिक से एकाग्र करना ही शिक्षा का लक्ष्य है। शिक्षा का मापदण्ड व्यक्ति द्वारा पढ़ी गयी पुस्तकों की संख्या नहीं बल्कि यह तथ्य है कि वह हाथ में लिए काम पर किस सीमा तक मन को एकाग्र कर सकता है।

स्वामी विवेकानन्द का शिक्षा के प्रति दृष्टिकोण–

1. **सबके लिए शिक्षा**–स्वामी विवेकानन्द सभी के लिए शिक्षा के प्रबल समर्थक हैं। उनका विचार है कि शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है। यह बच्चों की शरीरिक, सामाजिक और आध्यात्मिक आवश्यकता है। स्वामी जी का कथन है कि "जब तक भारत की जनता को अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती, उन्हें अच्छा भोजन नहीं दिया जाता, उनकी अच्छी तहर से देखभाल नहीं की जाती, तब तक राजनीति की किसी भी मात्रा का कोई लाभ नहीं होगा।" उनका विश्वास है कि भारत में तमाम बुराईयों की जड़ गरीबी है। वह गरीबों की दशा सुधारने का एकमात्र उपाय शिक्षा को मानते हैं। उनका मानना है कि जनता में ज्ञान और शिक्षा के प्रसार से राष्ट्र का विकास होता है। स्वामी जी का मानना है कि जन–साधारण को व्यावहारिक शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्हें कृषि की शिक्षा मिलनी चाहिए क्योंकि भारत एक कृषि प्रधान देश है और कृषि की उन्नति पर ही भारत की उन्नति निर्भर है। वाणिज्य और व्यापार की शिक्षा का भी समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही जीवन के लिए आवश्यक विशयों की शिक्षा प्रदान करना समाज का कर्तव्य है।

2. **नैतिक एवं धार्मिक शिक्षा**–स्वामी विवेकानन्द के अनुसार धर्म शिक्षा की आत्मा है। परन्तु धर्म की उनकी परिभाषा बड़ी व्यापक है। वे किसी सम्प्रदाय–विशेष को धर्म नहीं मानते थे। उनकी दृष्टि में धर्म एक साधना है, एक अनुभूति है, आत्म–साक्षात्कार है। वे

 ISBN : 978-93-80216-12-6

कहते हैं कि "मैं अभी इस विशय पर विचार नहीं कर रहा हूँ कि किसी जाति की जीवन–भक्ति राजनैतिक आधार पर प्रतिष्ठित होना अच्छा है या धार्मिक आधार पर। परन्तु अच्छा या बुरा हमारी जाति का जीवन–शक्ति धर्म में ही केन्द्रीभूत है, इसे बदल नहीं सकते, न इसे विनष्ट ही कर सकते हैं।" भारत में हजारों वर्षों से धर्म की धारा प्रवाहित होती रही है। भारत का वायुमण्डल धार्मिक आदर्शों से बीसियों सदियों तक पूर्ण रहकर जगमगाता रहा है। इसी धार्मिक आदर्श में पैदा हुए और पले–बढ़े हैं। स्वामी जी कहते हैं। कि हमें धर्म का आधार नहीं छोड़ना चाहिए।। याद रखो यदि तुम पाश्चात्य भौतिकवादी सभ्यता के चक्कर में पड़कर आध्यात्मिकता का आधार त्याग दोगो तो उसका परिणाम होगा कि तीन पीढ़ियों में तुम्हारा जातीय अस्तित्व मिट जायेगा क्योंकि राष्ट्र का मेरुदण्ड टूट जायेगा, राष्ट्रीय भवन की नींव ही खिसक जायेगी। इन सबका परिणाम होगा सर्वतोन्मुखी सत्यानाश। अतः देशवासियों को नैतिक और धार्मिक शिक्षा देना अनिवार्य है।

3. **स्त्री शिक्षा**–विस्तार ही जीवन है तथा संकीर्णता ही मृत्यु, प्रेम ही जीवन है और घृणा ही मृत्यु। अतः प्रत्येक भारतीय को जीवित रहने के लिए आवश्यक है कि वह अपने ज्ञान का असीमित लोगों में प्रचार करे। स्वामी विवेकानन्द नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। उनका विश्वास था कि सबसे पहले नारी जाति का उत्थान होना चाहिए, उसके पश्चात् ही भारत का वास्तविक कल्याण हो सकता है। स्त्री शिक्षा पर बल देते हुए उन्होंने कहा था–"पहले अपनी नारियों को शिक्षित करो फिर वो आपको बतायेंगी कि उनके लिए किन सुधारों की आवश्यकता है।" उन्होंने आगे कहा–"उस परिवार या देश के उत्थान की कोई आशा नहीं, जहाँ नारियों का सत्कार नहीं होता, जहाँ वे दुःखी रहती हैं। इसी कारण उनका उत्थान सबसे पहले होना चाहिए।" उन्होंने सुझाव दिया कि लड़कियों का पालन–पोषण और उनकी शिक्षा लड़कों के समान होनी चाहिए।

 ISBN : 978-93-80216-12-6

उन्होंने नारियों की पवित्रता पर भी बल दिया है। उन्होंने कहा वर्तमान कन्याएँ ही भविष्य की माताएँ एवं जननी होंगी। वह भक्ति की सजीव प्रतिमा है। मनु ने भी कहा है–"जहाँ स्त्रियों का आदर होता है वहाँ देवता भी प्रसन्न रहते हैं और जहाँ उनकी आदर नहीं होता है वहाँ सारे कार्य और प्रयत्न निष्फल हो जाते हैं।"

4. **मानव**–निर्माण की शिक्षा–स्वामी विवेकानन्द शिक्षा द्वारा मानव का निर्माण चाहते थे उन्होंने Complete Works, Vol. II में लिखा है "ज्ञान और प्रेम के बिना अस्तित्व नहीं हो सकता। प्रेम के बिना ज्ञान और ज्ञान के बिना प्रेम नहीं हो सकता। हम असीम अस्तित्व, असीम ज्ञान और असमी आनन्द का समन्वय चाहते हैं। यही अमारा लक्ष्य है। हम संतुलित समन्वय चाहते हैं, एकांगी विकास नहीं और यह भांकर की प्रतिभा तथा बुद्ध के हृदय को समन्वित करने से ही सम्भव हो सकता है। मुझे आशा है कि सब इस प्रकार के आनन्दपूर्ण समन्वय की प्राप्ति के लिए प्रयास करेंगे।" इस प्रकार विवेकानन्द ने मानव के सम्मुख उच्च आदर्श रखे। वह कहते हैं 'यदि आप मनुष्य की पूजा नहीं कर सकते जो ईश्वर का रूप है तो आप उस ईश्वर की पूजा कैसे कर सकते हैं जो अरूप है। यदि आप मनुष्य के चेहरे में भगवान का रूप नहीं देख सकते हैं। यदि आप नर–नारियों में ईश्वर को देखना आरम्भ कर लें तो मैं आज से ही आपको धार्मिक समझने लगूँगा।' स्वामी जी एक ऐसी शिक्षा–प्रणाली के पक्षधर थे जो जीवन–निर्माण (Life-Building) मानव–निर्माण (Man-making) और चरित्र–निर्माण (Character-makin) कर सके। उनके विचारानुसार जीवन की मान्यता और सुन्दरता चरित्र–निर्माण और आध्यात्मिकता में ही निहित है।

1. **शिक्षा के लक्ष्य (Aims of Education)**–"शिक्षा मनुष्य में अन्तर्निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति है। यह पूर्णता मनुष्य में स्वत: विद्यमान

 ISBN : 978-93-80216-12-6

रहती है और शिक्षा द्वारा इसका अनावरण मात्र किया जाता है। अपूर्ण को किसी बाह्य प्रयत्न द्वारा पूर्ण नहीं किया जा सकता।"

1) **शारीरिक पूर्णता**–स्वामी जी के अनुसार शरीरिक दुर्बलता हमारी पूर्णता में सबसे बड़ी बाधा है। वे लिखते हैं–"सबसे पहले हमारे युवकों को सबल बनना चाहिए। धर्म तो बाद की चीज है, तुम गीता पढ़ने के बजाय फुटबाल खेलकर स्वर्ग के अधिक निकट पहुँच सकते हो। यदि तुम्हारा शरीर स्वस्थ है, अपने पैरों पर दृढ़ता पूर्वक खड़ा हो सकता हो, यदि तुम अपने भीतर मानव–शक्ति का अनुभव कर सकते हो, तो तुम आत्मा और उपनिशदों की महत्ता को अधिक अच्छी प्रकार समझ सकते हो।"

2) **जीवन संघर्ष के लिए तैयारी**–स्वामी जी मानते हैं कि जो कोई प्रकृति के विरुद्ध लड़ता है उसमें ही चैतन्य का विकास होता है, जहाँ पुरुषार्थ है वहीं जीवन के चिह्न हैं, वहीं प्रकाश है। वे लिखते हैं–"आजकल संसार भर में तुम्हीं जड़ के समान पड़े हो। तुमको बिल्कुल मन्त्र–मुग्ध कर दिया गया है। बहुत प्राचीन समय से औरों ने तुमको बतलाया कि तुम हीन हो, तुममें कोई भक्ति नहीं है और तुम भी यह सुनकर सहस्रों वर्षों से अपने को समझने में लगे हो कि तुम हीन हो, निकम्मे हो। वैसा सोचते–सोचते वैसा ही बन गये हो।" स्वामी जी के अनुसार जीवन–संघर्ष की तैयारी का प्रतिफल "उत्पादन के रूप में प्रस्फुटित होना चाहिए।"

3) **राष्ट्रीयता एवं अन्तर्राष्ट्रीयता का विकास**–नव्य वेदान्त के अनुसार सम्पूर्ण मानवता में एक तत्व विद्यमान है, परन्तु उसका विकास क्रमशः होता है। अतः स्वामी जी राष्ट्रीयता एवं अन्तर्राष्ट्रीयता में विरोधाभास नहीं देखते थे। राष्ट्रीय भावना और राष्ट्रीय गौरव का विकास शिक्षा का लक्ष्य है। वे कहते हैं, हे वीर! साहस का अवलम्बन करो। गर्व से कहो, मैं भारतवासी हूँ और प्रत्येक भारतवासी मेरा भाई है। भारतवासी मेरे प्राण हैं, भारत की मिट्टी मेरा स्वर्ग है।

ISBN : 978-93-80216-12-6

भारत के कल्याण में मेरा कल्याण है।

4) **चरित्र–विकास–स्वामी जी ने कहा था**–"आज हमें जिसकी वास्तविक आवश्यकता है वह है चरित्रवान स्त्री–पुरुष। किसी भी राष्ट्र का विकास और उसकी सुरक्षा उसके चरित्रवान नागरिकों पर निर्भर है। शिक्षा का लक्ष्य चरित्र–निर्माण होना चाहिए।"

5) **विविधता में एकता की खोज**–स्वामी जी के अनुसार भौतिक एवं आध्यात्मिक विश्व में एकता है। तथा ब्रह्म भी एक है। उन्होंने भौतिक और आध्यात्मिक आदर्शों में समन्वय स्थापित किया है। शिक्षा द्वारा विविधता में एकता ढूंढ़ने की योग्यता का विकास होना चाहिए।

2. **पाठ्यक्रम**–'अध्यात्म' भारत की संस्कृति का आधार है। तथा धर्म शिक्षा का आत्मा है। अतः जीवन को परिपूर्ण बनाने के लिए शिक्षा का आधार आध्यात्मिक होना चाहिए और हृदय की शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम में धर्म को उचित स्थान प्रदान करना आवश्यक है। धर्म की शिक्षा अन्य विषयों के रूप में नहीं हो सकती स्वामी जी भारतीय वेदान्त और पाश्चात्य विज्ञान का समन्वय चाहते थे। वे मानते थे कि वेदान्त और विज्ञान के समन्वय से मनुष्य का चिन्तन विवेक युक्त होगा और मानवता अधिक सुखी होगी। पाठ्यक्रम में विज्ञान और तकनीकी के साथ–साथ कला, सामाजिक विज्ञान के विषय, संस्कृत, प्रादेगिक भाषा तथा दर्शन को स्थान देने की बात कही साथ ही शरीरिक शिक्षा का प्रबल समर्थन किया।

3. **शिक्षण–विधि**–स्वामी जी एकाग्रता को सबसे अच्छी विधि मानते थे। वे मन की एकाग्रता को शिक्षा का सार मानते थे। वे लिखते हैं–"जितनी अधिक एकाग्रता होगी, उतना ही अधिक ज्ञान प्राप्त हो सकेगा।" "मैं शिक्षा का मूल तथ्यों के संग्रह को नहीं, अपितु एकाग्रता को मानता हूँ। यदि मुझे पुनः शिक्षा प्राप्त करनी होती तो मैं एकाग्रता और अनाशक्ति दोनों ही शक्तियों को विकसित

 ISBN : 978-93-80216-12-6

करता है। और तब उस मन रूपी निर्दोश यन्त्र की सहायता से इच्छा मात्र से ही तथ्यों का संकलन कर लेता।" खेल–कूद और वैयक्तिक निर्देशन एवं परामर्शन विधि का प्रयोग किया जाता सकता है।

4. **अनुशासन**–स्वामी विवेकानन्द गुरु और शिष्य के लिए आत्मानुशासन को आवश्यक मानते हैं। उनका विचार है कि गुरु स्वयं अनुशासित रहे तभी उसके व्यवहार और आचरण से प्रभावित होकर छात्र भी अनुशासित रहेंगे। स्वामी जी दण्ड के प्रबल विरोधी थे। वे बालकों को उनकी प्रकृति के अनुरूप शिक्षा देने की बात कहते हैं। वे यहाँ मुक्त्यात्मक अनुशासन के समर्थक मालूम पड़ते हैं।

5. **शिक्षक**–स्वामी जी लिखते हैं कि–शिक्षक के व्यक्तित्व के बिना कोई शिक्षा हो ही नहीं सकती। जिनका चरित्र प्रज्ज्वलित अग्नि के समान हो, ऐसे व्यक्ति के निकट शिष्य को बाल्यावस्था से ही रहना चाहिए। अध्यापक एक दार्शनिक, मित्र एवं निर्देशक है जो विद्यार्थी को अपने मार्ग पर बढ़ने में सहायता करता है। स्वामी जी अध्यापक के तीन गुण बताते हैं–प्रथम शिक्षक को शास्त्र का ज्ञाता होना चाहिए। द्वितीय उसे मन और हृदय से पवित्र होना चाहिए और तृतीय उसमें त्याग की भावना होनी चाहिए। स्वामी जी कहते हैं कि "सच्चा अध्यापक वह है जो विद्यार्थी के स्तर तक तत्काल पहुँच सकता है, अपनी आत्मा को उसकी आत्मा में प्रवेश कर सकता है, उसकी आँखों से देख सकता है, उसके कानों से सुन सकता है और उसकी बुद्धि से समझ सकता है।"

6. **विद्यार्थी**–स्वामी विवेकानन्द बच्चे को शिक्षा का केन्द्र मानते हैं। वह ज्ञान का खजाना है। ज्ञान उसके भीतर होता है। वे आन्तरिक ज्ञान पर बल देते हैं। वे कहते हैं–"अपने भीतर खोजो तुम्हें अपने भीतर ही उपनिशद् मिलेंगे। तुम स्वयं ही संसार की सबसे बड़ी पुस्तक हो। जब तक भीतर का अध्यापक नहीं खुलता, बाहर का

 ISBN : 978-93-80216-12-6

समूचा अध्ययन व्यर्थ है।" स्वामी जी शिष्य में शुद्धता, विचार, वाणी और कर्म की पवित्रता पर बल देते हैं। उसमें ज्ञान की पिपासा भी होनी चाहिए। जिज्ञासु ही वास्तविक शिष्य है। उसे गुरु में अटूट विश्वास और श्रद्धा होनी चाहिए।

7. **विद्यालय**–स्वामी जी जब गुरुकुल–प्रथा और गुरुकुल–वास की संकल्पना व्यक्त करते हैं तो निश्चय ही वह गुरु गृह होगा, किन्तु इसकी केवल कल्पना की जा सकती है। जिसका आधार कवेल अध्यापक का गुण हो सकता है। वे वर्तमान परिस्थितियों में परिवर्तन करके गुरुकुल–वास की सलाह देते हैं।

निष्कर्ष–स्वामी विवेकानन्द आधुनिक भारत के समाज सुधारक, विश्व विचारक, माहन शिक्षा शास्त्री तथा व्यावहारिक सन्त थे जो प्राचीन ज्ञान को जागृत करना चाहते थे। उन्हें आधुनिक भारतीय परिस्थितियों का पूर्वाभास था और जो समन्वयकारी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया वह आज के सापेक्ष है। वेदान्त और विज्ञान के समन्वय की आवश्यकता इतनी कभी प्रबल नहीं हुई जितनी की आज। उन्होंने आत्म–ज्ञान, निर्भरता, साहस, एकाग्रता, ब्रह्मचर्य, नारी शिक्षा तथा जन–साधारण की शिक्षा का बल दिया है। उन्होंने जीवन पर्यन्त मानव की भ्रातृत्व भावना, ईश्वर की अनुभूति, त्याग और सत्यता का पालन करने का प्रचार किया। उन्होंने आध्यात्मिकता एवं भौतिक आदर्शों का समन्वय किया तथा राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली का समर्थन किया। उन्होंने कहा था–"हम मानव–निर्माण का धर्म चाहते हैं। हम मनुष्य का निर्माण करने वाले सिद्धान्त चाहते हैं और मानव के सर्वांगीण निर्माण की शिक्षा चाहते हैं।"

सन्दर्भ–

1. *पाण्डेय, रामशकल (2009), विश्व के श्रेष्ठ शिक्षा–शास्त्री, आगरा–2 : अग्रवाल पब्लिकेशन।*
2. *वालिया, जे. एस. (2009), उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षा, जालन्धर: अहम् पालपब्लिशर्ज।*

 ISBN : 978-93-80216-12-6

3. *ओड़, लक्ष्मीलाल के. (2005), शिक्षा की दार्शनिक पृष्ठभूमि, जयपुर: राजस्थान हिन्दी अकादमी।*
4. *वर्मा, वेदप्रकार (1994), नीति शास्त्र के मूल सिद्धान्त, नई दिल्ली: एलाइड पब्लिकर्स प्राइवेट लिमिटेड।*
5. *अल्तेकार, ए. एस. (1968), प्राचीन भारतीय शिक्षण पद्धति, वाराणसी: नन्दकि शोर एण्ड ब्रदर्स।*
6. *रस्क, आर. आर. (0000), शिक्षा के दार्शनिक आधार, जयपुर: राजस्थान हिन्दी अकादमी।*

 ISBN : 978-93-80216-12-6

वेदान्त का स्वरूप तथा स्वामी विवेकानन्द

डॉ. अरविन्द कुमार
असि. प्रो. बी. एड. संकाय
कु. मा. रा. म. स्ना. महा.
बादलपुर

मानव जीवन एक जटिल प्रक्रिया है। प्रारम्भ में उसकी एक ही समस्या थी कि जीवन की रक्षा की जाए। कालान्तर में मनुष्य जीवन जटिलतम होता गया और उसके सामने अनेक समस्यायें आने लगी। समय–समय पर इन समस्याओं में निहित प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने के लिए दर्शन का सहारा लिया गया। दर्शन द्वारा निर्धारित उद्देश्यों एवं जीवन की समस्याओं के लिए सुझाये गये समाधानों को व्यावहारिक रूप से प्राप्त करने हेतु शिक्षा द्वारा प्रयत्न किया जाता है। शिक्षा एक मृत्यु पर्यन्त चलने वाली आध्यात्मिक प्रक्रिया भी है जिसमें मनुष्य को अपने यथार्थ का बोध होता है जवीन जगत के प्रति उसके व्यवहार तथा विचारों में निरन्तर परिवर्तन, परिमार्जन एवं संशोधन होता रहता है। अतः कहा जा सकता है जीवन ही शिक्षा है और शिक्षा ही जीवन है चूँकि शिक्षा एक बहुअर्थी शब्द है अतः इसे पूर्णता परिभाषित करना असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है। इस सांख्यकालीन विषय पर कुछ बोलने के पहले, जबकि मुझे यह अवसर मिला है, क्या तुम धन्यवाद के कुछ शब्द कहने की अनुमति प्रदान करोगे? मैं तीन वर्षों तक तुम लोगों के साथ रहा। मैं प्रायः पूरे अमेरिका का भ्रमण कर चुका हूँ और अब मैं अपने स्वदेश लौट रहा हूँ, यह ठीक होगा कि मैं अमेरिका के एक एथेन्स में, अपनी कृताता प्रकट करने के लिए इस अवसर का सदुपयोग करूँ। जब मैं प्रथम बार इस देश में आया, तो मैंने कुछ दिनों के बाद सोचा कि मैं इस राष्ट्र पर एक पुस्तक लिखूँगा। परन्तु तीन वर्षों के आवास के उपरान्त मैं यह पा रहा हूँ कि मैं। एक पृष्ठ भी नहीं लिख सकता। इसके विपरीत, बहुत से देशों के भ्रमण के

 ISBN : 978-93-80216-12-6

बाद मैं यह अनुभव करता हूँ कि वेश–भूशा, खान–पान तथा तौर–तरीकों की छोटी–मोटी सभी ब्राह्य विभिन्नताओं के नीचे मानव अखिल विश्व में मानव ही है, सर्वत्र वही अद्भुत मानव–प्रकृति विद्यमान है। फिर भी कुछ विशेषताएँ तो होती ही हैं, अतः मैं थोड़े से शब्दों में यहाँ के अनुभवों को संक्षेप में कहना चाहूँगा। अमेरिका की इस भूमि में मनुष्य की विशेषताओं के सम्बन्ध में कोई प्रश्न नहीं पूछा जाता। यदि मनुष्य है, तो इतना ही यथेष्ट हैं और वे (अमेरिकावासी) उसे अपने हृदय में स्थान दे देते हैं। यह एक ऐसा तथ्य है, जिसको मैंने विश्व के अन्य किसी देश में नहीं देखा।

मैं यहाँ एक भारतीय दर्शन का, जिसे वेदान्त कहते हैं, प्रतिनिधित्व करने आया था। यह दर्शन अत्यन्त प्राचीन है। यह दर्शन उस विशाल पुरातन आर्य साहित्य से उद्गत हुआ है, जिसे वेदों के नाम से पुकारते हैं। यह वेदान्त दर्शन मानो शताब्दियों तक संग्रहित और चयन किये गये उस विशाल साहित्य के अन्तर्गत सभी विचारधाराओं, अनुभवों तथा विवेचनों का सर्वोत्तम पुष्प है। इस वेदान्त दर्शन की कतिपय विशेषताएँ हैं। प्रथमतः यह पूर्णरूपेण अवैयक्तिक है। इसकी उत्पत्ति किसी व्यक्ति विशेष या धर्मगुरु से नहीं हुई। एक व्यक्ति विशेष को केन्द्र में रखकर वह अपनी प्रतिष्ठा नहीं करता। परन्तु जो दर्शन किसी व्यक्ति विशेष को केन्द्रित करके प्रतिपादित हुए है, उनके विरुद्ध भी इसको कुछ कहना नहीं। आगे चलकर भातर में कुछ व्यक्तियों को केन्द्र बनाकर बौद्ध धर्म तथा हमारे अन्य अर्वाचीन सम्प्रदायों का उदय हुआ। ये सब ईसाइयों और मुसलमानों की भांति किसी न किसी को धार्मिक नेता के रूप में मानते हैं और उसमें अपनी निष्ठा रखते हैं परन्तु वेदान्त दर्शन इन सभी विभिन्न सम्प्रदायों की पृष्ठभूमिमिवत् है और वेदान्त तथा विश्व के अन्य किसी भी मत के बीच कोई झगड़ा या विरोध नहीं है।

वेदान्त दर्शन एक सिद्धान्त–जो विश्व के सभी धर्मों में पाया जाता

 ISBN : 978-93-80216-12-6

है—प्रतिपादित करता है और यह दावा करता है कि मनुष्य (वस्तुतः) दिव्य है तथा जो कुछ भी हम लोग अपने चारों ओर देखते हैं, वह उसी दिव्यता के बोध से उद्भूत हुआ है। हर एक वस्तु जो सुन्दर, बलयुक्त तथा कल्याणकारी है और मानव—प्रकृति में जो कुछ भी शक्तिशाली है, वह सब उसी दिव्यता से अद्भूत हुआ। यह दिव्यता यद्यपि बहुतों में अव्यक्त रहती है, मूलतः मनुष्य में कोई भेद नहीं है? सभी समानरूपेण दिव्य है। यह ऐसा ही है, जैसे पीछे एक अनन्त समुद्र अव्यक्त रूप से, जन्मसिद्ध अधिकार रूप में तथा स्वरूपतः प्राप्त है। उस दिव्यता की अभिव्यक्ति की न्यूनाधिक शक्ति से ही हम लोगों में विभिन्नता उत्पन्न होती है। अतएव वेदान्त का कहना है कि उसके आधार पर उससे व्यवहार नहीं करना चाहिए, जिसे वह प्रकट करता है, बल्कि उसे अनुसार जिसका वह प्रतिनिधि है। चूँकि प्रत्येक मनुष्य दिव्यतत्व का प्रतिनिधि है और इसलिए हर एक धर्मशिक्षक को मनुष्य की भर्त्सना करके नहीं, बल्कि मनुष्य में अन्तर्निहित दिव्यता के जागरण के लिए सहायता करनी चाहिए।

वेदान्त यह भी बतलाता है कि समाज या कर्म के किसी क्षेत्र में शक्ति की जो विशाल राशि प्रदर्शित होती है, वह वस्तुतः भीतर से बाहर आती है, इसलिए जिसे अन्य सम्प्रदाय अन्तःस्फुरण कहते हैं, उसे वेदान्त मनुष्य का बहिःस्फरण कहने की स्वतंत्रता लेता है फिर भी वह किसी सम्प्रदाय से झगड़ता नहीं। वेदान्त का उन लोगों से भी झगड़ा नहीं है, जो मनुष्य की इस दिव्यता को नहीं समझते है। ज्ञात या अज्ञात रूप से हर मनुष्य इस दिव्यता को व्यक्त करने का प्रयत्न कर रहा है।

मनुष्य एक छोटे बक्से में कुण्डलित अनन्त स्प्रिंग जैसा है, जो कि अपने को खोलने का प्रयत्न कर रहा है। हम लोग जो भी सामाजिक व्यवस्था देखते हैं, वह इस अभिव्यक्ति का प्रयत्नमशास्त्र है। जितने भी संघर्ष, बुराईयाँ या प्रतिद्विन्द्विताएँ, जिन्हें हम लोग अपने चारों तरफ

 ISBN : 978-93-80216-12-6

तत्ववेत्ता ने कहा है, मान लो कि खेत की सिंचाई के लिए जलाशय कहीं ऊपर ऊँची सतह पर है और उसका जल उस खेत में तेजी से प्रवेश करने का प्रयत्न करता है, परन्तु फाटक लगाकर उसकी गति अवरुद्ध कर दी गयी है। परन्तु जैसे ही फाटक खोल दिया जाता है, वह जल अपनी प्रकृति के अनुसार वेग से, रास्ते में धूल या गन्दगी जो भी हो, उस पर प्रवाहित होने लगता है। परन्तु यह धूल या गन्दगी मनुष्य के दिव्य स्वरूप की अभिव्यक्ति के न तो कार्य है और न कारण। वे सहअस्तित्वमान दशाएँ हैं, अतः उनका प्रतिकार किया जा सकता है।

वेदान्त का यह दावा है कि यह विचार भारत के अन्दर या बाहर सभी धर्मों में पाया जाता है, केवल कतिपय धर्मों में यह विचार पुराणों में तथा अन्य में प्रतीकवाद के रूप में प्रकट किया गया है। वेदान्त का दावा है कि धार्मिक अन्तस्फुरण केवल एक ही नहीं हुआ है, और न केवल दिव्य मानव की एक अभिव्यक्ति मात्र है। ऐसा क्षण भी आता है, जब हर मनुष्य यह अनुभव करता है कि वह विश्व के साथ एक है और इसको वह समझे या न समझे, उसको प्रकट करने के लिए विकल हो जाता है। जिसे हम प्रेम तथा सहानुभूमि कहते हैं, वह एकत्व की अभिव्यक्ति ही है और यही हमारी नैतिकता और सदाचार का आधार हैं। यही वेदान्त के विख्यात सूत्र तत्वमसि–'तू वही है–में संक्षेप में कहा गया है।

इस विचार की अभिव्यक्ति के रूप में हम देखते हैं कि इस प्राचीनतम दर्शन ने अपने प्रभाव के द्वारा बौद्ध तम को, जो विश्व की प्रथम प्रचारक धर्म है, प्रत्यक्षतः प्रेरित किया है। अप्रत्यक्ष रूप से इसने अलेक्जेन्ड्रियनों, नास्टिकों तथा मध्ययुगीन यूरोपीय विचारकों द्वारा, ईसाई धर्म को भी प्रभावित किया है। बाद में जर्मन विचारधारा को प्रभावित करते हुए, इसने दर्शन तथा मनोविज्ञान के क्षेत्र में प्रायः क्रान्ति उत्पन्न कर दी। उस पर भी यह विशाल प्रभाव जो संसार पर पड़ा, वह अलक्ष्य ही

 ISBN : 978-93-80216-12-6

रहा। जिस प्रकार रात्रि में ओस हल्के से गिरकर वनस्पतियों के जीवन का पोशण करती है, उसी प्रकार धीरे–धीरे तथा इलक्ष्य रूप से यह दिव्य वेदान्त दर्शन समूचे विश्व में मानवकल्याणार्थ फैल गया है। इस धर्म के प्रचार के लिए सेनाओं के अभियान का उपयोग नहीं हुआ। बौद्ध मत में, जो विश्व का एक बहुत बड़ा प्रचारक धर्म है, सम्राट अशोक के अवशेष शिलालेख हमें प्राप्त हैं, जिनसे यह पता चलता है कि किस तरह धर्मप्रचारक अलेक्जोन्ड्रिया, एन्टिओक, ईरान, चीन तथा तत्कालीन सभ्य जगत् के अन्य बहुत से देशों में भेजे गये थे। ईसा के तीन सौ वर्ष पहले ही उन लोगों को यह शिक्षा दी गयी थी कि किसी धर्म की निन्दा नहीं करे–'सभी धर्मों का आधार एक है, जहाँ कहीं भी वे हो, जितना तुमसे हो सके, उतना उनकी सहायता करो तथा उन सबको शिक्षा दो, परन्तु उनको हानि नहीं पहुँचाओ।'

अतएव भारत में हिन्दुओं द्वारा कभी धार्मिक उत्पीड़न नहीं हुआ, बल्कि उन्होंने विश्व के सभी धर्मों के प्रति अद्भुत आदर का भाव ही रखा। हिब्रू जाति के कुछ लोग जब स्वदेश से भगाये गये थे, तब हिन्दुओं ने उनको भारण दी, जिसके फलस्वरूप मलाबार के यहूदी अभी तक है। एक अन्य समय में उन्होंने नष्टप्राय ईरानियों के अवशिष्ट अंश का स्वागत अपने देश में किया, और वे लोग आज भी हमारे मध्य हमारे एक अंग और प्रीति–भोजन, बम्बई के आधुनिक पारसियों के रूप में विद्वमान है। ईसा मसीह के शिष्य सेन्ट थामस के साथ आने का दावा करने वाले ईसाई लोगों को भी भारत में रहने तथा अपनी विचारधारा सुरक्षित रखने की अनुमति दी गई। उन लोगों की एक बस्ती अब तक भारत में है। यह सहिष्णुता का भाव वहाँ न मरा है, न मरेगा, न मर सकता है।

यह वेदान्त की महती शिक्षाओं में से एक है। यह जानकर कि ज्ञात या अज्ञात रूप से हम सब उसी ध्येय को पहुँचने के लिए संघर्ष शील है, हम अधैर्यवान क्यों हो? यदि एक मनुष्य दूसरे से मन्द है,

 ISBN : 978-93-80216-12-6

तो हमें अधीर नहीं होना चाहिए, न उसे अपशब्द कहना चाहिए और न उसकी भर्त्सना करनी चाहिए। जब हमारे चक्षु उन्मीलित हो जाते हैं और हृदय पवित्र हो जाता है, तब उस दिव्य प्रभाव का कार्य, हर मानव हृदय में प्रस्फुटित होता हुआ वह वह ईश्वरीय उद्बोधन, अभिव्यक्त हो जायेगा और तभी हम लोग मनुष्य मात्र के भ्रातृत्व का दावा करने में समर्थ होंगे।

जब मनुष्य उच्चतम को प्राप्त कर लेता है और वह न पुरुष देखता है, न स्त्री, न लिंग, न धर्म, न वर्ण, न जन्म, न ऐसे अन्य प्रकार के विभेदों को देखता है, वरन् वह आगे बढ़ता जाता है और उस दिव्यता का अनुभव करता है, जो मानव का सत्य है, वह मनुष्यों में जाता है और उस दिव्यता का अनुभव करता है, जो मानव का सत्य स्वरूप है, वह मनुष्यों में अन्तर्हित है– केवल तभी वह विश्वबन्धुत्व को प्राप्त कर लेता है और केवल ऐसा ही व्यक्ति वेदान्ती है। यह वेदान्त के कतिपय व्यवहारिक और ऐतिहासिक परिणाम है।

संदर्भ–

1. *Swami Vivekananda, My Idea of EDUCATION, Advaita Ashrama, Kolkata, 2015*
2. *सार्वलौकिक नीति तथा सदाचार, स्वामी विवेकानन्द, रामकृष्ण मठ, नागपुर, 2012*
3. *वेदान्त, स्वामी विवेकानन्द, रामकृष्ण मठ, नागपुर 2007*

स्वामी विवेकानन्द का शैक्षिक दर्शन

डॉ. स्नेहलता शिवहरे
असि. प्रो. शिक्षा संकाय
महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, हरदोई,

सुधीर कुमार
पी–एच.डी. समाजशास्त्र
सी.एस.जे.एम.यू.
कानपुर,

स्वामी विवेकानन्द का जन्म 1863 ई. में एक बंगाली परिवार में कलकत्ता में हुआ था। उनका बचपन का नाम नरेन्द्रनाथ दत्त था। इनके पिता जी विश्वनाथ दत्त हाईकोर्ट के वकील थे। इनका पारिवारिक वातावरण धार्मिक था। इसीलिए इन पर इनके परिवार का गहरा प्रभाव पड़ा। वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। उनके सम्बन्ध में उनके प्रधानाचार्य मिस्टर हेस्टी ने एक बार कहा था, "नरेन्द्र दत्त वस्तुतः प्रतिभाशाली हैं, मैंने विश्व के विभिन्न देशों की यात्राएँ की हैं किन्तु किशोरावस्था में ही इसके समान योग्य एवं महान् क्षमताओं वाला युवक मुझे जर्मन विश्वविद्यालय में भी नहीं मिला।" अपने प्रधानाचार्य से प्रेरणा पाकर नरेन्द्र दत्त ने दक्षिणे वर की यात्रा की। यहाँ उनकी भेंट रामकृष्ण वेदान्त की परम्परा को मानने वाले सन्त थे। वेदान्त का मूल सिद्धान्त है कि एक ही बाह्य सब जगह भिन्न–भिन्न रूपों में दिखाई पड़ता हैं। अस्तु उन्होंने अपने उद्देश्यों में सभी धर्मों की एकता जोर दिया। अपने गुरु की मृत्यु के पश्चात् स्वामीजी ने उनकी शिक्षाओं का प्रसार देश–विदेश में किया। 31 मई, 1893 ई. को स्वामी जी ने अमेरिका जाने पूर्व अपना नाम विवेकानन्द रख लिया। विवेकानन्द ने अपने उद्देश्यों के साथ यह भी व्यवहारिक रूप में प्रमाणित कर दिया कि यदि उनके परम गुरु श्री रामकृष्ण परमहंस के अनुभवों के अनुसार प्राचीन वेदान्त की व्यवस्था करके उसे वर्तमान जीवन से सम्बन्धित कर दिया जाये तो इस राष्ट्र, इस जननी जन्मभूमि की प्रत्येक समस्याओं का निराकरण आसानी से किया जा सकता है। उन्होंने पाश्चात्य देशों में भावात्मक और स्वदेश में क्रियात्मक वेदान्त का प्रचार करके हिन्दू धर्म की महानता

 ISBN : 978-93-80216-12-6

को फैलाया। 1900 ई. में स्वामी जी अमेरिका से स्वदेश लौट आये। यद्यपि उनका स्वस्थ्य ठीक नहीं था तद्यपि वह भाषण देते रहे। मठ के कार्यों का संचालन और ब्रह्मचारियों की कक्षाएँ लेते रहे। 1902 ई. में 4 जुलाई की उन्होंने देह त्याग दिया। संध्या की बेला में मठ में स्थित अपने कक्ष में वह ध्यानरत थे। रात्रि 9 बजकर 10 मिनट पर वह ध्यान महासमाधि में परिवर्तित हो गये। उस समय उनकी आयु 39 वर्ष 5 माह तथा 24 दिन थी परन्तु स्थूल शरीर का नाश होने पर भी जिस शक्ति के रूप में वह उभरे वह आज भी क्रियाशील हैं। स्वामी जी ने स्वयं एक स्थान पर अपने विचारों की अभिव्यक्ति इस प्रकार की हैं, "शरीर को पुराने वस्त्र की भाँति त्यागकर इसके बाहर चला जाता हो मैं श्रेष्ठ मानता हूँ परन्तु मैं काम से कभी भी विरत नहीं होऊँगा। मैं तब तक मानव को अनुप्रेरित करता रहूँगा जब तक प्रत्येक मनुष्य यह नहीं समझता कि वह भगवान् है।"

स्वामी विवेकानन्द जी का जीवन दर्शन—स्वामी जी का जीवन दर्शन गुरु परमहंस के विचारों के अनुरुप था। वह हमारे संतो और दार्शनिकों के मध्य एक अनुपम स्थान पर अधिष्ठित हैं। उनके कारण ही वेदान्त दर्शन के सार्वभौमिक सत्य मनुष्य के जीवन में व्यवहार रूप में प्रयुक्त हो सके। स्वामी विवेकानन्द मानव जाति के लिए प्रेरणादायक और गौरवपूर्ण स्त्रोत के रूप में माने जाते हैं। वे जीवन को एक संघर्ष के रूप में स्वीकार करते हैं। उनका विश्वास है कि इस संघर्ष में केवल समर्थ की जीत होती है, असमर्थ का नाश होता है। वे संघर्षो का डटकर मुकाबला करने पर बल देते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि "वीर बनो, हमेशा कहो, मैं निर्भय हूँ, सबसे कहो, डरो मत, भय मृत्यु हैं, भय पाप हैं, भय नर्क हैं, भय, अधार्मिकता तथा भ्रम का जीवन में कोई स्थान नहीं है।" इस कथन से स्पष्ट होता है कि स्वामी विवेकानन्द के जीवन दर्शन का सार अभय होकर संघर्ष के द्वारा मानवता की सेवा करना है। स्वामी जी ने पहले वेदों, उपनिशदों

और अपने गुरु परमहंस जी के उपदेशों एवं उद्देश्यों को स्वयं में समाहित करके उन्हें जन–सामान्य के लिए पुनः प्रस्तुत किया ताकि व्यक्ति उन्हें अपने जीवन में स्थान दे सकें और इससे अपने राष्ट्र की संरचना और संस्कृति के सत्य, सौन्दर्य और संजीवन को पुनः प्राप्त कर लें। स्वामी जी ने अपने महान् गुरु की महान् वैधता और सच्ची सार्वभौम भावना को आत्मसात कर मानवता के परस्पर संघर्षरत वर्गों के मध्य सांमजस्य स्थापित किया। स्वामी जी के जीवन दर्शन को निम्न बिन्दुओं द्वारा जाना जा सकता है–

आत्मा मानव शरीर में सर्वश्रेष्ठ हैं– मनुष्य के तीन अंगों में आपने आत्मा को सर्वश्रेष्ठ माना। आपका विचार था कि शरीर आत्मा का बाहरी रूप होता है तथा मन आन्तरिक आवरण, अतः आत्मा ही वास्तविकता ज्ञाता हैं। यही आत्मा, मन के द्वारा शरीर के कार्य करती हैं अर्थात् आप अद्वैत वेदान्त एवं समन्वयवादी दृष्टिकोण के समर्थक थे और अद्वैत वेदान्त की व्यवहारिक रूप में ढालने की चेष्टा की।

वेदान्त दर्शन का व्यवहारिक रूप– आपने वेदान्त दर्शन को व्यवहारिक रूप दिया तथा आप एक में अनेक के समर्थक थे। आपका विचार था कि विभिन्न प्रकार की पूजा विधि तथा अन्य समस्त आध्यात्मिक कार्य संघर्ष आदि ईश्वर के साक्षात्कार के साधन हैं तथा श्रम करना ही ईश्वर की प्रार्थना है तथा विजय प्राप्त करना ही त्याग का प्रतीक है अर्थात् जीवन स्वयं धर्म है एवं मानव सेवा और ईश्वर सेवा (पूजा) मनुष्यत्व और धर्म सत्य निष्ठा और आध्यात्मिकता में कोई भेद नहीं है।

अनेकता में एकता– स्वामी जी का विचार था कि संसार आशावादी और निराशावादी दोनों का मिश्रण होता है और वेदान्त इन दोनों में समावेश का रास्ता है। आपके अनुसार बुरे व अच्छे दोनों को त्याग दो परन्तु तब शेष क्या रहता है। इन दोनों स्वरूपों के पीछे मनुष्य का यथार्थ रूप है जो अपने को दोनों स्वरूपों में प्रदर्शित करता है।

 ISBN : 978-93-80216-12-6

अत: अपने अभिव्यक्त स्वरूपों पर मानव को नियंत्रण रखना चाहिए तभी वह अपने वास्तविक स्वरूप को अभिव्यक्त करने में स्वतन्त्र करने में सक्षम होगा क्योंकि ईश्वर के रूप में एक ही सत्ता का समस्त प्राणियों में समावेश है अत: वह मानव रूपी प्राणी के दु:ख से दु:खी नहीं होगी।

मनुष्य का वास्तविक स्वभाव– अद्वैत दर्शन में ब्रह्मरूपी शक्ति को समस्त विश्व में सत्य माना गया है और अन्य वस्तुओं को माया की शक्ति द्वारा ब्रह्म से उत्पन्न माना गया हैं। प्रत्येक आत्मा असीम (अमर) है अत: वह जन्म– मरण से परे है। हमें सारे विश्व को एक समझना चाहिए क्योंकि हमारी वास्तविकता विश्व व्यापकता में है, सीमाबद्धता में नहीं। आपका विचार था कि व्यक्तित्व के सम्बन्ध में जनसाधारण की धारणा भ्रमित है। ये लोग व्यक्तित्व को शरीर, मन, स्मृति मानते है जबकि वास्तविकता यह है कि हम अभी तक व्यक्ति नहीं है। हम केवल व्यक्तित्व की प्राप्ति के लिए संघर्षरत हैं तथा हम असीम व्यक्तित्व की प्राप्ति की ओर बढ़ रहे हैं और यही मनुष्य का वास्तविक स्वभाव है।

सार्वभौमिक विज्ञान एवं धर्म के समर्थक– स्वामी जी का विचार था कि वेदान्त और विज्ञान दोनों के सिद्धान्तों में घनिष्ठ सम्बन्ध हैं। तर्क (विज्ञान) के सिद्धान्त के अनुसार वस्तु की व्याख्या उसके भीतर से होनी चाहिए बाहर से नहीं तथा शिष्ट (वस्तु) की व्याख्या सामान्य (वस्तु) द्वारा होनी चाहिए। विज्ञान के इन दोनों सिद्धान्तों को अद्वैत दर्शन स्वीकार करता है अत: विवेकानन्द अद्वैत धर्म को सार्वभौम विज्ञान धर्म के रूप में स्वीकार करते थे तथा समस्त धर्मों में सहयात्री की भावना का विकास चाहते थे। आपके अनुसार मनुष्य कभी भी मिथ्या से सत्य की ओर अग्रसर नहीं होता वरन् सत्य से सत्य की ओर अग्रसर होता है अत: हमें समस्त धर्मों को स्वीकार करना चाहिए अर्थात् विश्व बंधुत्व की भाँति विश्व धर्म को मान्यता देते थे। महान् भारतीय संत

एवं चिन्तक स्वामी विवेकानन्द जी का जीवन दर्शन अत्यन्त गौरवपूर्ण एवं प्रेरणादायक था। आपने प्रत्येक नर–नारी के लिए सन्देश दिया था। जीवन संग्राम में वीर बनो। कहो, सबसे कहो, कि तुम निर्भय हो, भय का त्याग करो, क्योंकि भय पाप हैं, भय अधोलोक है, भय अधार्मिकता है, अतः भय का जीवन में कोई स्थान नहीं है।

स्वामी विवेकानन्द का शिक्षा दर्शन– स्वामी जी का शिक्षा दर्शन पूर्णरूपेण भारतीय वेदान्त और उपनिशद् पर आधारित है। उनका मानना है कि जिस प्रकार सामान्य और आध्यात्मिक ज्ञान मानव के मन में है पर इसकी खोज नहीं हो पाती है छिपा ही रह जाता है और जब इससे आवरण हटाया जाता है तो ऐसा प्रतीत होता है कि हम सीख रहे हैं। वे कहते है कि कोई भी मनुष्य किसी दूसरे को नहीं सिखाता वरन् वह स्वयं ही सीखता है। बाहरी शिक्षक तो केवल सुझाव ही प्रस्तुत करता है जिससे भीतरी शिक्षक को समझने तथा सीखने के लिए प्रेरणा मिल जाती है। इसी दृष्टि से स्वामी जी ने अपने समय की शिक्षा को निषेधात्मक बताया। स्वामी जी ने शिक्षा के व्यवहारिक पक्ष पर बल दिया। राष्ट्र के लोगों को जागरूक करते हुये कहा–कि "तुमको कार्य के प्रत्येक क्षेत्र को व्यवहारिक बनाना पड़ेगा। सम्पूर्ण देश का सिद्धान्तों के ढेरों ने विनाश कर दिया है"। समन्वयवादी दृष्टिकोण के समर्थक स्वामी विवेकानन्द के जीवन दर्शन में ही उनके शैक्षिक गुण की झलक समाहित है। आपने वैसे शिक्षा पर कोई विशेष ग्रन्थ नहीं लिखा परन्तु मनुष्य में परम् सत्ता के गुणों की खोज करते हुये आपने शिक्षा को अन्तर्निहित ज्ञान की पूर्णता की अभिव्यक्ति बताया। भारत के लिए किस प्रकार की शिक्षा हो इस सम्बन्ध में आपका विचार था कि हमें उस शिक्षा की आवश्यकता है जिसके द्वारा चरित्र का निर्माण होता है, मस्तिष्क की शान्ति बढ़ती है, बुद्धि का विकास होता है जिससे मनुष्य अपने स्वयं के पैरों पर खड़ा हो सके अर्थात् विवेकानन्द सैद्धान्तिक शिक्षा की अपेक्षा व्यवहारिक शिक्षा पर अधिक बल देते हैं।

 ISBN : 978-93-80216-12-6

शिक्षा का अर्थ– शिक्षा को स्पष्ट करते हुये स्वामी जी ने कहा कि सच्ची शिक्षा वह है जो मनुष्य को जीवन–संघर्ष के लिए तैयार करे, उसका चरित्र–निर्माण कर उसमें समाज सेवा की भावना को विकसित करे। उनमें शेरों का साहस उत्पन्न करे, उसे वीर–साहसी बनाये। वह शिक्षा को ज्ञान का संग्रह नहीं मानते। एक स्थान पर उन्होंने लिखा है, "यदि शिक्षा का अर्थ सूचनाओं से होता, तो पुस्तकालय संसार के सर्वश्रेष्ठ संत होते तथा विश्वकोष ऋषि बन जाते।" शिक्षा के द्वारा अपनी आत्मा में विश्वास होता है और आत्मा के विश्वास में छिपे हुए ब्रह्मा की जागृति होती है। शिक्षा का तात्पर्य उस ज्ञानार्जन से है जो मानव में सर्वांगीण विकास में सहायक हो। "शिक्षा उस सन्निहित पूर्णता का प्रकाश है जो मनुष्य में पहले से ही विद्यामान है।" स्वामी जी के अनुसार शिक्षा वह स्त्रोत है जिसके द्वारा मनुश्य की शक्तियों की वृद्धि होकर बौद्धिक विकास होता है। आज के इस संक्रमण काल में ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जिससे विश्व के रहस्यपूर्ण तथ्यों को समझा जा सके। शिक्षा ही व्यक्ति में आत्म–विश्वास, व्यक्तिगत विचारों को मौलिकता की प्रेरणा और भावनात्मक जागृति प्रदान करती है।

स्वामी जी ने शिक्षा को विकास का प्रमुख साधन माना तथा शिक्षा को मनुष्य की अन्तर्निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति के रूप में स्वीकार किया। आपने अपने समय की शिक्षा प्रणाली की कटु आलोचना करते हुये शिक्षा के व्यवहारिक पक्ष को स्वीकार किया तथा शिक्षा का कार्य सूचना देना नहीं वरन् बालक का मनुष्य के रूप में निर्माण करना माना। आपने इसका उदाहरण देते हुये कहा कि यदि सूचना प्राप्त करना ही शिक्षा का अर्थ होता तो पुस्तकालय विश्व के महान् संत एंव विश्वकोष विश्व के महान् ऋषि के रूप में माने जाते क्योंकि इनमें सूचना से सम्बन्धित समस्त तत्व विद्यमान हैं। अतः जो मनुष्य पाँच सद्विचारों को अपने जीवन में उतारते हुये व्यक्तित्व का निर्माण करता है वह

 ISBN : 978-93-80216-12-6

उन व्यक्तियों से अधिक शिक्षित है जिन्हें पूरा पुस्तकालय का ज्ञान है और यह ज्ञान व्यक्ति के अंदर छिपा होता है अर्थात् आप वेदान्त के आत्म सम्बन्धी सिद्धान्त में विश्वास करते थे। स्वामी विवेकानन्द ने अपने समय की शैक्षिक प्रक्रिया की आलोचना करते हुये कहा, "वह बाबुओं का उत्पादन करने में सक्षम एक कुशल यंत्र के अतिरिक्त और क्या है?" यदि इतना ही होता तो भी मैं प्रभु को धन्यवाद देता पर कहाँ देखो न, लोग किस प्रकार श्रद्धा व विश्वास से हीन होते जा रहे हैं। वे घोषणा करते हैं कि गीता भ्रमात्मक है स्वामी जी भारत जैसे देश के लिए कैसी शिक्षा चाहते हैं इस सम्बन्ध में आपने कहा कि "हमें उस शिक्षा की आवश्यकता है जिससे मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सकता हो।" अर्थात् आप शिक्षा को सीखने की प्रतिक्रिया के रूप में भी स्वीकार करते थे आपके अनुसार गुरुत्वाकर्षण का सिद्धान्त अपने प्रतिपादन के लिए न्यूटन की खोज नहीं कर रहा था, वरन् वह उसके मस्तिष्क में पहले से ही स्थापित था। न्यूटन तो उसका अन्वेषक था। अतः मनोवैज्ञानिक रूप से कहा जा सकता है कि "सीखना वास्तव में खोज निकालना है।" ज्ञान और शक्ति मनुष्य की आत्मा है परन्तु वह अज्ञानता की ओढ़नी ओढ़े रहती है और अज्ञानता का स्वरूप हटने पर हर मनुष्य सीख चुका होता है। मनुष्य में अज्ञानता का आवरण जितना अधिक हटता है वह उतना ही अधिक ज्ञानी (शिक्षित) होता है और शिक्षा का यही उपयुक्त स्वरूप होता है। स्वामी विवेकानन्द के अनुसार "शिक्षा की व्याख्या शक्ति के विकास के रूप में की जा सकती है। शिक्षा–मनुष्य की अन्तर्निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति है।"

शिक्षा के उद्देश्य– स्वामी जी के रोम–रोम में भारतीयता और आध्यात्मिकता थी। उनका जीवन दर्शन वेदान्त पर निर्भर रहा। शिक्षा के उद्देश्यों की चर्चा बहुत ही व्यापक रूप में की। वह मानते थे कि व्यक्ति अज्ञानता के कारण अपने प्रकृत स्वरूप को नहीं समझ पाता है इसलिए प्राचीन ऋषियों और विद्वानों ने मानव जीवन का लक्ष्य

ISBN : 978-93-80216-12-6

दर्शन की सहायता से बताया क्योंकि इसी के द्वारा वह जीवन को भी व्यवस्थित करती है। जिसे उनके मुख से निकला "तमसो मा ज्योतिर्गमय, असतो मा सद्गमय, मृत्योमाडयम् गमय।" स्वामी जी ने शिक्षा की प्रक्रिया में मुख्य रूप से छात्रों में देश–प्रेम की भावना का विकास एवं समावेश को महत्व दिया। स्वामी जी का कहना है कि "यदि शिक्षा देश–प्रेम की प्रेरणा नहीं देती है तो उसको राष्ट्रीय शिक्षा नहीं कहा जा सकता।" आपने जीवन के चरम लक्ष्य के रूप में आत्मानुभूति को महत्व दिया। अपने इनेहं विचारों को ध्यान में रखते हुए स्वामी जी ने शिक्षा के निम्न उद्देश्य को वर्णित किया–

1. **मनुष्य का मनुष्य के रूप में निर्माण–** स्वामी जी ने मुक्ति की प्राप्ति को जीवन का महत्वपूर्ण लक्ष्य बताया और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए व्यक्तित्व के विकास को आवश्यक माना। व्यक्तित्व के विषय में आपने कहा कि मनुष्य परम् शक्ति का ही अंश है जिसकी प्रकृति आध्यात्मिक है। अतः शिक्षा का प्रमुख दायित्व है मनुष्य का निर्माण एवं उसके स्वाभाविक गुणों का विकास करना। मनुष्य बनने के लिए आपने अन्तर्निहित शक्तियों के सर्वोत्तम विकास पर बल दिया। वर्तमान शिक्षा प्रणाली का उल्लेख करते हुये कहा कि वर्तमान शिक्षा मनुष्य का सक्रिय विकास नहीं करती इस शिक्षा में व्यक्ति में आत्म विश्वास और मौलिक विचारों के विकास पर ध्यान नहीं दिया जाता अतः सभी प्रकार की शिक्षा में प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य "मनुष्य का निर्माण" करना होना चाहिए।
2. **वैयक्तिक एवं सामाजिक उद्देश्य–** स्वामी जी का विचार था कि मुक्ति के लिए प्रयासरत रहना मनुष्य की वास्तविक वृत्ति तथा व्यक्ति और समाज के बीच के उचित सम्बन्ध की ओर इंगित करता है, जबकि कुछ विद्वान व्यक्ति व समाज के बीच परस्पर विरोध का वर्णन करते हैं, इस विषय में विभिन्न विद्वानों के भिन्न–भिन्न विचार हैं। विवेकानन्द जी का विचार था कि यदि

 ISBN : 978-93-80216-12-6

व्यक्तित्व शरीर में है तो वह नष्ट हो जाता है। हम अभी तक व्यक्ति नहीं हैं, हम वैयक्तिकता के लिए संघर्षरत हैं। यह वैयक्तिकता असीम आत्मा हैं और यही मनुष्य की वास्तविक प्रकृति है, आत्मा ही इकाई है क्योंकि वही अनन्त है। इसकी प्राप्ति का साधन त्याग है। त्याग का तात्पर्य पृथक सत्ता का विरोधाभस तथा वास्तविक वैयक्तिकता का अनुभव। जब मनुष्य पूर्णरूप से स्वार्थ का त्याग कर देता है तब उसका स्वरूप असीम हो जाता है। इस चरण में आकर मनुष्य वास्तविक मनुष्य का स्वरूप हो जाता है। अतः इस दृष्टिकोण से व्यक्ति एवं समाज के बीच कोई मतभेद नहीं होता, अतः शिक्षा के द्वारा बालक के वैयक्तिकता का विकास किया जाना चाहिए जिससे शिक्षा के सामाजिक एवं वैयक्तिक दोनों उद्देश्यों की पूर्ति होती है।

3. **शारीरिक एवं मानसिक विकास–** स्वामी जी ने शिक्षा के द्वारा बालक के शारीरिक एवं मानसिक विकास को महत्व दिया। आपके अनुसार, "सार्थक शिक्षा वह है जो बालकों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बना सके जिससे बालक शारीरिक रूप से सुसंगठित तथा उससे चिन्तन एवं निर्णय लेकर निर्भीक एवं बलवान योद्धा के रूप में गीता का अध्ययन करके देश की उन्नति कर सकें। शारीरिक रूप से स्वस्थ होने पर उसका मानसिक विकास भी उचित होगा। मानसिक विकास के उद्देश्य पर बल देते हुये आपने कहा कि, "हमें ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जिसे प्राप्त करके मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सके।"

4. **चरित्र निर्माण का उद्देश्य–** मनुष्य के चरित्र का स्वामी जी की दृष्टि में विशेष महत्व था। अतः आपने चरित्र निर्माण को शिक्षा के एक महत्वपूर्ण उद्देश्य के रूप में स्वीकार किया। आपका विचार था कि एक व्यक्ति अपने जीवन में पाँच सद्विचारों का अनुसरण करते हुये अपने चरित्र का निर्माण करता। अतः चरित्र निर्माण के

 ISBN : 978-93-80216-12-6

बिना शिक्षा उद्देश्यहीन होती है तथा पवित्रता से ब्रह्मचर्य के द्वारा मनुष्य में प्रेम व आध्यात्मिक शक्तियाँ विकसित होंगी तथा वह मन, वचन और कर्म से पवित्र बन जायेगा।

5. **आत्म–विश्वास एवं आत्म–त्याग की भावना का विकास**–स्वामी जी का विचार था कि आत्म विश्वास श्रद्धा एवं त्याग की भावना को विकसित करना शिक्षा का महत्वपूर्ण लक्ष्य होना चाहिए। आपने कहा कि "उठो! जागो और उस समय तक बढ़ते रहो जब तक कि परम उद्देश्य की प्राप्ति न हो जाय।" स्वामी जी ने स्पष्ट किया कि शिक्षा सोये हुये आत्म–विश्वास को जागृत करने एवं विकास का प्रभावशाली कार्य है तथा आत्म–विश्वास से ही मनुष्य में आत्म त्याग, श्रद्धा आदि भावनाओं का विकास होता है और आत्म–विश्वास एवं आत्म–त्याग की भावना की वृद्धि से ही मनुष्य अन्तर्निहित पूर्णता की प्राप्ति की ओर अग्रसर होता है।

6. **राष्ट्रीयता की भावना का विकास**– स्वामी जी का विचार था कि मनुष्य में राष्ट्र प्रेम की भावना सम्पूर्ण राष्ट्र को समृद्धि प्रदान करती है। अतः बालकों में राष्ट्र प्रेम की भावना को विकसित करना मनुष्य का महत्वपूर्ण लक्ष्य होना चाहिए। शिक्षा की रूपरेखा ऐसी हो जो बालक को देश भक्ति की दिशा में अग्रसर होने के लिए अभिप्रेरित करते हुये उसे राष्ट्र कल्याण की दिशा में अग्रसित कर सके। स्वामी जी शिक्षा के द्वारा राष्ट्रीयता ही नहीं बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय की भावना के विकास पर भी बल देते थे।

पाठ्यक्रम– स्वामी जी समन्यवादी दृष्टिकोण के समर्थक थे। आपका विचार था कि आत्म ज्ञान या जीवन के चरम लक्ष्य के अतिरिक्त बालक को अन्य विषयों का भी ज्ञान होना चाहिए। अतः आपने पाठ्यक्रम के आन्तरिक एवं बाहरी दोनों प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति को महत्व दिया। आपके अनुसार जीवन में उद्देश्यों की पूर्ति इस संसार व शरीर के माध्यम से होती है इसलिए पाठ्य विषय में उन समस्त

 ISBN : 978-93-80216-12-6

विषयों के ज्ञान को आवश्यक बतलाया जो इस संसार से सम्बन्धित हैं। अतः आपने आध्यत्मिक पूर्णता हेतु धर्म, दर्शन, पुराण, उपनिशद् व लौकिक समृद्धि के लिए भाषा, अर्थशास्त्र, राजनीति, मनोविज्ञान, कला, व्यवसायिक विषय, कृषि, खेलकूद व व्यायाम आदि विषयों को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया। इसके अतिरिक्त आपने अंग्रेजी भाषा एवं विज्ञान के अध्ययन को भी महत्वपूर्ण माना। आपका विचार था कि हमें तकनीकी शिक्षा (टैक्नीकल एजूकेशन) तथा उन समस्त विषयों का ज्ञान प्राप्त करना चाहिए जिससे औद्योगिक क्षेत्रों में विकास हो क्योंकि आज के युग में विज्ञान की उन्नति के अभाव में देश की उन्नति नहीं सम्भव है। इस संदर्भ में स्वामी जी का कथन है कि "हम अपने ज्ञान के विभिन्न अंगों के साथ–साथ अंग्रेजी भाषा और पाश्चात्य विज्ञान का अध्ययन करना भी आवश्यकता है। हमें प्राविधिक शिक्षा और उन सब विषयों का ज्ञान प्राप्त करना चाहिए जिससे हमारे देश के उद्योगों का विकास हो और मनुष्य नौकरियाँ खोजने के बजाय अपने स्वयं के लिए पर्याप्त धन का अर्जन कर सकें और दुर्दिन के लिए कुछ बचा भी सकें।"

शिक्षण–विधि– शिक्षण पद्धति के विषय में आपका विचार है कि सर्वश्रेष्ठ पद्धति ज्ञान की एकाग्रता है। आपने शिक्षा की पूर्णता आध्यात्मिक सिद्धान्तों पर आधारित बनाने के लिए प्रयास किया इसीलिए आपने चित्त एकाग्रता को महत्वपूर्ण शिक्षण–विधि के रूप में स्वीकार किया। आपका विचार था कि इसके अभाव में मानव जीवन में विभिन्न प्रकार की भूलें करता है। एकाग्रचित व्यक्ति भूल नहीं करता। एक साधारण एवं महान् व्यक्ति में यही अन्तर होता है तथा मनुष्य और पशु में भेद होता है। अतः स्वामी जी ने कहा था कि "ज्ञान का भण्डार केवल चित्त को एकाग्रता की चाबी से खोला जा सकता है।" तब प्रश्न यह उठता है कि एकाग्रता कैसे प्राप्त की जाय। आपका विचार था कि मनुष्य ध्यान को एकाग्रता का अभ्यासी है। अतः शिक्षा के

 ISBN : 978-93-80216-12-6

द्वारा बालक में प्रारम्भ से ही अभ्यास द्वारा ध्यान की एकाग्रता को विकसित किया जा सकता है। स्वामी जी ने धर्म एवं योग विधि से सम्बन्धित विचार था कि योग की अनेक सीढियाँ हैं जैसे– कर्म योग, भक्ति योग, राज योग, ये शक्तियों को नियंत्रित करती हैं तथा केन्द्रीयकरण विधि में व्यक्ति को अपने मन को एकाग्र व केन्द्रित करना हैं। उपदेश विधि के अन्तर्गत उनका विचार गुरु गृहवास से था। अनुकरण विधि से विवेकानन्द जी के विचार था कि गुरु को एक आदर्श का प्रतीक होना चाहिए जिससे चरित्र को ज्वाल्यमान होना चाहिए जिससे छात्र उसका अनुकरण करके सही दिशा को उन्मुख हो। निर्देशन व परामर्श विधि से तात्पर्य व्यक्ति निर्देशन परामर्श शिक्षा की पूर्णता व व्यक्तित्व की पूर्णता की अनुभूति से था तथा क्रियात्मक व व्यावहारिक विधि में आपने साधु–संगति, भ्रमण, सेवाकार्य, खेल–कूद, शारीरिक शिक्षा, उद्योग, शिक्षा एवं कौशलों को सम्मिलित किया।

शिक्षार्थी– विवेकानन्द जी ने फ्रॉबेल की शिक्षा के विषय में बाल केन्द्रित विचारधारा का समर्थन करते हुये कहा कि बालक लौकिक व आध्यात्मिक शिक्षा का भण्डार होता है। आपने बालक की तुलना एक वृक्ष से करते हुये स्पष्ट किया कि जिस प्रकार एक पौधे में विकास करके वृक्ष बनने की शक्ति होती है उसी प्रकार बालक अपनी बुद्धि रूपी शक्ति के कारण बुद्धि के अनुरूप सम्पूर्ण विकास कर सकता है। जिस प्रकार पौधे को हम पोषक तत्व एवं रक्षा प्रदान करते हैं। जिसको ग्रहण करके वह प्रकृति के अनुरूप बढ़ता है वैसे ही बालक को शिक्षा देते समय उसके मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करना चाहिए अर्थात् वे बाल–केन्द्रित शिक्षा के आधार पर बालक के कर्तव्यनिष्ठता, धर्मपरायण एवं जिज्ञासा जैसे गुणों का विकास करना चाहते थे।

शिक्षक– स्वामी विवेकानन्द जी ने शिक्षक के गुणों को वर्णित करते हुये कहा कि, "अध्यापक को पूर्ण ज्ञानी होना चाहिए उसे धर्म ग्रन्थों के सारतत्व की जानकारी होनी चाहिए। अतः एक सच्चे अध्यापक

को ग्रन्थों की मूल आत्मा का ज्ञान होना चाहिए, आपके अनुसार, "शिक्षा योजना में शिक्षक का स्थान महत्वपूर्ण होना चाहिए तथा वह छात्र का पथ–प्रदर्शक एवं सहायक हों। उसमें त्याग, साहस, उत्साह, विश्व–बन्धुता, व्यवहारिक, मानव–निर्माणक, आध्यात्मिक दृष्टि से दिव्य, धार्मिक ग्रन्थों के सार तत्वों का ज्ञानी, दण्ड विरोधी, पवित्र एवं ब्रह्मचर्यपूर्ण तथा मनोवैज्ञानिक विचारधारक जैसे गुणों से पूर्ण होना चाहिए। शिक्षा के विषय में विस्तृत विचारों को व्यक्त करते हुये आपका कथन है कि "वास्तव में किसी के द्वारा कभी शिक्षा नहीं दी गयी हैं। हममें से प्रत्येक को अपने आप को शिक्षा देनी पड़ती है। ब्रह्म शिक्षा केवल ऐसे सुझाव देता है जिससें आत्मा कार्य करने एवं समझने के लिए चैतन्य हो जाती है।"

विद्यालय– स्वामी जी ने विद्यालय का स्वरूप बालक के बौद्धिक, शारीरिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक विकास के आधार पर निर्धारित किया था। अर्थात् "आपने विद्यालय के भविष्य में पृथक् कल्पना नहीं की थी, बल्कि गुरु–गृहवास के सम्बन्ध में अपने विचारों को स्पष्ट करते हुये कहा था कि गुरु शुद्ध वायु से युक्त शान्ति, सुखद एवं सुरम्य स्थल में और आध्यात्मिक विचारों में सहायक वातावरण से पूर्ण होना चाहिए। जिसमें बालकों को प्राकृतिक वातावरण पर आधारित प्रकृति वातावरण में शिक्षा दी जानी चाहिए।" अर्थात् स्वामी जी शिक्षा की प्रक्रिया में विद्यालय का महत्वपूर्ण स्थान मानते थे जिसमें बालक का सम्पूर्ण विकास एवं समाज के अनुकूल उसका समाजीकरण हो सके।

अनुशासन– विवेकानन्द जी प्रचलित अनुशासन के पक्षधर नहीं थे। इसलिए उन्होंने अनुशासन में बालक की स्वतन्त्रता को महत्व दिया। अनुशासन सम्बन्धी विचारों को स्पष्ट करते हुये आपने कहा कि छात्रों को विकास के स्वतन्त्र अवसर दिये जाने चाहिए। छात्र का अयोग्य होने पर भी उसे विवश नहीं करना चाहिए, बल्कि उसमें रचनात्मक विचारों का समावेश करना चाहिए। उसमें नकारात्मक विचार नहीं डालने

 ISBN : 978-93-80216-12-6

चाहिए क्योंकि ऐसे विचार बालक को शारीरिक एवं मानसिक रूप से दुर्बल बना देते हैं तथा वह वैसा ही बनने लगता है। इसलिए बालकों का उत्साहवर्धन एवं मार्गदर्शन करना चाहिए जो उनकी आवश्यकताओं और प्रवृत्तियों के अनुरूप हो जिससे वे स्वावलम्बी एवं पूर्ण मनुष्य बन सकें। इस सम्बन्ध में विवेकानन्द जी का विचार था कि निषेधात्मक शिक्षा या कोई भी नकारात्मक विचार जीवन में नहीं अपनाना चाहिए।

स्त्री–शिक्षा– स्वामी जी ने स्त्री शिक्षा को देश के उत्थान के लिए आवश्यक माना। आपके समय में स्त्री पुरुषों का स्थान समान नहीं था, स्त्रियों को पुरुषों की अपेक्षा लज्जित दृष्टि से देखा जाता था। स्वामी जी ने वेदान्त द्वारा वर्णित आत्मा के स्वरूप को स्पष्ट करते हुये कहा कि यह समझना कठिन हैं कि हमारे देश में स्त्री–पुरुष में इतना भेद क्यों है जबकि वेदान्त में प्रत्येक प्राणी में एक ही आत्मा का निवास बताया गया है। आपने स्त्री शिक्षा के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि "उस परिवार या देश की उन्नति की आशा नहीं की जा सकती जहाँ स्त्रियों की शिक्षा न हो, जहाँ वे सुखमय जीवन व्यतीत न करती हों।" स्वामी जी स्त्री की दीनता, हीनता और पराधीनता के कट्टर विरोधी थे इसीलिए आपने नारी उत्थान के लिए स्त्री शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि "पहले अपनी स्त्रियों को शिक्षित करो, तब वे आपको बतायेगी कि उनके लिए कौन से सुधार आवश्यक हैं। उनके मामलों में तुम बोलने वाले कौन होते हो।"

जनशिक्षा– स्वामी जी ने अपने समय में जन–समुदाय की आर्थिक दृष्टि से हीन दशा को सुधारने हेतु जन शिक्षा को महत्व दिया। स्वामी जी का कथन है कि "मैं जनसाधारण की अवहेलना करना महान् राष्ट्रीय पाप समझता हूँ। यह हमारे पतन का प्रमुख कारण है। जब तक भारत की समान्य जनता को एक बार फिर उपयुक्त शिक्षा, अच्छा भोजन या अच्छी सुरक्षा प्रदान नहीं की जायेगी तब तक प्रत्येक राजनीति बेकार सिद्ध होगी।" स्वामी जी साधारण जनता के उत्थान के लिए आवश्यक

 ISBN : 978-93-80216-12-6

मानते थे कि उन्हें अपनी दशा सुधारने का ज्ञान होना चाहिए। उन्हें अनुभव होना चाहिए, कि उनके चारों ओर क्या हो रहा है, तभी तो उन्नति के लिए उनके मन में भावनाएँ उत्पन्न होंगी।" स्वामी जी जनसाधारण को किस प्रकार की शिक्षा देना चाहते थे। इस सम्बन्ध में कहा जा सकता है कि वे जनता को शिक्षित करने के लिए गाँव–गाँव, घर–घर जाकर ही शिक्षा देने के पक्षधर थे क्योंकि वे शिक्षा प्राप्त करने विद्यालय नहीं जा सकते।

चरित्र शिक्षा– स्वामी जी ने मनुष्य जीवन में उसके चरित्र को विशेष महत्व देते हुए बालक की शिक्षा में चरित्र–निर्माण को प्रमुख स्थान दिया। स्वामी जी का विचार था कि चरित्र निर्माण विचारों से होता है। मनुष्य का विचार जैसा होता है, वैसा ही चरित्र बनता है तथा वह चरित्र के निर्माण में भलाई–बुराई दोनों का योगदान मानते हैं। कुछ स्थिति में सुख की तुलना में विपत्तियाँ अधिक महानतम कार्य करती हैं। जिससे महापुरुषों का सृजन होता है। आपका मानना था कि मनुष्य की स्थिति रेशम के कीड़े के समान होती है। जैसे रेशम का कीड़ा अपने भीतर के तत्वों से रेशम के धागों को अपने चारों ओर बुन लेता है और अंत में उसी में बंद हो जाता हैं ऐसे ही मनुष्य अपने स्वयं के कार्य ग्रह में अपने को बाँध लेता है और अज्ञानवश अपने को बंदी समझता है। इसी प्रकार अच्छे–बुरे प्रभाव व्यक्ति के अन्दर संगठित होकर आदत का निर्माण करते हैं और इन्हीं आदतों (स्वभाव) एवं पूर्व जन्मों के संस्कारों से मनुष्य के चरित्र का निर्माण होता है। स्वामी जी का कथन था कि "मेरी समस्त भावी आशा नवयुवकों में केन्द्रित है जो चरित्रवान हों, बुद्धिमान हों, लोक सेवा के हेतु सर्वतत्व त्यागी और आज्ञापालक हों, जो मेरे विचारों को क्रियाविन्त करने के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग कर सकें। यदि व्यक्ति के विचार उच्च श्रेणी के हैं तो चरित्र भी ऊँचा होगा यदि विचार बुरे हैं तो चरित्र भी निम्न श्रेणी का होगा।"

 ISBN : 978-93-80216-12-6

धार्मिक शिक्षा– आपके अनुसार धार्मिक शिक्षा आत्मा है, आत्म अनुभूि (आत्म साक्षात्कार) है न कि अन्धविश्वास एवं सिद्धान्त। जिस प्रकार शल्य चिकित्सक के ग्रन्थों को पढ़कर व्यक्ति शल्य चिकित्सक नहीं बन सकता उसी प्रकार व्यक्ति केवल धर्म ग्रन्थ पढ़कर तब तक धर्म या ईश्वर को नहीं पा सकता जब तक वह साधना के द्वारा स्वयं परमात्मा का अनुभव नहीं करता। आत्मा की अनुभूति हृदय द्वारा होती है परन्तु हमारी शिक्षा बौद्धिक होने के कारण हृदय को परिष्कृत करती है बालकों की शिक्षा में धर्म के स्थान को स्पष्ट करते हुये कहा कि "विश्व की महान् विभूतियों के प्रति श्रद्धा तथा आदर की भावना जागृत करना धर्म के अन्तर्गत आता हैं। वे महान् आत्माएँ जिन्होंने सत्य को खोज के लिए आत्मोत्सर्ग कर दिया है उनके आदर्शों का अनुकरण, उनके चरित्रों का चिन्तन मनन करके बालकों के हृदय की दुर्बलता दूर होती है तथा शक्ति प्राप्त होती है। अर्थात् आत्मानुभूति एवं आत्म साक्षात्कार ही धर्म की शिक्षा का वास्तविक स्वरूप है।" आपका विचार था कि धर्म के अभाव में मनुष्य शक्तिहीन होता है। आपके शब्दों में, "शक्तिहीनता ही पाप व बुराइयों की जननी है।" अतः प्रत्येक व्यक्ति को 'सोहम्' का जप करते हुये वास्तविक प्रकृति का स्मरण, मनन, श्रवण करना चाहिए।

उपर्युक्त समस्त पहलुओं के विवरण के आधार पर कहा जा सकता हैं कि स्वामी जी द्वारा प्रतिपादित शिक्षा दर्शन उच्च कोटि का शैक्षिक दर्शन था। जहाँ आपने बालक के सर्वांगीण विकास को बल दिया वहीं आपने स्त्री शिक्षा, जन समुदाय, धार्मिक, चारित्रिक शिक्षा आदि अनेक पक्षों की विस्तृत व्याख्या स्पष्ट की। अर्थात् आप शिक्षा में आमूल परिवर्तन करना चाहते थे। डॉ. आर. एस. मनी के शब्दों में, "उनके जीवन का लक्ष्य इस बात का प्रचार करना था कि लोगों में श्रद्धा तथा मानसिक साहस का विकास हो, वे आत्मा का ज्ञान प्राप्त करें, तथा अपने जीवन को दूसरों की भलाई के लिए त्याग दें। यही थी उनकी इच्छा एवं

आशीर्वाद।"

स्वामी विवेकानन्द जी ने ऐसी राष्ट्रीय शिक्षा संस्था स्थापित की जिस पर विदेशी चिन्तन की संस्कृति का प्रभाव न था। आपके जीवन एवं शिक्षा दर्शन में समन्वयवादी एवं आदर्शवादी दृष्टिकोण की झलक दिखती है। डॉ. काटजू के अनुसार, "हम अपने राष्ट्र सम्मान के लिए ऋणी हैं और इसी आत्म सम्मान है जो बाद में गाँधी जी के स्वतन्त्रता आन्दोलन की नींव बनीं।" स्वामी जी के शिक्षा पद्धति से प्रभावित होकर पं. जवाहरलाल नेहरू जी ने लिखा था कि "भारत के अतीत में अटल आस्था रखते हुए और भारत की विरासत पर गर्व करते हुये भी, विवेकानन्द का जीवन की समस्याओं के प्रति आधुनिक दृष्टिकोण था और वे भारत के अतीत तथा वर्तमान के बीच एक प्रकार के संयोजक थे।"

सन्दर्भ–

1. *पाण्डेय, रामशकल (2009), विश्व के श्रेष्ठ शिक्षा–शास्त्री, आगरा–2: अग्रवाल पब्लिकेशन।*
2. *वालिया, जे. एस. (2009), उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षा, जालन्धर: अहम् पाल पब्लिशर्ज।*
3. *ओड;, लक्ष्मीलाल के. (2005), शिक्षा की दार्शनिक पृष्ठभूमि, जयपुर: राजस्थान हिन्दी अकादमी।*
4. *वर्मा वेदप्रकाश (1994), नीति शास्त्र के मूल सिद्धान्त, नई दिल्ली: एलाइड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड।*
5. *अल्तेकर, ए.एस. (1968), प्राचीन भारतीय शिक्षण पद्धति, वाराणसी: नन्दकिशोर एण्ड ब्रदर्स।*
6. *रस्क, आर. आर. (0000), शिक्षा के दार्शनिक आधार, जयपुर: राजस्थान हिन्दी अकादमी।*

 ISBN : 978-93-80216-12-6

स्वामी विवेकानन्द एवं उनका नारी विषयक दृष्टिकोण

डॉ. लक्ष्मीना भारती
असि. प्रो. राजनीति विज्ञान विभाग
राजकीय महिला महा., फतेहपुर

संक्रमणकाल के दौर से गुजरता पराधीन भारत जब विवशतापूर्वक अपना धर्म, अपनी संस्कृति, सभ्यता एवं अपने आध्यात्मिक बल को खोता जा रहा था, उस समय देश के सामाजिक एवं धार्मिक मंच पर दिव्य युगदृष्टा स्वामी विवेकानन्द (इतिहास की अग्रिम कड़ी में 12 जनवरी सन् 1863 ई. का दिन इसलिए महत्वपूर्ण माना गया है कि इस दिन में जन्में व्यक्ति ने दुनिया में मानवता एवं अमरता का संदेश दिया) जैसे युग पुरुष का अभ्युदय हुआ। ऐसे समय में जबकि भारत में राजनीतिक उदासीनता एवं निराशा ने भारतवासियों को अकर्मण्य बना दिया था, आपने सांस्कृतिक राष्ट्रीयता का दर्शन देकर कर्म, सेवा एवं त्याग पर आधारित राष्ट्रीयता की नई परिभाषा प्रस्तुत की। शोषण, अत्याचार, गरीबी, शिक्षा जैसी सामाजिक बुराइयों से जूझने का मनोबल स्वामीजी के राजनीतिक दर्शन में पाया जाता है जिसमें विश्व के कई समकालीन मानवतावादी, राजनैतिक एवं आध्यात्मिक दर्शनों का सार निहित है। स्वामी विवेकानन्द जी ने पाश्चात्य की अंधेरी गलियों में भटकती हुई नयी पीढ़ी को प्राच्य के सात्विक वैभव के पास लाकर स्वर्णिम दिशा प्रदान की। विश्व मानवता के सजग प्रहरी के रूप में स्वामी विवेकानन्द ने जगत को जहाँ एक ओर सवाभिमान और संस्कृति का पाठ तो पढ़ाया ही, वहीं दूसरी ओर आदर्श जीवन दर्शन को अपनाने की शिक्षा भी दी जिससे माानव के नव–निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। भारत को आध्यात्मिक विश्व गुरु के रुप में प्रतिष्ठित करने व युवा भारत को जागृति का संदेश देने वाले स्वामी विवेकानन्द धर्म निरपेक्ष

ISBN : 978-93-80216-12-6

समाज में स्त्रियों को गौरवपूर्ण स्थान दिलाने, गरीबों की मुक्ति व दलितों के शोषण के उन्मूलन इत्यादि के कट्टर हिमायती थे।

किसी विशाल वट वृक्ष के नीचे खड़े होकर जब हम विस्तृत आयतन की ओर विस्मयमुग्ध होकर देखते हैं, तब क्या यह सोच भी सकते हैं कि यह विराट वृक्ष एक दिन सरसों के छोटे से बीज के भीतर छिपा हुआ था? उसी प्रकार 12 जनवरी 1863 ईसवी, पौष कृष्ण सप्तमी तिथि के दिन कलकत्ते के सिमला मुहल्ले में विश्वनाथदत्त और भुवनेश्वरी देवी की प्रजा पुत्र संतान के रूप में जो शिशु जन्मा, उसे देखकर उस समय कौन सोच पाया होगा कि भविष्य में उसके मात्र उन्तालीस के जीवन में एक ऐसी आश्चर्यजनक प्रतिभा, ऐसी महान शान्ति का विकास होगा, जिसका प्रभाव देशकाल की सीमा के भीतर सीमाबद्ध नहीं रहेगा, जो भिन्न–भिन्न समय के भिन्न–भिन्न परिस्थितियों में पले, भिन्न–भिन्न नर–नारियों के, प्राणी मानवता की शाश्वत् महिमा, सत्य, न्याय मैत्री की सजीव प्रेम एवं निर्भय हो लोक–कल्याण साधन करने की स्फूर्ति जगाते रहें। नरेन्द्रनाथ के पिता विश्वनाथदत्त कलकत्ता हाईकोर्ट के व्याख्यात एटर्नी थे। वे अंग्रेजी और फारसी भाषा के विद्वान, बुद्धिमान एवं संगीत प्रेमी व्यक्ति थे। धीर–गंभीर स्वभाव, विद्यानुराग, तेजस्विता, उदारता एवं स्वाधीन विचार यह उनके चरित्र की विशेषता थी। साथ ही वे गरीबों के प्रति सदा सहानुभूतिसम्पन्न, दान में मुक्तहस्त एवं अनेक आत्मीय स्वजन आदि के प्रतिपालक थे। माता भुवनेश्वरी देवी का चरित्र भी अनुपम था। वे रमणीकुल के रत्नस्वरूपा थीं, तभी तो वे रत्नगर्भी बन सकीं। हिन्दू समाज में नारियाँ ही शक्ति की मूल उद्गम हैं, उन्हीं के व्यक्तित्व एवं चरित्र का प्रभाव उनकी संतानां पर विशेष रूप से पड़ता है। भुवनेश्वरी देवी बुद्धिमती, कार्यकुशल एवं शक्तिपरायण थी। अपने मधुर स्वभाव के कारण वे सबकी प्रिय थी। देवी–देवताओं के प्रति वे श्रद्धापरायण थीं तथा भक्तिपूर्ण पूजा अर्चना आदि किया करती थीं। उनके जैसी तेजस्विनी एवं सर्वगुणसम्पन्न नारी वास्तव में विरली

 ISBN : 978-93-80216-12-6

होती हैं। आगे चलकर किसी समय विवेकानन्द ने कहा था– "मुझमें जो ज्ञान का विकास हुआ है, उसके लिए मैं अपनी माता का चिरऋणी हूँ।"

उनके जीवन पर सर्वाधिक प्रभावव उनके गुरु श्री रामकृष्ण परमहंस का था। बंगाल के इस महान संत का शिष्यत्व प्राप्त कर नरेन्द्रनाथदत्त स्वामी विवेकानन्द बन गये। भारत में उन्होंने हिन्दू जाति की अंतरात्मा को जगाने का प्रयास किया और सामाजिक बुराईयों, कुप्रथाओं, अंधविश्वासों को दूर करने का प्रयास किया। स्वामी विवेकानन्द जी के सामाजिक दर्शन का एक अति महत्वपूर्ण पहलू है 'स्त्रीमुक्ति' सम्बन्धी उनके विचार। 19वीं शताब्दी में भारतीय महिलाओं की स्थिति शूद्रों या दासों से किसी भी प्रकार अलग नहीं थी। यही कारण है कि राजारामोहन राय व उनके बाद के समाज–सुधारकों ने स्त्रियों की दशा सुधारने के लिए व्यापक अभियान चलाया। स्वामी विवेकानन्द जी भी महिलाओं की स्थिति को सुधारकर उन्हें समान स्तर देना चाहते हैं। वे स्त्री को 'शान्ति रूप' मानते हैं। शान्ति के बिना विश्व का पुनर्जीवन संभव नहीं है। विवेकानन्द जी मानते थे कि हमारे देश के अति निर्बल एवं पिछड़ेपन का मुख्य कारण है 'शान्ति' को असम्मान देना। अपने अमेरिका व यूरोप भ्रमण के दौरान उन्होंने देखा कि वहाँ पर 'शान्ति' की उपासना की जाती है, महत्व दिया जाता है, किन्तु फिर भी इसकी पूजा, उपासना ऐन्द्रिय संतुष्टि के माध्यम से करते हैं। तब कल्पना करो कि उन्हें कितनी अपार भलाई प्राप्त होगी जो उसकी पूजा पूर्ण शुद्धता से, सात्विक चेतना से और 'उसे' अपनी माता मानते हुए करते हैं। इसीलिए उन्होंने अपने शिष्यों एवं गुरु भाइयों को यह उपदेश दिया कि वे पूर्ण ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए प्रत्येक स्त्री को माँ के रूप में देखें।

एक बार स्वामी विवेकानन्द शिकागो जाने की तैयारियों में थे। मद्रास की जनता को विदा कर वे खेतड़ी महाराज के मकान में पहुँचे। महाराज ने उनका आदर सत्कार किया, महाराज स्वामी जी के आगमन से खुश

 ISBN : 978-93-80216-12-6

हुए। राजकुमार के जन्म की खुशी में महल में एक दरबार लगाया गया था और नाचने गाने के लिए वहाँ एक तवायफ आने वाली थी। यह जानकर स्वामी विवेकानन्द ने महाराज से कहा, मुझ जैसे सन्यासी के लिए तवायफ का नाच–गाना देखना उचित नहीं है। यह कहकर वे अतिथि गृह की ओर चले गए। जब तवायफ को पता चला कि स्वामी जी मेरी वजह से राजदरबार से उठकर गए हैं तो उसका मन दुःखी हुआ। उसने राजदरबार में नृत्य नहीं किया। वह साज बजाने वालों से बोली, "आप धुन बजाइए आज मैं सिर्फ गाना गाऊँगी।" वह विदुशी थी। इसलिए कोई उसकी बात को मना न कर सका। धुन बजते ही उसने अपना राग अलाप दिया। उसके अलाप की गूँज स्वामी जी के कानों में जा पहुँची। उसे सुनकर स्वामीजी जी उसके पास आकर खड़े हो गए। गायिका ने उनके चरणों में शीश झुकाते हुए कहा "स्वामी जी! हमारा कोई ठिकाना नहीं है। यदि आप अपना दर्शन देकर हमारा उद्धार नहीं करेंगे तो हमें मुक्ति की राह कैसे मिलेगी?" यह सुनकर स्वामी जी आँखों से आँसू छलक पड़े। उन्होंने उस गायिका से कहा, "मैं शिकागों जाने वाला था, यदि मुझे यहाँ आने का मौका न मिलता तो मेरा प्रतिनिधित्व अधूरा रह जाता।" विवेकानन्द को उसकी आवाज में सरस्वती जी का वास लग रहा था। उन्होंने कहा, "हे गायिका माँ! तुम्हारी आवाज सुनकर मुझे जो ज्ञान प्राप्त हुआ है वह मेरे लिए अलौकिक है! इस ज्ञान को तुम्हारे सिवा मुझे अन्य कोई नहीं दे सकता। हे माँ! तुम मेरे अपराधों को क्षमा कर देना।" उस गायिका से मिलकर नारी से सम्बन्धित एक नए सत्य का ज्ञान स्वामी जी को प्राप्त हुआ।

नारी के सम्बन्ध में स्वामी जी कहते हैं– "जब तक महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं होगा तब तक विश्व का कल्याण होना असंभव है क्योंकि पंछी कभी एक पंख से नहीं उड़ सकता।"

स्वामी जी का कहना था कि अमेरिका में दरिद्रता का कहीं नामोनिशान नहीं है। यहाँ की महिलाओं का हृदय हिम की तरह निर्मल और पवित्र

 ISBN : 978-93-80216-12-6

है। ये महिलायें समाज के विकास में पूरी निष्ठा से कार्यरत हैं। ये अपने समाज की उन्नति के बारे में सोचती हैं। यहाँ सामाजिक कार्यों का नियंत्रण महिलाओं के हाथों में है। यहाँ उनका हर जगह सम्मान है। मुझे यह देश माँ–बहनों की उदारता से भरा लगता है। यहाँ के पुरुष भी महिलाओं को सम्मान की दृष्टि से देखते हैं, जबकि हमारे देश के लोग महिलाओं को हेय दृष्टि से देखते हैं। यहाँ की स्त्रियाँ बहुत समझदार हैं। वे 25–30 साल की आयु के पहले अपना विवाह नहीं करती। ये आसमान में उड़ने वाले पंक्षी की तरह स्वतंत्र है।

"भारतवर्ष में स्त्री जीवन के आदर्श का आरम्भ और अंत मातृत्व में ही होता है। प्रत्येक हिन्दू के मन में 'स्त्री' शब्द के उच्चारण से मातृत्व का स्मरण हो आता है, और हमारे यहाँ ईश्वर को माँ कहा जाता है।" पश्चिम में स्त्री पत्नी है। वहाँ पत्नी के रूप में ही स्त्री का भाव केन्द्रीभूत मानते हैं। पाश्चात्य देशों में गृह की स्वामीनि और शासिका पत्नी है, भारतीय गृहों में घर की स्वामीनि और शासिका माता है। पाश्चात्य गृह में यदि माता हो तो भी उसे पत्नी के अधीन रहना पड़ता है। क्योंकि घर पत्नी का है। मुझे यहाँ वह पुत्र दिखाई नहीं देता, जो कहता हो की माता का पद प्रथम है। भारतवर्ष में स्त्रीत्व मातृत्व का ही बोधक है, मातृत्व में महाजातकी स्वार्थ शून्यता, कष्ट सहिष्णुता और क्षमाशीलता का भाव निहित है। पत्नी तो छाया की तरह पीछे चलती है, उसे माता के जीवन का अनुकरण करना पड़ता है, यही उसका कर्तव्य है। भारतवर्ष में यदि कोई बालक अपराध करता है, तो पिता ही उसे मारता–पीटता है, माता सदैव पिता और बालक के बीच बचाव करती है। इस नश्वर संसार में ईश्वर के प्रेम के समीपतम माता का ही प्रेम है। हमारे शास्त्रों के अनुसार जन्म पूर्व प्रभाव बालक को शुभ या अशुभ प्रवृत्तियुक्त बनाता है। आप सैंकड़ो महाविद्यालयों में अध्ययन करें, लाखों ग्रंथ पढ़ डालें, संसार के समस्त विद्वानों के संसर्ग का लाभ उठायें किन्तु यदि आपने शुभ संस्कार लेकर जन्म

 ISBN : 978-93-80216-12-6

लिया है, तो आप इन सबसे अच्छे रहोगे। यदि आपको माता ने रोगी शरीर दिया है तो कितने ही औषधि का सेवन करें फिर भी स्वस्थ नहीं हो सकते।

भारतीय समाज में स्त्रियों के विभिन्न सम्बन्ध हैं। माता का स्थान सबसे उच्च है, दूसरा स्थान पत्नी का है, उसके बाद कन्या का स्थान आता है। "जिस समाज में सीता का निर्माण हुआ फिर वह काल्पनिक क्यों न हो उस समाज में स्त्री का जितना आदर है उतना दुनिया में कहीं देखने को नहीं मिलेगा यह मैं समझा हूँ।"

हिन्दू स्त्रियाँ बहुत ही आध्यात्मिक और धार्मिक होती है। कदाचित संसार की सभी महिलाओं से अधिक। यदि हम उनकी सुन्दर विशष्टिताओं की रक्षा करें और साथ ही उनका बौद्धिक विकास भी कर सकें तो भविष्य की भारतीय नारी संसार की आदर्श नारी होगी।

संदर्भ–

1. *विनोद तिवारी– स्वामी विवेकानन्द, मनोज पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 2011*
2. *स्वामी ब्रह्मस्थानंद– भाक्तिदायी विचार, अध्यक्ष, रामकृष्ण मठ, धंतोली नागपुर, 1988*
3. *स्वामी विवेकानन्द पूर्व और पश्चिम की संत महिलाएँ, प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रकाशन मंत्रालय, दिल्ली–6 जून, 1962*
4. *विवेकानन्द साहित्य, द्वितीय खण्ड, अद्वैत आश्रम 5, दिही एन्टाली रोड, कलकत्ता– 14*
5. *योजना, जनवरी– 2012*
6. *जनसत्ता, समाचार पत्र, 12 जनवरी, 2011*
7. *राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र, 12 जनवरी, 2013*

विवेकानन्द एवं वर्तमान शिक्षा प्रणाली

डॉ. शकुन्तला

असि. प्रो., राजनीति विज्ञान विभाग
डॉ. बी.आर. अम्बेडकर राजकीय
महिला महा., फतेहपुर उ.प्र.

" Education is the manifestation of perfection already in man."

(अर्थात– शिक्षा मनुष्य के अंतर में पहले से स्थित पूर्णता को व्यक्त करने का माध्यम है।)

–विवेकानन्द

स्वामी विवेकानन्द आधुनिक भारत के मन्त्रदृष्टा और पुरोधा थे। वे मातृभूमि की वर्तमान दुरवस्था से भी पूरी तरह परिचित थे। इसके लिए उन्होंने वर्तमान शिक्षा प्रणाली को उत्तरदायी माना। विवेकानन्द जी ने अपने विचारों द्वारा राष्ट्रीय जीवन को एक नई दिशा दी। स्वामी जी का आक्षेप था कि वर्तमान शिक्षा ऐसी है जो मनुष्य और उसके चरित्र का निर्माण नहीं करती। शिक्षा का लक्ष्य तो जीवन का निर्माण है, चरित्र का निर्माण है, मानव का निर्माण है। वर्तमान शिक्षा इन लक्ष्यों की पूर्ति में सहायक नहीं है। स्वामी विवेकानन्द ने वर्तमान शिक्षा को अभावात्मक (Negative) बताया जहाँ छात्रों को अपनी सभ्यता, संस्कृति के बारे में कुछ भी सीखने को नहीं मिलता। जहाँ उनमें जीवन के वास्तविक मूल्यों का पाठ नहीं पढ़ाया जाता और जहाँ शिक्षार्थियों में श्रृद्धा का अभाव पनपता है। वर्तमान नकारात्मक शिक्षा के बारे में विवेकानन्द ने कहा– "ऐसा प्रशिक्षण जो नकारात्मक पद्धति पर आधारित हो मृत्यु से भी बुरा है। बच्चा स्कूल ले जाया जाता है और पहली बात सीखता है कि उसका पिता मूर्ख है, दूसरी बात सीखता है कि उसका बाबा पागल है तीसरी कि उसके सभी शिक्षक पाखण्डी है, चौथी कि सभी पवित्र ग्रन्थ झूठे हैं। 16 वर्ष

 ISBN : 978-93-80216-12-6

का होते–होते तो वह छात्र निषेधों का एक समूह, अस्थिहीन और जीवनहीन बन जाता है। यही कारण है कि 50 वर्षों में भी यह शिक्षा एक मौलिक व्यक्ति पैदा नहीं कर सकी है। प्रत्येक व्यक्ति जिसमें मौलिकता है इस देश में नहीं बल्कि कहीं और पढ़ाया गया है अथवा फिर उसे अन्धविश्वासों से मुक्त होने के लिए अपने देश के पुरातन शिक्षालयों में जाना पड़ा है।"

स्वामी विवेकानन्द अँग्रजों की शिक्षा प्रणाली को वे क्लर्कों का निर्माण करने वाला यन्त्र मानते थे। उनका कहना था, "तुम्हारी शिक्षा का उद्‌देश्य क्या है? या तो मुंशी गिरी मिलना या अधिक से अधिक डिप्टी मजिस्ट्रेट बन जाना जो मुंशी गिरी का ही दूसरा रूप है। बस यही न। इससे तुमको या तुम्हारे देश को क्या लाभ होगा? आँखे खोलकर देखो जो भारत खण्ड अन्न का अक्षय भण्डार रहा है, आज उसी अन्न के लिए कैसी करूण पुकार उठ रही है। क्या तुम्हारी शिक्षा इस अभाव की पूर्ति करेगी। वह शिक्षा जो जनसमुदाय को जीवन संग्राम के उपयुक्त नहीं बनाती जो उनकी चरित्र शक्ति का विकास नहीं करती तो उनमें दया का भाव और सिंह का साहस नहीं भरती क्या उसे भी हम शिक्षा का नाम दे सकते हैं।"

स्वामी जी गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के समर्थक थे। जहाँ छात्र शिक्षक के निकटतम सम्पर्क में रह सके और उनमें पवित्रता, ज्ञानलिप्सा, धैर्य, विनम्रता, विश्वास तथा आदर की भावना पनप सके। वे शिक्षा संस्थाओं को नगरों के बाहर प्राकृतिक वातावरण में स्थापित करने के पक्ष में थे ताकि छात्रों को शुद्ध वातावरण मिल सके तथा प्रकृति की गोद में उनका शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास हो सके।

ऐसा प्रतीत होता है कि स्वामी विवेकानन्द जी गुरु शिष्य के सम्बन्ध में कबीरदास की इस भावना से सहमत है–

'गुरु तो ऐसा चाहिए, शिष्य से कुछ नही लेय।
शिष्य तो ऐसा चाहिए, गुरु को सब कुछ देय।।

 ISBN : 978-93-80216-12-6

स्वामी विवेकानन्द ने अपनी शिक्षा के स्वरूप में निम्नलिखित आधारभूत सिद्धान्तों पर बल दिया है:–

* शिक्षा व्यक्ति के लिए अनिवार्य एवं निःशुल्क होनी चाहिए।
* शिक्षा का माध्यम मातृभाषा हो तथा एक राष्ट्रभाषा की अनिवार्यता हो।
* शिक्षा चरित्र निर्माण, मनुष्य निर्माण एवं जीवन निर्माणकारी होनी चाहिए।
* धार्मिक शिक्षा सर्वधर्म, समन्वयवादी होनी चाहिए।
* शिक्षा व्यक्ति को आत्म निर्भर बनाने वाली हो।
* शिक्षा व्यक्ति के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास करने वाली हो।
* राज्य सरकार के नियन्त्रण से विहीन शिक्षा हो।
* व्यक्ति व समाज हित में समन्वयकारी शिक्षा।
* सभी के लिए शिक्षा के समान अवसर हो।
* रूचि एवं बौद्धिक भिन्नता के आधार पर शिक्षा।
* शिक्षा में सकारात्मक विचार हो।
* मोक्ष की प्राप्ति के लिए प्रेरित करना।
* विदेशी अधिकार से स्वतन्त्र रहकर अपने निजी ज्ञान भण्डार की विभिन्न शाखाओं तथा पाश्चात्य विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा का अध्ययन करना।
* ऐसी यान्त्रिक एवं औद्योगिक शिक्षा का प्रबन्ध एवं विकास तथा उद्योग धन्धों की वृद्धि जिनसे व्यक्ति नौकरी के लिए मारा मारा न घूमे, आवश्यकता की पूर्ति के लिए पर्याप्त कमाई कर सके तथा भविष्य के लिए कुछ अर्थ संचय कर सके।
* उपरोक्त लक्ष्य के प्राप्ति के लिए योग्य ब्रह्मचारी आचार्यों तपस्वी व त्यागी पुरुषों व महिलाओं को तैयार करना।

 ISBN : 978-93-80216-12-6

स्वामी विवेकानन्द ने शिक्षण के पाठ्यक्रम में निम्नलिखित विषयों का समावेश किया–

(1) दर्शन की शिक्षा।

(2) वेदान्तिक शिक्षा।

(3) धार्मिक शिक्षा।

(4) योग के चार मार्गों की शिक्षा।

(5) राष्ट्र भाषा।

(6) शिक्षा मातृभाषा में।

(7) संस्कृत की शिक्षा।

(8) अँगेजी की शिक्षा (सम्पर्क भाषा के लिए एवं अनुसंधान के कार्य को जानने के लिए)।

(9) भूगोल, इतिहास, विज्ञान एवं साहित्य की शिक्षा।

(10 कलात्मक विषय।

(11) मनोविज्ञान की शिक्षा।

(12) शारीरिक शिक्षा।

(13) वैज्ञानिक विषयों की शिक्षा।

स्वामी विवेकानन्द ने न सिर्फ शिक्षा के सिद्धान्तों पर बल दिया बल्कि वे निःशुल्क शिक्षा के पक्ष में थे क्योंकि उनके मत से शिक्षा देने का कार्य त्यागी एवं तपस्वी पुरुषों का ही है जो आर्थिक लोभ से दूर हो। स्वामी विवेकानन्द जी ने छात्रों के लिए शिक्षा गृहण करने के पश्चात् मूल्यांकन की कोई निश्चित प्रणाली प्रस्तुत नहीं की। शायद वे ज्ञान का मूल्यांकन मौखिक परीक्षा या प्रयोगात्मक अर्जित ज्ञान के आधार पर करना चाहते थे। वे किसी डिग्री के पक्ष में भी नहीं थे। छात्रों की योग्यता का मूल्यांकन नैतिक गुणों के आधार पर करते थे। विवेकानन्द जी गरीबों को मौखिक शिक्षा देने के हिमायती थे।

ISBN : 978-93-80216-12-6

विवेकानन्द शिक्षा के क्षेत्र में राज्य के हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करते थे। वे कहा करते थे कि शिक्षा अनिवार्य एवं निःशुल्क हो राज्य को उसमें सहायता देनी चाहिए। साथ ही साथ उन्होंने शिक्षा को स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा संचालित करने के ऊपर बल दिया।

विवेकानन्द के अनुसार बिना स्त्री शिक्षा के राष्ट्र की उन्नति असम्भव है। विवेकानन्द शिक्षा की दृष्टि से स्त्री और पुरुष में भेद नहीं करते है उन्होंने स्त्री शिक्षा के सम्बन्ध में निम्नलिखित सुझाव दिये।

(1) स्त्री शिक्षा का प्रसार सर्वसाधारण में होना चाहिए।

(2) स्त्रियों में शिक्षा का प्रसार ब्रह्मचारिणियों द्वारा होना चाहिए।

(3) शिक्षा का प्रसार करते समय वर्तमान उपलब्ध सस्ते वैज्ञानिक साधनों का प्रयोग करना चाहिए।

(4) चरित्र व नैतिकता की शिक्षा सीता जैसी महान देवी का आदर्श रखकर देनी चाहिए।

स्वामी जी ने न सिर्फ स्त्री शिक्षा की बात की बल्कि जनसमुदाय की शिक्षा की अवहेलना करना महान पाप समझते थे वह कहते थे “हमारा महान रूप जन समुदाय की अवहेलना करना और यही हमारे अंत: पतन का कारण है। राजनीति चाहे जितनी अधिक मात्रा में रहे पर उससे तब तक कोई लाभ न होगा जब तक भारत वर्ष की जनता पुनः एक बार सुशिक्षित न हो जाये जब तक उसे भरपेट भोजन न मिले और इस प्रकार उसकी सुविधा की ओर ध्यान न दिया जाये।”

स्वामी विवेकानन्द जी निर्धन तथा पद्दलित की दशा से अत्यन्त क्षुब्ध थे। उनका कहना था स्मरण रहे हमारा राष्ट्र झोपड़ियों में बसता है। वर्तमान समय में तुम्हारा कर्तव्य है कि तुम देश के एक भाग से दूसरे भाग में जाओ और गाँव–गाँव जाकर लोगों को समझाओं कि अब आलस्य के साथ केवल बैठे रहने से काम नहीं चलेगा उन्हें उनकी यथार्थ अवस्था का परिचय कराओ और कहो भाईयों सब कोई उठो।

 ISBN : 978-93-80216-12-6

जागो। अब और कितना सोओग? जाओ और उन्हें अपनी अवस्था सुधारने की सलाह दो और शास्त्रों की बातों को विशद रूप से सफलतापूर्वक समझाते हुए उदात्त सत्यों का ज्ञान कराओ। उनके मन में यह बात जमा दो कि ब्राह्मणों के समान उनका भी धर्म पर वही अधिकार है। सभी को चाण्डाल तक को भी इन्हीं जाज्वल्यमानमंत्रो का उपदेश दो। उन्हें सरल शब्दों में जीवन के लिये आवश्यक विषयों तथा वाणिज्य व्यापार और कृषि आदि की भी शिक्षा दो।"

स्वामी जी कहते है कि कोई देश उसी अनुपात के उन्नत हुआ करता है जिस अनुपात में वहाँ के जन समूह में शिक्षा और बुद्धि का प्रसार होता है।

स्वामी जी के शिक्षा सम्बन्धी विचारों से स्पष्ट होता है कि स्वामी जी अपने देश की गरीबी, अशिक्षा बेकारी और अधोपतन से दुखी थे। वह देश के नागरिकों को औद्योगिक एवं तकनीकी शिक्षा देना चाहते थे। इसके साथ ही दर्शन, भूगोल, इतिहास, भाषा, कला की शिक्षा देना चाहते थे। वह मानव निर्माण चाहते थे। मानव निर्माण के लिए सम्पूर्ण व्यक्तित्व का समविकास आवश्यक मानते थे। इसलिए स्वामी जी बौद्धिक, आध्यात्मिक एवं शारीरिक विषयों की शिक्षा तथा जीवन निर्माणकारी शिक्षा देने के पक्षधर थे।

सन्दर्भ–

1. *आधुनिक भारतीय सामाजिक एवं राजनीतिक चिन्तन– अवस्थी एवं अवस्थी*
2. *आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिन्तन– डॉ. वी.पी. वर्मा*
3. *राजनीतिक चिन्तन की रूपरेखा– ओ.पी. गाबा*
4. *राजनीति विचारक विश्वकोष– ओ.पी. गाबा*
5. *भारतीय राजनीतिक चिन्तन– बी.एल. फड़िया*
6. *भारतीय राजनीतिक चिन्तन– प्रो. जीवन महता*

 ISBN : 978-93-80216-12-6

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और स्वामी विवेकानन्द

डॉ. बॉबी यादव
असि. प्रो. हिन्दी विभाग
मा.का.रा.महा., गाजियाबाद

स्वामी विवेकानन्द भारतीय 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' के अग्रदूत माने जाते हैं। यह बात अलग है कि अपने समस्त साहित्यिक लेखन में स्वामी जी ने कहीं भी उक्त शब्दावली का प्रयोग नहीं किया तथापि इनके लेखन में यह विचार बार–बार परिलक्षित होता है। स्वामी जी की कर्मभूमि परतंत्र भारत थी। अतः इनके विचारों में सांस्कृतिक उन्नयन तथा राष्ट्रीय चेतना का होना अवश्यंभावी है।

जिस प्रकार राजा राममोहन राय को 'भारत का प्रथम आधुनिक व्यक्ति' माना जाता है, उसी प्रकार स्वामी विवेकानन्द को 'भारतीय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का अग्रदूत' माना जा सकता है। यह बात भी उल्लेखनीय है कि दानों ही बांग्लभाषी थे। अठारहवीं सदी में बंगाल प्रांत देश का सर्वाधिक चेतनाशील तथा ज्ञानवान प्रांत था तथा समस्त विचार एवं ज्ञान का पूंजीभूत सार यहाँ विद्यमान था। उस काल में बंगाल प्रांत से ही भारतीय नवजागरण तथा पुर्नजागरण के विचार प्रादुर्भूत हुए। राजा राममोहन ने नवजागरण का सूत्र पकड़ा और देश को उस दिशा की ओर अग्रसर किया, वहीं स्वामी विवेकानन्द ने पुर्नजागरण का आलंब लिया और प्राचीन भारत की मेधा और औपनिषदिक विचारों को आधार बनाकर, आध्यात्म–केन्द्रित वैचारिक संपदा का प्रसार किया। आगे चलकर बंगाल ही अन्य विचारों की प्रसार भूमि बना जिसमें वामपंथ, दक्षिणपंथ, चरम वामपंथ, मध्यमार्ग उल्लेखनीय हैं।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने स्वामी जी को 'आधुनिक भारत का निर्माता' माना है। स्वामी विवेकानन्द ने अपनी प्रज्ञा के सहारे भारतीय पुर्नजागरण के विचारों से सहमति जताई तथा प्राचीन भारतीय संस्कृति,

 ISBN : 978-93-80216-12-6

सभ्यता, दर्शन आदि के आलोक में अपने विचार प्रस्तुत किए और देश को उसी के सांतत्य में आगे बढ़ने के लिए उत्प्रेरित किया। स्वामी जी ने अपने तमाम लेखों, भाषणों में प्राचीन भारतीय धरोहरों, दर्शन, वाड़्मय आदि को प्रश्रय किया तथा इसी के आलोक में भारत राष्ट्र के 'ग्रैंड नैरेटिव' की संकल्पना का खाका प्रस्तुत किया। स्वामी जी के अनुसार– 'आगामी पचास वर्ष के लिए हमारे मस्तिष्क से अन्य सभी देवी–देवताओं को निकल जाने दो। हमारा राष्ट्र ही हमारा एकमात्र जागृत देवता है। ये मनुष्य और पशु, जिन्हें हम आस–पास और आगे–पीछे देख रहे हैं हमारे अपने देशवासी हैं।' उपर्युक्त पंक्तियों से स्पष्ट हो जाता है कि स्वामी जी भारत राष्ट्र को ही अपना इष्ट मानते हैं और यहां के निवासियों को देवता स्वरूप।

स्वामी जी का राष्ट्रवाद सांप्रदायिक नहीं था अपितु इसमें देश की समस्त जनता समाहित थी, चाहे उसका रंग–रूप, धर्म–पंथ, नस्ल आदि कुछ भी क्यों न हो। महान इतिहासकर रोमिला थापर के अनुसार 'राष्ट्रवाद दो रतह का होता है– धार्मिक राष्ट्रवाद तथा धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रवाद'। स्वामी विवेकानन्द के विचारों का गहन अध्ययन करने के बाद हम कह सकते हैं कि स्वामी जी का राष्ट्रवाद धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रवाद है। यही कारण है कि उन्होंने आध्यात्म को अपने विचारों के मूल में माना है न कि कर्मकाण्ड, विधि–विधान आदि को।

भारत राष्ट्र की मूल इकाई है यहाँ का प्रत्येक व्यक्ति। वह चाहे किसी भी धर्म, जाति, वर्ण, प्रांत, भाषा–भाषी हो। देश में प्रचलित जाति–प्रथा से स्वामी जी बड़े व्यथित थे और इसका उन्मूलन कर समस्त भारतवासियों को एक करना उनका उद्देश्य था। स्वामी जी ने जाति–प्रथा के विभेदकारी तथा विभाजनकारी स्वरूप की कड़े शब्दों में आलोचना की तथा समस्त मानवजाति को एक करने का उपाय सुझाया– 'एक ओर आदर्श है ब्राह्मण तथा दूसरी ओर आदर्शहीन है चाण्डाल। अतः चाण्डाल को उठाकर ब्राह्मण स्तर तक लाना ही जाति–व्यवस्था से उत्पन्न

 ISBN : 978-93-80216-12-6

असमानता रूपी बुराई के उन्मूलन का कारगर उपचार है।' अतः स्वामी जी ने दलित, दमित, शोषित, वंचित समुदाय के उन्नयन करने पर अपना ध्यान केन्द्रित किया और लोगों को इसकी ओर प्रेरित किया। स्वामी जी समस्त भारतवासियों की समानता को राष्ट्रवाद का मूल मानते थे।

स्वामी जी के राष्ट्रवाद में उन्माद नहीं है, वह युद्ध–पिपासु तथा सांप्रदायिक नहीं है अपितु वह समाज की भलाई, देश की सेवा तथा देशवासियों के भौतिक, आर्थिक तथा शैक्षणिक उन्नति के पक्षधर थे। इसी कारण उन्होंने देशवासियों की सेवा के लिए अस्पताल, औषधालय, स्कूल, कॉलेज आदि खोले और अन्य लोगों को खोलने के लिए प्रेरित किया।

स्वामी जी भारत के प्राचीन सांस्कृतिक इतिहास पर गौरवान्वित है परंतु मानव का मानव से भेद उन्हें मान्य नहीं है। पंडित जवाहरलाल नेहरू के अनुसार– 'उनका राष्ट्रवाद स्वतः भारतीय राष्ट्रवाद से एकाकार हो जाता है।' अतः हम कह सकते हैं कि स्वामी विवेकानन्द का राष्ट्रवाद संकीर्ण सीमाओं से बद्ध नहीं है। अपितु यह व्यापक वैचारिक सरणी से ओतप्रोत है।

राष्ट्रवाद के संदर्भ में स्वामी विवेकानन्द के विचारों की महत्ता यह है कि धर्म एवं आध्यात्म पर आधारित पाश्चात्य राष्ट्रवाद को सर्वप्रथम उल्लिखित किया तथा इसके संबंध में अपने विचार प्रकट किए और उनकी अपेक्षा भारतीय सिद्धांतों को उत्कृष्ट बताया।

स्वामी विवेकानन्द ने राष्ट्रवाद के जिस सिद्धांत पर बल दिया उसे 'वेदान्तिक राष्ट्रवाद' कहा गया। उनके अनुसार प्रत्येक राष्ट्र में कम से कम एक ऐसा तत्व होता है जो उसे एकजुट करता है, वह चाहे भाषा हो, नस्ल हो, जाति हो अथवा कुछ अन्य। भारत के संदर्भ में यह 'धर्म' है, जो भारत राष्ट्र की एकता का सूत्र है। भारत की सांस्कृतिक एकता ही इसके ऐक्य का आधार है।

ISBN : 978-93-80216-12-6

स्वामी विवेकानन्द का 'वेदान्तिक राष्ट्रवाद' उनका विशिष्ट तथा वैकल्पिक सिद्धांत है। उन्होंने राष्ट्रीय चेतना के विकास के लिए देश के इतिहास, धर्म तथा आध्यात्म की गौरवशाली परंपरा को नवीन विचारों से ओतप्रोत कर भारतीय राष्ट्रीयता को पुष्ट किया।

उन्होंने स्वतंत्रता शब्द को नए आयामों से संपन्न किया। उनके लिए स्वतंत्रता का तात्पर्य केवल राजनैतिक अर्थ तक सीमित नहीं था अपितु यह आध्यात्मिक, नैतिक, भौतिक, आर्थिक, मानसिक, बौद्धिक धरातलों तक व्याप्त है।

अतंत: हम कह सकते हैं कि स्वामी विवेकानन्द ने भारतीय संस्कृति के आलोक में राष्ट्रवाद को व्याख्यायित किया तथा भारतीय इतिहास, कला, सभ्यता, दर्शन, विज्ञान आदि के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रवाद की अवधारणा को गुंफित कर भारतीय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को प्रतिपादित किया। स्वामी विवेकानन्द की इसी विचारणा पर आज का भारत पुष्पित– पल्लवित हो रहा है तथा अपने भविष्य की ओर आशान्वित है।

स्वामी विवेकानन्द का यही सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एक विकसित तथा सुदृढ़ भारत का आधार है जो इसे निरंतर प्रगति की ओर उत्प्रेरित कर रहा है और सशक्त बना रहा है ताकि सार्वभौम भ्रातृत्व विकसित हो सके।

संदर्भ–

1. *स्वामी विवेकानन्द – भारत का भविष्य, पृष्ठ 18।*
2. *विवेकानन्द की जीवनी– रोमा रोला, अद्वैत आश्रम, कोलकत्ता, 2013।*
3. *विवेकानन्द साहित्य– खण्ड 1 से 6, अद्वैत आश्रम, कोलकत्ता, 2014।*
4. *भारत जागरण, स्वामी विवेकानन्द, रामकृष्ण मिशन, नई दिल्ली, 2011।*
5. *व्यक्तित्व का विकास, स्वामी विवेकानन्द, रामकृष्ण मिशन, नागपुर, 2014।*

 ISBN : 978-93-80216-12-6

भारतीय समाज के पुनरुत्थापक स्वामी विवेकानन्द जी का दार्शनिक एवं शैक्षिक चिन्तन

डॉ. जे. के. विकल
असि. प्रो. शिक्षाशास्त्र विभाग
राजकीय स्नातकोत्तर महा.
कैराना

"बिना ज्ञान और प्रेम के स्थायित्व नहीं हो सकता; ज्ञान बिना प्रेम और प्रेम बिना ज्ञान नहीं हो सकता। हमें स्थायी ज्ञान और आनन्द की अनन्ताओं में साम्य की आवश्यकता है। यही एकता प्राप्त करना तो हमारा अन्तिम लक्ष्य है। हमें एकांगी विकास नहीं चाहिए। हमें तो सांमजस्य एवं सर्वांगीण विकास चाहिए। तब संभव है कि हम 'शंकर' की मेधा के समान मेधा और बुद्ध के हृदय जैसा हृदय रख सकें। मुझे आशा है कि हम इस सुखद सांमजस्य को प्राप्त करने के लिए संघर्ष करेंगे।"

–स्वामी विवेकानन्द

भारतीय समाज के पुनरुत्थापक स्वामी विवेकानन्द जी का दार्शनिक एवं शैक्षिक चिंतन–

भारत वर्ष की इस पवन भूमि पर अनेक ऐसे संत महात्मा एवं ऋषि व् समाज सुधारक अवतरित हुए हैं जिन्होंने अपने व्यक्तित्व व् के माध्यम से भारतीय समाज को एक नई दिशा दी तथा पतित समाज के पुनरुत्थान हेतु सार्थक प्रयास किये। तत्कालीन में भय एवं निराशा व् कुंठा का वातावरण निर्मित हो गया था, ऐसे में अनेक कुरितियो का जन्म होना स्वाभाविक है। स्वामी जी ने अपनी संकल्प साधना से जन कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया तथा निराशावादी समाज का उत्थान करने हेतु मानवमात्र में आशा का संचार किया।

उपरोक्त वर्णित अवधारणा को वास्तविकता के धरातल पर निरुपित करने वाले महान दार्शनिक स्वामी विवेकानन्द ने अपने व्यक्तित्व व

 ISBN : 978-93-80216-12-6

कृतित्व से इस महान धरा के ऋण को सम्यक् कर्मान्त द्वारा उऋण किया। अनन्त अस्तित्व, अनन्त ज्ञान एवं अनन्त आनन्द रूपी परमात्मा के विविध रूपों की अभिव्यक्ति प्राणिमात्र में देखने के कारण स्वामी विवेकानन्द जीवन पर्यन्त मानवमात्र के कल्याण हेतु निरन्तर प्रयासरत रहे। स्वामी विवेकानन्द ने सनातन संस्कृति का गूढ़ अध्ययन करके श्री रामकृष्ण परमहंस के शुभाशीष से भारतीस जनमानस के जीवन को प्रत्येक क्षेत्र में आलोकित किया।

स्वामी विवेकानन्द का दार्शनिक चिन्तन

स्वामी विवेकानन्द के जीवन दर्शन पर उनके पारिवारिक संस्कारों की अमिट छाप थी। इनके धर्मपरायण होने में इनके माता–पिता की धार्मिक प्रवृत्ति का अहम योगदान रहा। ये वेदान्त दर्शन व वैदिक धर्म को मानने वाले थे इन्होंने वेदान्त दर्शन को सर्वथा एक नवीन रूप में स्वीकार किया जो आगे चलकर नव्य–वेदान्त के रूप में निरूपित हुआ। स्वामी विवेकानन्द का वेदान्त दर्शन व्यापक था। वे चाहते थे कि वेदान्त दर्शन का ज्ञान जाति, वर्ण, सम्प्रदाय, मत और लिंग का भेदभाव किये बिना सर्व सामान्य के लिए सुलभ हो। ये वेदान्त दर्शन की व्यावहारिकता को जनमानस के समक्ष सरलीकृत रूप में व्यक्त करना चाहते थे। इनके अनुसार जनमानस को उन्नति के मार्ग पर ले जाना ही वेदान्त का शुद्ध आचरण है। विदेशों में भी वेदान्त का उपदेश देते हुए स्वामी जी ने अपने देशवासियों को यही संदेश दिया कि वेदान्त दर्शन को व्यवहार में न लाने के कारण भारतवासी निर्बल और निर्धन हो गये हैं। देश की अनेक समस्याएँ इसी अभाव से उत्पन्न हुई हैं। देशवासी अपना आत्म विश्वास खो बैठे हैं उनकी आत्मनिर्भरता हेतु वेदान्त दर्शन रूपी विवेक की आवश्यकता है।

धर्म और दर्शन के प्रति स्वामी जी का दृष्टीकोण बड़ा वैज्ञानिक था। अद्वैत वेदान्त को ये सार्वभौमिक विज्ञान धर्म की संज्ञा देते थे। इन्होंने वेदान्त को आधुनिक परिप्रेक्ष्य में देखने–समझने और उसकी

वैज्ञानिक व्याख्या करने का प्रयास करते रहे। वेदान्त दर्शन के माध्यम से वे भारतवासियों में स्वावलम्बन व आत्मविश्वास जाग्रत करने के पक्षधर थे। उनका विश्वास था कि पूर्व के अध्यात्मवाद का पश्चिम के भौतिकवाद से समन्वय करके दोनों को पूर्ण व समद्ध बनाया जा सकता है। वे आध्यात्मिक मूल्यों का पूर्व से पश्चिम की ओर तथा भौतिक मूल्यों का पश्चिम से पूर्व की आरे विनिमय करना चाहते थे। स्वामी विवेकानन्द प्रत्येक धर्म को प्रगतिशील मानते हैं और उसे आदर देते हैं। जैसे मनुष्य–मनुष्य में सार्वभौमिक एकात्मकता पाई जाती है वैसे ही सभी धर्म एकात्मकता के सूत्र में बंधकर सार्वभौमिक धर्म की नींव डालते हैं। मनुष्य के जीवन का लक्ष्य है कि वह ब्रह्मज्ञान प्राप्त करे और ईश्वर की दिव्यशक्ति की अनुभूति करे। ब्रह्म की अनुभूति की अवधि लम्बे समय तक नहीं होती है। वह कुछ क्षणों तक ही सीमित रहती है। जैसे ही कोई साधु आत्मानुभूति के माध्यम से ब्रह्म के दर्शन कर लेता है वैसे ही प्राणि मात्र में ब्रह्म दर्शन करने लगता है। अतः वह अपना जीवन प्रत्येक प्राणी की सेवा में लगा देता है। इसलिए स्वामी विवेकान्द वेदान्त दर्शन के आधार पर सार्वभौमिक एकात्मकता और आध्यात्मिक बन्धुत्व को महत्व देते हैं। तथा सभी धर्म भेदों को भुलाकर सार्वभौमिक धर्म की स्थापना पर बल देते हैं जिससे विश्व भान्ति की संकल्पना को साकार किया जा सके।

स्वामी विवेकानन्द के दार्शनिक चिन्तन को संक्षिप्त रूप में निम्निलिखित मद्यांश से अधिक स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है:–"मानव शरीर में पाई जाने वाली जीवात्मा की प्रतिष्ठा करने से ईश्वर की पूजा हो जाती है। कदाचित् सभी प्राणी ईश्वरोपासना के मन्दिर हैं, परन्तु मनुष्य उन सभी प्राणियों में उच्चतम होने के कारण उच्चतम मन्दिर है। यदि मैं उसमें पूजा नहीं कर सकता तो मेरे लिए अन्य मन्दिरों का क्या उपयोग होगा? जिस क्षण मैं यह अनुभव कर लेता हूँ कि मानव शरीर में ईश्वर विद्यमान है, जिस क्षण मैं प्रत्येक मनुष्य के सम्मान में खड़ा

 ISBN : 978-93-80216-12-6

हो जाता हूँ और उसमें ईश्वर के दर्शन करता हूँ–उस क्षण मैं बन्धन मुक्त होता हूँ, वह प्रत्येक वस्तु जो मुझे बाँधती है दूर हो जाती है और मैं मुक्त हो जाता हूँ।"

उपरोक्त वर्णित स्वामी जी के शाब्दों से मनुष्य के प्रति अगाध आस्था झलकती है तथा मनुष्य में ईश्वरीय सत्ता की अधिकतम अभिव्यक्ति मिलती है। स्वामी विवेकानन्द के जीवन दर्शन का सार इसमें सन्निहित है।

स्वामी विवेकानन्द का शैक्षिक चिन्तन

भारतीय शिक्षा को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करने के लिए स्वामी विवेकानन्द का प्रयास सदैव स्मरणीय रहेगा। स्वामी जी संत और दार्शनिक होने के साथ–साथ एक उच्च कोटि के शिक्षाविद् भी थे इनके दार्शनिक चिन्तन का अध्ययन करने के उपरान्त इनके शिक्षा–दर्शन का विवेचन करना समीचीन होगा। स्वामी जी ने 'मानव निर्माण की शिक्षा' (डंद उंपदह मकनबंजपवद) की रूपरेखा प्रस्तुत की जिसका विवरण अधोलिखित है:–

शिक्षा की सम्प्रत्यय:–स्वामी विवेकानन्द के अनुसार मनुष्य को ज्ञान बाहर से प्राप्त नहीं होता वरन् वह मनुष्य के अन्दर छिपा रहता है। मनुष्य उस ज्ञान की खोज करके उसकी अनुभूति मात्र करता है। इनके शब्दों में "शिक्षा मनुष्य की अन्तर्निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति है।" अर्थात व्यक्ति में पूर्णता निहित होती है और शिक्षा का कार्य है कि वह मनुष्य की उस पूर्णता को अभिव्यक्ति करने में सहायता करे। पूर्णता पर सबका अधिकार है और प्रत्येक व्यक्ति पूर्णता की प्रक्रिया में व्यस्त है। अत: स्वामी जी के अनुसार शिक्षा उस पूर्णता की अभिव्यक्ति का सर्वोत्तम साधन है।

स्वामी विवेकानन्द कहते हैं कि बच्चा पौधे की भाँति स्वयं ही अपनी प्रकृति के अनुकूल विकसित हुआ करता है जैसे माली पौधे

 ISBN : 978-93-80216-12-6

की रक्षा करके उसे अच्छा वातावरण देता है वैसे ही शिक्षक को बालक के विकास हेतु उपयुक्त वातावरण देना चाहिए। उसे मार्गदर्शक व सहयोगी बनकर बालक में निहित ज्ञान को जाग्रत करना चाहिए।

शिक्षा के लक्ष्य

स्वामी विवेकानन्द ने शिक्षा के उद्देश्यों का निर्धारण पर्याप्त चिन्तन के उपरान्त किया। स्वामी जी के अनुसार शिक्षा का कर्तव्य है कि वह शिक्षार्थी में आत्मविश्वास उत्पन्न करे तथा ज्ञान के प्रति श्रद्धा उत्पन्न करें क्योंकि श्रद्धा ही ज्ञान की कुंजी है परन्तु वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में इसका सर्वथा अभाव है। अत: शिक्षा द्वारा विद्यार्थियों में श्रद्धा उत्पन्न करना आवश्यक है। स्वामी जी आगे कहते हैं कि वह शिक्षा किसी काम की नहीं जो व्यक्ति में इतनी भी सामर्थ्य पैदा न करे कि वह अपनी प्राथमिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके। शिक्षा द्वारा व्यक्ति में इतनी सामर्थ्य अवश्य आनी चाहिए कि वह आत्मनिर्भर बन सके तथा राष्ट्र की समृद्धि में भी अपना योग दे सके। अत: शिक्षा के उद्देश्यों में जीवन के व्यावहारिक पक्ष को भी स्थान मिलना चाहिए।

स्वामी विवेकानन्द मनुष्य के भौतिक एवं आध्यात्मिक दोनों पक्षों के विकास पर बल देते हैं दोनों के सामंजस्यूर्ण विकास को ही वे मानव निर्माण की शिक्षा का आधार मानते हैं। नैतिक व चारित्रिक विकास भी इनके शैक्षिक उद्देश्यों की श्रंखला में प्रमुखता से समाहित है।

शिक्षा द्वारा व्यक्ति में विश्वबन्धुत्व का विकास भी होना आवश्यक है इस प्रकार के विकास में स्वतन्त्रता, अक्रोध और त्याग की भावना का विकास होगा तथा प्रत्येक व्यक्ति विश्व भान्ति में योग दे सकेगा। विश्व भान्ति की स्थापना एक सार्वभौम मूल्य है जिसे प्रत्येक राष्ट्र के मनुष्यों को आत्मसात् करना आवश्यक है और इसके विकास हेतु शिक्षा एक प्रभावशाली उपकरण है। अत: शिक्षा का एक प्रमुख उद्देश्य विश्वबन्धुत्व का विकास, वर्तमान समय की आवश्यकता है।

 ISBN : 978-93-80216-12-6

स्वामी विवेकानन्द शिक्षा के माध्यम से जिस उद्देश्य की सर्वाधिक पूर्ति करना चाहते थे वह मूलतः आध्यात्मिक विकास था। यह एक व्यापक उद्देश्य था जिसमें अनेक उद्देश्य समाहित थे। पूर्णता की प्राप्ति इसी उद्देश्य का मूल था। वे कहते हैं कि व्यक्ति दूसरों के कल्याण के लिए तभी कार्य कर सकता है जब उसमें त्याग की भावना हो। आज भारत को ही नहीं सम्पूर्ण विश्व को इस भावना की आवश्यकता है। स्वामी जी के जीवन से हमें त्याग की अपूर्व शिक्षा मिलती है। शिक्षा द्वारा हमें यह बोध होता है। कि–"विश्व के प्रति हमारा बहुत बड़ा कर्तव्य है। हम उसके ऋणी है, वह हमारा ऋणी नहीं है। यह बड़े सौभाग्य की बात है कि हमें विश्व के प्रति कुछ करने का अवसर मिल सके।"

पाठ्यचर्या

स्वामी विवेकानन्द शैक्षिक उद्देश्यों की ही भाँति शिक्षा की व्यापक पाठ्यचर्या को प्रस्तुत करते हैं। इन्होंने शिक्षा की पाठ्चर्या में मनुष्य के शरीरिक विकास हेतु खेलकूद, व्यायाम और यौगिक क्रियाओं को प्रस्तुत किया तथा बौद्धिक विकास के लिए भाषा, कला, संगीत, सामाजिक विषय, गणित तथा वैज्ञानिक विषयों को पाठ्यक्रम में समाहित करने का सुझाव दिया। भाषाओं को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया क्योंकि धर्म–दर्शन को समझने हेतु भाषा ज्ञान अत्यन्त आवश्यक है और इसमें भी मातृभाषा को सर्वधिक महत्व प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त पाठ्यक्रम में चित्रकला, वास्तुकला, संगीत, नृत्य व अभिनय को भी स्थान दिया गया। धर्म व नीतिशास्त्र के अतिरिक्त व्यावसायिक विषयों जैसे कृषि, विज्ञान, तकनीकी, उद्योग तथा कला कौशल आदि को शामिल किया गया। इस प्रकार पाठ्यक्रम की एक विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

शिक्षण पद्धति

स्वामी जी का मानवीय पूर्णता के हिमायती थे। वे भौतिक व

 ISBN : 978-93-80216-12-6

आध्यात्मिक दोनों पक्षों का विकास चाहते थे। मानवीय ज्ञान के दोनों पक्षों हेतु इन्होंने पृथक–पृथक शिक्षण विधियों के अपनाने पर बल दिया। भौतिक ज्ञान की प्राप्ति हेतु प्रत्यक्ष, अनुकरण, व्याख्यान, विचार–विमर्श और प्रायोगिक विधियों का सुझाव दिया तथा आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति हेतु स्वाध्याय, मनन, ध्यान और योग विधि को अपनाने पर बल दिया।

स्वामी जी ज्ञार्नाजन हेतु ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता पर बल देते थे वे कहते हैं–

"केवल एक ही मार्ग है जिसके द्वारा ज्ञान अर्जित किया जा सकता है" वह है ध्यान का केन्द्रीकरण। केन्द्रीकरण से शक्ति और बल की उपलब्धि होती है। मानव के मन की शक्ति की कोई सीमा नहीं है। ध्यान के केन्द्रीकरण की भक्ति जितनी घनी होगी किसी बात को उतनी अधिक शक्ति से ग्रहण किया जा सकेगा; यह एक रहस्य है।

ज्ञानार्जन के लिए ध्यान का केन्द्रीकरण ही सर्वोत्तम मार्ग है। कहा भी गया है कि एकाग्रता ही आत्मसाक्षात्कार की कुंजी है। जीवन की सफलता के लिए इसी शक्ति की आवश्यकता होती है और यही भक्ति शिक्षा का सार है।

शिक्षक की भूमिका

स्वामी जी के अनुसार शिक्षक की उन्नति उसके चरित्र से प्रतिबिम्बित होती है शिक्षक को त्यागी, पुरुषार्थी व परोपकारी होना चाहिए। एक आदर्श शिक्षक मन व हृदय से पवित्र होता है। भारतवर्ष में त्यागवान व परोपकारी महापुरुषों द्वारा ही उत्तम प्रकार की शिक्षा देने की व्यवस्था थी। वे कहते हैं कि यदि हमारे शिक्षक सच्चे अर्थों में गुरु बनना चाहते हैं तो उन्हें निःस्वार्थ सेवा की दृष्टि अपनानी होगी।

शिक्षक बालक में केवल बौद्धिक जिज्ञासा ही उत्पन्न न करे, वरन् अपने आदर्श चरित्र से भी उसे प्रभावित करे।

"शिक्षक का कर्तव्य वास्तव में ऐसा कार्य है कि वह शिष्य में

 ISBN : 978-93-80216-12-6

उपस्थित बौद्धिक और दूसरी क्षमताओं की प्रेरणा ही पैदा न करें वरन् कुछ अपना आदर्श भी उसे दे। वह आदर्श वास्तविक और प्रशंसनीय होना चाहिए जो शिष्य को मिले, क्योंकि शिक्षक के आदर्श व्यवहार का प्रभाव बालकों के व्यवहार को प्रभावित करता है। अतः शिक्षक में पवित्रता होनी चाहिए। शिक्षक में अपने शिष्यों के प्रति अगाध प्रेम होना चाहिए। बिना प्रेम के शिक्षक शिष्यों को कुछ नहीं अर्पित कर सकता। उसमें किसी भी प्रकार का स्वार्थ नहीं होना चाहिए। वह सच्चे प्रेम से मार्गदर्शन ले। आध्यात्मिक बल को विकसित करने का प्रेम ही सबसे अच्छा माध्यम है। स्वार्थ के कारण प्रेम नष्ट हो जाता है। अतः शिक्षक को चाहिए कि वह अपने शिष्यों के लिए प्रेम से वशीभूत होकर ही कार्य करे। शिक्षक में शिष्यों के प्रति अपार सहानुभूति होनी चाहिए।"

शिक्षक सहानुभूति द्वारा ही बालकों के स्तर की अनुभूति कर सकता है और उनमें अन्तर्निहित प्रवृत्तियों को समझ सकता है तभी उसका शिक्षण उनकी आवश्यकताओं के अनुकूल होगा। स्वामी विवेकानन्द शिक्षक के लिए आवश्यक आदर्श प्रस्तुत करते हुए कहते हैं:–"सच्चा गुरु वह है जो तुरन्त ही बालकों के स्तर तक उतर आए और अपनी आत्मा को उनकी आत्मा में स्थानान्तरित कर सके, उनकी आँखों से देख सके, उनके कानों से सुन सके और उनके मन से समझ सके। ऐसा ही शिक्षक वास्तव में पढ़ा सकता है और कोई नहीं।"

शिक्षार्थी के गुण

स्वामी जी के अनुसार भौतिक एवं आध्यात्मिक किसी भी प्रकार के ज्ञान की प्राप्ति हेतु ब्रह्मचर्य आवश्यक है। ब्रह्मचर्य द्वारा अल्प समय में ही आधिकारिक ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। मन, वचन आक्र कर्म में पवित्रता एवं संयम का होना ही ब्रह्मचर्य है। प्रत्येक बालक और बालिका को ब्रह्मचर्य से रहने की शिक्षा मिलनी चाहिए जिससे वे ध्यान केन्द्रित करने की शक्ति पा सकें और सच्ची शिक्षा ग्रहण

 ISBN : 978-93-80216-12-6

कर सकें। उच्च कोटि के ज्ञानार्जन के लिए श्रद्धा व इन्द्रिय संयम दो आवश्यक भार्तें है। शिक्षक की ही भाँति शिक्षार्थी के विचार और वाणी में पवित्रता होनी आवश्यक है। शिक्षार्थी में ज्ञानार्जन के लिए उत्साह, उत्कंठा व वास्तविक रूप से ज्ञानपिपासा होनी चाहिए। गुरु–शिष्य का सम्बन्ध लौकिक ही नहीं होना चाहिए अपितु उन्हें एक दूसरे के दिव्य स्वरूप को भी जानना चाहिए।

विद्यालय की भूमिका

स्वामी विवेकानन्द गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के समर्थक थे। वे सम्पूर्ण शिक्षा व्यवस्था में विद्यालय वातावरण को महत्वपूर्ण मानते थे और कहते थे कि विद्यार्थी के व्यक्तित्व निर्माण हेतु विद्यालय का वातावरण प्रभावपूर्ण होता है। समाज सेवा व राष्ट्र सेवा के प्रति ललक को जाग्रत करने के केन्द्र के रूप में विद्यालयों को विकसित किया जाना चाहिए। स्वामी जी के अनुसार विद्यालयों का प्राकृतिक वातावरण शुद्ध होना चाहिए तथा विद्यालयों को समाज का सच्चा प्रतिनिधि होना चाहिए। स्वामी जी विद्यालयों को विविध प्रकार की गतिविधियों के केन्द्र के रूप में विकसित करना चाहते थे। वर्तमान में अपेक्षित वातावरण का सृजन एक चुनौती बना हुआ है।

सार्वभौमिक धर्म के संवाहक के रूप में स्वामी विवेकानन्द

स्वामी विवेकानन्द आध्यात्मिक सन्दर्भों में भारत की विजय पताका विश्व भर में फहराना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने वेदान्त के व्यावहारिक रूप, नव्य वेदान्त को आधार बनाया जिसको समुन्नत कर वे विश्व धर्म के रूप में प्रतिष्ठित करने के पक्षधर थे।

कोलम्बों में भाषण करते समय स्वामी जी ने कहा था:–"एक बार फिर विश्व पर भारत की विजय होनी चाहिए। यह मेरा स्वप्न है और मैं चाहता हूँ कि मुझे सुनने वाले प्रत्येक व्यक्ति में यही स्वप्न पैदा हो। प्रतिदिन उनसे आप यही सुनेंगे कि पहले घर की परवाह करो,

 ISBN : 978-93-80216-12-6

तब बाहरी क्षेत्र में कार्य करो। परन्तु मैं आप लोगों को साफ–साफ बता देना चाहता हूँ कि आप सबसे अच्छा कार्य तब करते हैं जब आप दूसरों के लिए कार्य कारते हैं। यह हमारे लिए महान आदर्श है और प्रत्येक को इसके लिए उद्यत हो जाना चाहिए। भारत द्वारा विश्व विजय हो.............हे भारत, उठ और अपनी आध्यात्मिकता से विश्व को जीत।"

स्वामी जी चाहते थे कि भारत में ऐसे आदर्श समाज की स्थापना हो जा भारतीय अध्यात्मवाद से अनुप्राणित और युरोपी एवं अमेरिकी धर्म निरपेक्ष संस्कृति से प्रभावित हो। स्वामी जी भारत के प्रमाद को दूर करके उसमें ऐसी चेतना भरना चाहते थे। जिससे वह स्वयंसेवक बनकर अपना भला कर से और विश्व के कल्याण के लिए भी कटिबद्ध हो। स्वामी जी सार्वभौम धर्म के प्रतिपादन हेतु निम्न विचार को प्रस्तुत करते हैं–

1. कोई धर्म किसी से हीन नहीं है।
2. सभी धर्मों का एक ही लक्ष्य है।
3. प्रत्येक को अपने–अपने धर्म में ही आस्था रखनी चाहिए।
4. ईश्वर सर्वव्यापी और निराकार है। वह पृथ्वी के सभी प्राणियों के रूप में अभिव्यक्त हुआ है।
5. हिन्दु सभ्यता अच्छी है, सुन्दर है और आध्यात्मिक है।
6. हिन्दू सभ्यता पहले की भाँति पुनः विश्व को अध्यात्मवाद की शिक्षा देगी।

स्वामी जी विश्व के सभी प्राणियों में एक ही परमात्मा की व्याप्ति मानते थे। अपने प्रयासों से विश्व शान्ति की स्थापना करना चाहते थे।

वर्तमान शैक्षिक एवं सामाजिक परिवेश में स्वामी विवेकानन्द के दार्शनिक चिन्तन की उपादेयता स्वामी विवेकानन्द युगदृष्टा के रूप में

भारतीय समाज में अवतरित हुए तथा युगसृष्टा के रूप मं उनके जीवन की परिणति हुई। अपने जीवन काल की अल्पावधि में ही उन्होंने भारत के नवनिर्माण की आधारशिला रखी। उनका सम्पूर्ण जीवन धर्म दर्शन की वैज्ञानिक व्याख्या करके सार्वभौमिक धर्म की स्थापना हेतु व समाज सुधार के कार्यों से राष्ट्र निर्माण हेतु समर्पित हुआ। भारत के नवनिर्माण हेतु इन्होंने शिक्षा की आवश्यता को सर्वोपरि रखा। शैक्षिक सुधारों के लिए ये सदैव प्रयासरत रहे और समाज के समक्ष शिक्षा का एक नवीन प्रगतिशील मॉडल रखा। इनके शैक्षिक माडल में समन्वयवाद के दर्शन होते हैं जिसमें प्रकृतिवाद, आदर्शवाद व प्रयोजनवाद का अद्भुत साम्य है। इस सामंजस्य को इन्होंने भारतीय शैक्षिक परिप्रेक्ष्य में विधिवत् रखा है।

प्रकृतिवादी विचारधारा के पोषण हेतु वे कहते हैं कि:—बच्चों को स्वतंत्रता मिलनी चाहिए कि वे अपना मार्ग स्वयं खोजें, बच्चों पर कोई बात बलपूर्वक न लादी जाए। बच्चों में अनन्त प्रवृत्तियाँ होती है जिनका संतुष्ट होना आवश्यक है। यदि बालक पर कोई बात लादी गई तो उसका विकास कुंठित हो जाएगा। बच्चों को यदा कदा झिड़कना ठीक नहीं। दया, सहानुभूति और प्रोत्साहन उनके विकास में मदद देंगे। इन्हें ही प्रयोग में लाना आवश्यक है। बालक की गलतियों को बताना मात्र ठीक नहीं, यह बताना आवश्यक है कि वह किस मार्ग को अपनाने पर इन गलतियों से बच सकता है। हमारा कर्तव्य है कि हम बच्चों को उनकी प्रगति की सूचना देकर प्रोत्साहित करते रहें और प्रेरणा दें कि इससे भी अधिक उन्नति करें।

जनशिक्षा, राष्ट्रीय शिक्षा व स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी विवेकानन्द का योगदान उल्लेखनीय है। इन्होंने उद्घोष किया कि भारत के प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षित करो और शिक्षा द्वारा उसे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कुशलतापूर्वक कार्य करने के लिए सक्षम करो, उसे स्वावलम्बी बनाओ, आत्मनिर्भर बनाओ, स्वाभिमानी बनाओ और इन सबसे ऊपर एक सच्चा

 ISBN : 978-93-80216-12-6

मनुष्य बनाओ जो मानव सेवा द्वारा ईश्वर की प्राप्ति में सफल हो।

स्वामी जी कहते हैं कि राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण हेतु राष्ट्रीय शिक्षा की आवश्यकता है। ये शिक्षा को राष्ट्रीय समृद्धि का प्रमुख साधन मानते हैं। इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली पर विशेष बल देते हैं। इनके अनुसार शिक्षा प्रणाली का प्रारम्भ बालक के घरेलू वातावरण के परिचय से होना आवश्यक है। बाद में उसे गाँव, नगर, समाज और देश के वातावरण से परिचित कराना चाहिए। अन्त में जैसे–जैसे उसकी समझ बढ़ती जाए उसे पूर्ण मानवता के प्रति सहानुभूति रखने की सीख दी जा सकती है। पहले बालक को भारतीय परम्पराओं, प्रथाओं, संस्कृति और दर्शन से परिचित कराना आवश्यक है, बाद में विश्व के अन्य देशों की सभ्यता से बालक का परिचय कराना उपयुक्त होगा।

स्वामी विवेकानन्द के पुनरुत्थान सम्बन्धी कार्यों को अग्रलिखित बिन्दुओं के माध्यम से स्पष्ट किया जा सकता है। तथा व्यावहारिक एवं नव्य वेदान्त के जनक स्वामी विवेकानन्द वेदान्त दर्शन को मानने वाले थे। इन्होंने वेदान्त दर्शन को सर्वथा एक नवीन रूप से स्वीकार किया जो आगे चलकर नव्य वेदान्त दर्शन को मानने वाले थे। इन्होंने वेदान्त दर्शन का यह रूप व्यापक था। स्वामी जी वेदांत दर्शन की व्यावहारिकता को जनमानस के समक्ष सरल रूप में व्यक्त करना चाहते थे। इनके अनुसार जनमानस को उन्नति के मार्ग पर ले जाना ही वेदांत का शुद्ध आचरण है।

सार्वभौम धर्म के प्रणेता : धर्म के प्रति स्वामी जी का दृष्टिकोण बड़ा वैज्ञानिक था। अद्वैत वेदांत को ये सार्वभौमिक विज्ञान धर्म की संज्ञा देते थे। स्वामी जी ने वदांत को आधुनिक परीप्रेक्षय में देखने एवं समझने और उसकी वैज्ञानिक व्याख्या करने का प्रयास किया। इन्होंने वेदांत दर्शन के आधार पर सार्वभौमिक एकातमकता और आध्यात्मिक बंधुत्व को महत्व दिया तथा सभी धर्म भेदों को भुलाकर सार्वभौम धर्म की स्थापना पर बल दिया जिससे विश्व शांति की संकल्पना को साकार

 ISBN : 978-93-80216-12-6

किया जा सके।

मानव निर्माण की शिक्षा के अग्रदूत : स्वामी जी संत एवं दार्शनिक होने के साथ. 2 उच्च कोटि के शिक्षाविद् भी थे। शिक्षविद् के रूप में इन्होंने मानव निर्माण की शिक्षा की रूपरेखा प्रस्तुत की। इनके अनुसार मनुष्य में पूर्णता पहले से ही निहित होती है और शिक्षा का कार्य मनुष्य को उस पूर्णता को अभिव्यक्त करना है।

संक्षिप्त रूप में विवेचना करें तो स्वामी विवेकानन्द ने राष्ट्र निर्माण व मानव निर्माण की शिक्षा, जन शिक्षा, समाज सुधार, धर्म दर्शन एवं सांस्कृतिक व आध्यात्मिक विकास के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान दिया। यह कहना न्यायोचित ही होगा कि स्वामी विवेकानन्द पुनरुत्थित भारत की आवाज थे।

सन्दर्भ–

1. *चौबे, सरयू प्रसाद : भारतीय शिक्षा दर्शन, अग्रवाल पब्लिकेशन, आगरा*
2. *लाल, रमन विहारी : भौक्षिक चिन्तन एवं प्रयोग, आर. लाल बुक डिपो, मेरठ*
3. *पाण्डे, राम भाकल : प्राचीन भारत के शिक्षा मनीषी, भारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद*
4. *लाल, रमन बिहारी : विश्व के श्रेष्ठ भौक्षिक चिन्तक, आर. लाल बुक डिपो, मेरठ*

5- *The complete works of Swam Vivekanand Vol I to VII Adivaita Asharam, Publication Deptt. Kolkata*

स्वामी विवेकानन्द के चिन्तन में मानवतावादी विचारधारा का प्रभाव

डॉ. विकास चन्द वरिष्ठ
रीडर, राजनीति विज्ञान विभाग
मेरठ कॉलिज, मेरठ

विजय कुमार (शोध छात्र)
4राजनीति विज्ञान विभाग
मेरठ कॉलिज, मेरठ

स्वामी विवेकानन्द जी आधुनिक भारत के ऐसे सन्यासी, दार्शनिक, विचारक और प्रचारक थे, जिन्होंने स्वयं तो राजनीति में कोई भाग नहीं लिया, परन्तु अपनी प्रखर प्रतिभा से देश में स्वतन्त्रता प्रेम की ज्योति जगाई, राष्ट्रीय गौरव के प्रति चेतना जागृत की और पश्चिम में भारतीय संस्कृति की धाक जमा दी।[1] उन्होंने कहा, "मैं राजनेता या राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं हूँ, मैं केवल आत्मा का चिन्तन करता हूँ।" दक्षिणे वर सन्त के नाम से प्रसिद्ध विवेकानन्द ने देश–विदेश में अनेक भाषण दिये और पुस्तकों एवं लेखों के माध्यम से अपने विचार सम्पूर्ण विश्व में फैलाये। उन्होंने धर्म, राजनीतिक, शिक्षा, समानता, समाजवाद, लोकतन्त्र आदि सभी विषयों पर अपने विचार रखे, लेकिन उनके विचारों का मुख्य ध्येय मानव कल्याण रहा, इसी कारण से मानवतावादी विचारकों में स्वामी जी का नाम सदैव गर्व से लिया जाता है। यदि हम विवेकानन्द के विचारों का गहन अध्ययन करे तो हम पायेंगे कि उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन मानव उन्नति एवं विकास में लगा दिया। इन्होंने अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस से जो मानव प्रेम पढ़ा, उसे कार्यरूप देने के लिए 1897 में कलकत्ता के पास बैलूर में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। स्वामी जी उस हर एक वस्तु के उपासक थे, जो मानव विकास का मार्ग सशक्त करती हो। जहाँ एक तरफ विवेकानन्द ने भारतीय संस्कृति की उपलब्धियों की भी सराहना की।[2] स्वामी जी जानते थे कि अगर आत्मा की शुद्धि में आवश्यकता होती है, तो भौतिक विकास के लिए तकनीक व विज्ञान की आवश्यकता होती है। स्वामी विवेकानन्द

 ISBN : 978-93-80216-12-6

की प्रशंसा करते हुए नेहरु जी ने कहा "भारत के अतित में अटल आस्था रखते हुए, भारत की विरासत पर गर्व करते हुए भी विवेकानन्द का जीवन की समस्याओं के प्रति दृष्टिकोण आधुनिक था और वे भारत के अतीत तथा वर्तमान के बीच एक बड़े संयोजक थे। उनका लक्ष्य समाज सेवा के द्वारा मानवता की सेवा करना और शिक्षा के माध्यम से जनता में धर्मिक चेतना तथा सामाजिक जागरुकता को पैदा करना था।"[3]

स्वामी जी मानव में बहुत आस्था और विश्वास रखते थे। उनकों मनुष्य में ईश्वरीय सत्ता की अधिकतम अभिव्यक्ति मिलती है। उनके अनुसार मनुष्य परमात्मा का अंश है, उसकी प्रवृत्ति आध्यात्मिक है, वह ईश्वर की सर्वोच्च रचना है, उसमे जन्म से ही पूर्णता विद्यमान रहती है और उसमें आध्यात्मिक रूप को समझने की अद्भुत शक्ति है। उनके अनुसार मानव शरीर में मानव आत्मा की उपासना ही ईश्वर की उपासना है। इसमें कोई सन्देह नहीं की सभी जीव ईश्वर का मन्दिर हैं, परन्तु मानव का शरीर सबसे ऊँचा मन्दिर है–मन्दिरों का ताजमहल। जिस क्षण से मैंने मानव शरीर रूपी मन्दिर में ईश्वर की विद्यमानता अनुभव की है, उसी क्षण से मैं प्रत्येक मनुष्य के सम्मुख ईश्वर के दर्शन करने के लिए सत्कारपूर्ण खड़ा हो जाता हूँ।[4] स्वामी जी ने मानव और ईश्वर के शाश्वत एकाकार की शिक्षा दी। उन्होंने कहा कि, "यदि आप मानव की पूजा नहीं कर सकते जो ईश्वर का रूप है तो आप उस ईश्वर की पूजा कैसे कर सकते हैं जो अरूप है।" स्वामी जी यह मानते थे कि मानव सेवा से बढ़कर अन्य कोई धर्म नहीं है–"पत्थर की मूर्ती भोजन नहीं खाती, भूखे व्यक्ति को भोजन चाहिए।"[5]

स्वामी जी मानव जीवन के उत्थान में शिक्षा को अत्यधिक महत्व देते थे। इसलिए उन्होंने सदैव ऐसी शिक्षा व्यवस्था पर जो दिया जो जनसाधारण तक पहुँच सके। उन्होंने कहा था, "जब तक भारत का जनसमूह भली प्रकार शिक्षित नहीं हो जाता, भली प्रकार उसका पेट

 ISBN : 978-93-80216-12-6

नहीं भर जाता और उन्हें अच्छा संरक्षण नहीं मिलता, तब तक कोई भी राजनीति सफल नहीं हो सकी।"[6] उन्होंने ऐसी शिक्षा पर बल दिया जो जनमानस के चरित्र का निर्माण करके, मानव में समाज सेवा की भावना का निर्माण कर सके।

विवेकानन्द जी ने पश्चिम के ज्ञान विज्ञान की सैदव प्रशंसा की, मगर वे पश्चिमी देशों की साम्राज्यवादी नीतियों की आलोचना करते थे। उन्होंने एक व्यक्ति या एक राष्ट्र पर, दूसरे व्यक्ति या राष्ट्र की पराधीनता की सदैव निन्दा की। वे आध्यात्मिक व सामाजिक दोनों प्रकार की स्वतन्त्रता के समर्थक थे। वे कहते हैं–"जैसे पीड़ित मानवता की सेवा से मुँह मोड़कर ईश्वर की सेवा नहीं की जा सकती, वैसे ही पराधीन देश की स्वतन्त्रता की चिन्ता छोड़कर आध्यात्मिक स्वतन्त्रता की तलाश करना व्यर्थ है।"[7] उनके स्वतन्त्रता सम्बन्धी विचार मात्र राष्ट्रवाद से नहीं बल्कि मानवतावाद से प्रेरित थे, क्योंकि उन्होंने ब्राह्मणों के अधिकारवाद पर प्रहार करते हुए शूद्रों को सर्वोच्च आध्यात्मिक ज्ञान से वंचित रखने की प्रथा का कड़ा विरोध किया।[8]

विवेकानन्द के मन में दलितों के उद्धार के लिए जो उत्साह था, वह इन पंक्तियों से प्रकट होता है–"मुझे इस बात की चिन्ता नहीं कि वे हिन्दू हैं या मुसलमान अथवा ईसाई, किन्तु जिन्हें ईश्वर से प्रेम है, उनकी सेवा के लिए मैं सदैव तत्पर रहूँगा। हम हम में से प्रत्येक पुरोहितों के जंजाल तथा अत्याचार में जकड़े हुए हैं।" मैं न तत्व शास्त्री हूँ, न दार्शनिक और मैं सन्त भी नहीं हूँ। मैं दरिद्र हूँ और मुझे दरिद्रों से प्रेम है। मैं उसी को महात्मा कहता हूँ–जिसका हृदय दूसरों के लिए द्रवित होता है। जब तक करोड़ों लोग भूखमरी और अज्ञान के शिकार है तब तक मैं उस प्रत्येक व्यक्ति को विश्वासघाती समझता हूँ, जो उनके धन से शिक्षा पाकर उन की ओर तनिक भी ध्यान नहीं देता।[9]

स्वामी विवेकानन्द की रुचि प्रधानतः धर्म तथा दर्शन में थी। उनके

 ISBN : 978-93-80216-12-6

चिन्तन का मुख्य आधार वेदान्त की शिक्षाएँ थी। विवेकानन्द ने वेदान्त के अन्तर्गत इस तथ्य को प्रस्तुत किया कि "वेदान्त उस ईश्वर में विश्वास नहीं करता है जो मृत्यु के पश्चात स्वर्ग में समस्त सुख दे सकता है, किन्तु जीवित व्यक्तियों को रोटी उपलब्ध नहीं कर सकता। उनका वेदान्त दर्शन इन तीन मुख्य स्तम्भों पर आधारित था–(1) मानव की वास्तविक प्रकृति ईश्वरीय है, (2) जीवन का लक्ष्य उस ईश्वरीय प्रकृति की अनुभूति है, (3) समस्त धर्मो का मूल लक्ष्य सामान है। स्वामी जी ने वेदान्त और दर्शन से जो आध्यत्मिक प्रेरणा प्राप्त की, उसे उन्होंने मानवता की सेवा का रूप दे दिया।"[10]

विवेकानन्द धर्म को मानव जीवन के लिए अति आवश्यक मानते थे, इसलिए उन्होंने धर्म को व्यक्ति तथा राष्ट्र दोनों को भक्ति प्रदान करने वाला तत्व बताया। धर्म के सार और सर्वस्व को स्वामी विवेकानन्द ने इन शब्दों में व्यक्त किया–"प्रत्येक आत्मा ही अव्यक्त ब्रह्म है। ब्रह्म एवं अन्तप्रकृति, दोनों का नियमन कर इस अन्तनिर्हित ब्रह्म स्वरूप को अभिव्यक्ति करना ही जीवन का ध्येय है। कर्म, भक्ति, योग या ज्ञान के द्वारा या सबके समिलन के द्वारा यह ध्येय प्राप्त कर लो और मुक्त हो जाओ।"

स्वामी विवेकानन्द ने हिन्दू धर्म का इस आधार पर समर्थन किया कि वह नैतिक मानववाद और आध्यात्मिक आदर्शवाद का एक सार्वभौम संदेश है। विवेकानन्द की दृष्टि में कर्मकाण्डों का पुंज नहीं था, जिन्हें देखने के लिए पल्लवग्राही यूरोपियन आलोचक दुर्भाग्यवश सदैव इच्छुक रहता है। उनकी निगाह में हिन्दू धर्म मानव जाति के उद्धार के लिए नैतिक तथा आध्यात्मिक विधानों आदि कालनिरपेक्ष नियमों की संहिता था–एते जातिदेशकालसमयानवच्छिन्ना सार्वभोमाः महाव्रतम्।[11]

हिन्दू धर्म का उन पर प्रभाव जरूर था, मगर धार्मिक मामलों में किसी संर्कीणता के वे विरोधी थे। उन्होंने 1898 में लिखा–हमारी मातृभूमि के लिए दो महान प्रणालियों हिन्दू धर्म और इस्लाम धर्म का संगम

 ISBN : 978-93-80216-12-6

ही एक मात्र आशा है।[12] 1893 में शिकागों धर्म सम्मेलन में भी उन्होंने सर्वधर्म समानता कि बात कही। उन्होंने कहा–"जिस प्रकार सभी धारायें अपने जल को सागर में ले जाकर मिला देती हैं, उसी प्रकार मनुष्य के सारे धर्म ईश्वर की ओर ले जाते हैं।"[13]

स्वामी विवेकानन्द ने समाजवाद में अपनी आस्था रखते हुए, इसकी संकल्पना अपने ढंग से की। भारतक की निर्धनता के प्रति उनके मन में जो चिन्ता थी, उसने उन्हें समाजवाद की ओर आकर्षित किया। उन्होंने यह घोषणा कि–"मैं समाजवादी हूँ, इसलिए नहीं कि मेरी दृष्टि में यह कोई सर्वगुण सम्पन्न प्रणाली है, बल्कि इसलिए कि भूखे रहने से तो आधी रोटी पा लेना अच्छा है।"[14] विवेकानन्द समाजवादी इसलिए भी थे, क्योंकि उन्होंने देश के सब निवासियों के लिए 'समान अवसर' के सिद्धान्त का समर्थन किया। उन्होंने लिखा–"यदि प्रकृति कुछ को कम अवसर दिया जाये तो दुर्बलों को सबलों से अधिक और अवसर चाहिए।"[15] विवेकानन्द के अनुसार, आदर्श समाजवादी समाज में किसी के शोषण की कोई गुंजाईश नहीं रहेगी। उसमें अन्न उगाने वाले को भूखा नहीं रहना पड़ेगा, वस्त्र बुनने वाले को स्वयं नंगा नहीं रहना पड़ेगा, जूता सिलने वाले को स्वयं नंगे पैर नहीं चलना पड़ेगा, सफाई करने वाले को गंदगी में नहीं रहना पड़ेगा।[16]

स्वामी जी राष्ट्रवाद के समर्थक थे। उनका राष्ट्रवाद रचनात्मक विशुद्ध था। संकीर्णता, स्वार्थपरता, जातिवाद तथा क्षेत्रवाद से उनका कुछ लेना देना नहीं था, जो कि राष्ट्रवाद को आक्रामक और उग्रवादी बनाते हैं। यह रचनात्मक इसलिए था, क्योंकि यह गरीबों की सेवा कार्य से सम्बन्धित था, दूसरों से घृणा करने से नहिीं। यह विशुद्ध इसलिए था, क्योंकि वह चाहते थे कि भारत मानवता की सेवा के कार्य में महान और मजबूत बने। अपने असंख्य भाशणों और पत्रों में उन्होंने मानव एकता पर जोर दिया जो कि उनके मत में वेदान्त की प्रमुख शिक्षा थी।[17] उन्होंने कहा–राष्ट्र व्यक्तियों से बनता है, अतः सब व्यक्तियों को अपने

 ISBN : 978-93-80216-12-6

पुरुशत्व, मानव गरिमा तथा सम्मान की भावना आदि श्रेष्ठ गुणों का विकास करना चाहिए। उन्हीं के शब्दों में, "आवश्यकता इस बात की है कि व्यक्ति अपने अहं का देश और राष्ट्र की अवयवी प्रकृति का कितना ही गुणगान क्यों ना करें, पर वास्तव में व्यक्ति ही राष्ट्रीय ढांचे के घटक होते हैं, इसलिए जब तक व्यक्ति स्वस्थ, नैतिक तथा दयालु नहीं होंगे तब तक राष्ट्र की महानता तथा समृद्धि की आशा करना व्यर्थ है।"

हिन्दू नैपोलियन[19] के नाम से प्रसिद्ध स्वामी विवेकानन्द प्रधानतः भिक्षु, धर्मोपदेशक तथा सन्यासी थे, किन्तु उनके हृदय में जनता के लिए प्रगाढ़ प्रेम था। विवेकानन्द जनता महत्व की दृष्टि से अपने समय से बहुत आगे थे। उन्होंने जनता के शोषण का विरोध तथा प्राचीन भारतीय संस्कृति तथा धर्म की प्रसंशा की। वे न तो क्रान्तिकारी थे और न ही दकियानूसी विचारों के। उनके सभी विचारों मानव मात्र की सेवा से प्रेरित थे, वे चाहे दरिद्रों के उत्थान से सम्बन्धित हो या धर्म से या फिर राष्ट्रवाद और समाजवाद से। धर्म, अध्यात्म और विज्ञान के जिस सामंजस्य की वे बात करते थे, वह तब और वर्तमान दोनों कालों में उपयोगी है। उनके समानता, स्वतन्त्रता, मानव प्रेम, नारी व दरिद्र उत्थान, धर्म राष्ट्रवाद आदि सभी साम्प्रदायिकता के समाधान के रूप में उनका संदेश, "गर्व से कहो, मैं भारतीय हूँ, सारे भारतीय मेरे बन्धु हैं–चाहे उनमें कोई दरिद्र और पतित हो और चाहे कोई सम्पन्न और माननीय हो, हर कोई मेरा बन्धु है।" बहुत उपयोगी है। उनका मानववाद साधारण मानववाद से बहुत आगे व विस्तृत था, क्योंकि उनका प्रथम और अन्तिम लक्ष्य मानव जाति की सेवा व उत्थान से सम्बद्ध था।

सन्दर्भ–

1. *गाबा ओ. पी., "राजनीतिक चिन्तन की रूपरेखा", पेज–376*
2. *सिंह एम.पी. व हिमांशु राय (सम्पादक), "भारतीय राजनीतिक चिन्तन", एम.बी.एस. 2000, पेज–95*

 ISBN : 978-93-80216-12-6

3. पचौरी गिरीश व रितू पचौरी, "उभरते भारतीय समाज में शिक्षक की भूमिका", आर. लाल. बुक डिपों, मेरठ–2011, पेज–315
4. "वही", पेज.–317
5. "वही", पेज–318
6. "वही", पेज–324
7. गाबा ओ.पी., "राजनीतिक चिन्तन की रूपरेखा", पूर्वोक्त, पेज–378
8. "वही", पेज–377
9. वर्मा वी.पी., "आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिन्तन", लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा–2004 पेज.–185
10. फडिया बी.एल., "आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिन्तन", साहित्य भव पब्लिकेशन आगरा–2004, पेज–49
11. वर्मा वी.पी., "पूर्वोक्त", पेज–181
12. फडिया बी.एल., "पूर्वोक्त", पेज–50
13. पाण्डे एस.के.,"आधुनिक भारत", प्रयाग एकेडमी पब्लिकेशन, इलाहाबाद–2013, पेज–192
14. गाबा ओ.पी., "राजनीति–विचारक विश्वकोश", मयूर पैपरबैक्स, नौएडा–2007, पेज–389
15. फडिया बी.एल., "पूर्वोक्त", पेज–53
16. गाबा ओ.पी., "राजनीति–विचारक विश्व कोश" मयूर पैपरबैक्स, नौएडा–2007 पेज–389
17. सिंह एम.पी. व हिमांशु राय (सम्पादक), "पूर्वोक्त", पेज–210 व 211
18. फडिया बी.एल., "पूर्वोक्त", पेज–53
19. वर्मा वी.पी., "पूर्वोक्त", पेज–180

 ISBN : 978-93-80216-12-6

स्वामी विवेकानन्द एक युवा आदर्श

रंजीता रानी (शोधार्थी)
चौ. च. सि. विश्वविद्यालय
मेरठ

डॉ. हरिन्द्र कुमार
असि. प्रो.–समाजशास्त्र विभाग
कु.मा.रा.म.स्ना.महा.
बादलपुर,

कृषि प्रधान देश होते हुए भी भारत पूर्णतः आत्म–निर्भर नहीं हैं जहाँ एक ओर भारत के पास भौतिक संसाधन सीमित हैं वही ये भौतिक संसाधन अविकसित भी हैं। मानव संसाधन, संरचनात्मक दृष्टि से तो प्रबल स्थिति में हैं, किन्तु गुणात्मक दृष्टि से पिछड़े हुए हैं अर्थात कुशल, योग्य, अनुभव जन शक्ति का अभाव है। प्राकृतिक दृष्टि से सम्पन्न होते हुए भी वे प्राकृतिक संसाधनों का पूरा–पूरा उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

लेकिन अब भारत परम्परागत समाज से आधुनिक समाज की ओर आगे बढ़ने का प्रयास रहा है। वह आधुनिक समाज की भाँति विज्ञान पर आधारित विज्ञान व टैक्नोलॉजी के अविश्कारों, नियमों, प्रक्रियाओं, एवं सिद्धान्तों का उपयोग और विकास कर रहा है।

स्वामी विवेकानन्द ने ऐसे ही भारत की कल्पना की, जहाँ उन्होंने नई युवा शक्ति को आगे बढ़ने, वीर, कर्मठ और निर्भय बनने का सुझाव दिया और लोगों से कहा–'वीर बनो! हमेशा कहो, मैं निभर्य हूँ, सबसे कहो–डरो मत, भय मुक्त है, भय पाप है, मन नर्क है, भय अधार्मिकता है एवं भय का जीवन में कोई स्थान नहीं है।' यही उनके जीवन–दर्शन का सार है।

जीवन दर्शन–स्वामी विवेकानन्द अपनी अदभुत स्मरण शक्ति, सुन्दर शरीर, प्रखर प्रतिभा और बातचीत के अलौकिक ढ़ंग के कारण लोकप्रिय बन गये। 18 वर्ष की अल्पायु में ही दिव्य ज्ञान की तीव्र पिपासा से प्रेरित होकर उन्होंने रामकृष्ण परमहंस से भेट की और 6 वर्षों तक

 ISBN : 978-93-80216-12-6

परम पूज्य गुरु के अनुभवों से प्रेरित होकर वे नरेन्द्र नाथ दत्त से स्वामी विवेकानन्द बन गये उन्होंने पाश्चात्य देशों में भावात्मक तथा भारत में क्रियात्मक वेदान्त का प्रचार कर हिन्दू धर्म की महानता को फैलाकर विश्व बंधुत्व पर बल दिया। स्वामी विवेकानन्द का जीवन–दर्शन नई युवा शक्ति और सम्पूर्ण मानवता के लिये अत्यन्त गौरवपूर्ण प्रेरणादायक रहा है, उनके अनुसार जीवन एक संघर्ष हे, जिसमें केवल समर्थ की विजय होती है। अतः मनुष्य को जीवित रहने के लिए जीवन की प्रत्येक चुनौती का डटकर संघर्ष करना चाहिए, लेकिन जब स्वामी विवेकानन्द जी ने तत्कालीन भारतीय जनता के कष्टों को देखा, उन्होंने दुखी होकर कहा–"आज हम लोग दीन–हीन हो गये हैं। हम प्रत्येक कार्य को दूसरों के डर से करते हैं, डरते हुए बोलते हैं तथा डरते हुए सोचते हैं, ऐसा लगता है कि हमने शत्रुओं के देश में जन्म लिया है, मित्रों के नहीं।" शीरू, मलीन और उदासीन व्यक्ति अपने जीवन में किसी कार्य को तब तक नहीं कर सकता, जब तक वह भय मुक्त हाकर अभय न बने, किसी के सुख–दुःख को न समझे अतः आवश्यक है कि व्यक्ति अपने आत्म को पहचाने, जो कि धर्म है और आत्मा प्रत्येक प्राणी में विद्यमान है। यही स्वामी विवेकानन्द के जीवन–दर्शन का सार है–अभय होकर संघर्श के द्वारा मानवता की सेवा करना। वे भारतीय युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा व नई ऊर्जा शक्ति के स्रोत थे।

शिक्षा के प्रति विस्तृत दृष्टिकोण–जहाँ उन्होंने पाश्चात्य विद्वानों का अध्ययन करके तकनीकी शिक्षा पर बल दिया, जिससे उद्योग–धन्धे विकसित हो सके तथा हमारा देश पुनः धन–धान्य से परिपूर्ण हो जाये वहीं उन्होंने सैद्धान्तिक शिक्षा का खण्डन करते हुए व्यवहारिक शिक्षा पर बल दिया।

शिक्षा–शिक्षा उस सन्निहित पूर्णता का प्रकाश है, जो मनुष्य में पहले से ही विद्यमान है वह शिक्षा जो बालक या व्यक्ति का चारित्रिक निर्माण करें, अतः इस हेतु आवश्यक है कि उसका शारीरिक, मानसिक नैतिक,

 ISBN : 978-93-80216-12-6

आध्यात्मिक, धार्मिक विकास हो, अच्छा व्यवहार, आचरण एवं संस्कार विकसित हों। इस सर्वांगीण विकास का मार्ग उसे उन्नति की ओर अग्रसर करेगा। जहाँ उसमें विभिन्नता में एकता की खोज, आत्मविश्वास, आत्म–नियन्त्रण, श्रद्धा एवं आत्मत्याग की भावना विकसित होगी। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो मनुष्य के अन्तर्निहित ज्ञान अर्थात् पूर्णत्व की अभिव्यक्ति करे। स्वामी विवेकानन्द जी को स्वः शिक्षा में विश्वास था।

भारत में युवाशक्ति की कमी नहीं परन्तु युवाशक्ति का संगठन व उसका सदुपयोग आवश्यक है। यह कार्य शिक्षा द्वारा ही सम्पन्न हो सकता है, युवाशक्ति को शिक्षित करके उसे उत्पादक कार्यों में लगाना आवश्यक है। आर्थिक विकास में 5M' की आवश्यकता पड़ती है। Men, Money, Material, Machinery - Methods और सबसे महत्वपूर्ण मानव है। यदि मानव शक्ति का संतुलित विकास किया जाए तो अन्य तत्वों का विकास स्वतः हो जायेगा। एक चीनी कहावत है–"यदि आप एक वर्ष के लिए योजना बना रहे हैं तो अनाज बोओ, यदि आप दस वर्षों की योजना बना रहे हैं, तो मानव तैयार करो।" स्वामी विवेकानन्द भी यही कहते थे कि वास्तव में यह शिक्षा, शिक्षा है जो मानव का निर्माण करें, यदि आज की युवा पीढ़ी अपने हाथ, पाँव, कान व आँखों के उचित प्रयोग के लिए अपनी बुद्धि का प्रयोग करना सीख ले तो सारी बात सरल हो जायेगी। उत्तम एवं विकासशील वालों मानव चारित्रिक एवं नैतिक वर्ग में आते है, उनको संवदेनशीलता त्याग की भावना, दूसरों के दुख–सुख में शरीक होना, आत्म–नियंत्रण, सत्य, साहस, उच्च आदर्श, उत्तरदायित्व की भावना परिश्रम एवं ईमानदारी से धन कमाना आदि गुण विकसित होने चाहिए। इसका तात्पर्य है कि मानव शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ हों। स्वामी विवेकानन्द ने नौजवानों से कहा–"मेरे नौजवान मित्रों! तुम पहले बलवान बनो। धर्म पीछे आयेगा। गीता के मार्ग की अपेक्षा फुटबाल के माध्यम से स्वर्ग अधिक नजदीक है। यदि तुम्हारे पुट्ठे और मांसपेशियां अधिक बलशाली होंगी तो गीता

 ISBN : 978-93-80216-12-6

अधिक समझ में आयेगी।" उन्होंने बार–बार कहा "दुर्बलता मृत्यु है" क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिस्क वास करता है।

ज्ञान–जो मानव–मस्तिस्क में पहले से ही विद्यमान है क्योंकि ज्ञान कोई बाहर की वस्तु नहीं है, उसे व्यक्तिगत निर्देशन और परामर्श द्वारा उचित मार्ग पर अग्रसर कर व्याख्यान, तर्क, विचार–विमर्श, तर्क–वितर्क चिन्तन–मनन, वाद–विवाद, स्वानुभाव और रचनात्मक कार्यों द्वारा अर्जित करना चाहिए। उन्होंने स्वयं कहा–'अपनी अन्दर जाओ और उपनिशदों को अपने में से बाहर निकालो, तुम सबसे महान पुस्तक हो, जो कभी थी अथवा होगी। जब तक अन्तरात्मा नहीं खुलती, समस्त बाह्य शिक्षण व्यर्थ है।

बालक–स्वामी विवेकानन्द जी कहते हैं कि "ज्ञान स्वयं व्यक्ति के मन में निहित है" वह बाहर की वस्तु नहीं है अतः वह स्वयं सीखता है, क्योंकि ज्ञान, बालक की आन्तरिक, मूल प्रवृत्ति अथवा जन्मजात भक्तियों के रूप में रुचि, क्षमता व योग्यता के रूप में विद्यमान है, जिसका विकास शिक्षा के द्वारा होता है, लेकिन उसकी पुस्तकों का अध्ययन ही शिक्षा नहीं है, मन, वचन एवं कर्म की शुद्धि, चिन्तन की एकाग्रता भी आवश्यक है। अतः आज आवश्यक है कि आज की युवा पीढ़ी में, सकारात्मक सोच, दृष्टिकोंण, चिन्तन, खोज एवं वैज्ञानिक अभिवृत्ति को विकसित किया जाए, ताकि ज्ञान की प्रबल धारा को सृजन, उत्पादन, खोज, शोध की आरे ले जाया जा सके।

स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म उपलक्ष्य में ही 12 जनवरी को युवा वर्ष बनाया जाता है, जो युवा पीढ़ी आज कार्यशील है, दक्षता व कौशलपूर्ण कलाओं व व्यवहारों से भरपूर है, वे देश को आगे ले जाने में ऐसे महात्मा से सदा ही प्रेरणा लेते रहे और परिवार, समाज व राष्ट्र को उन्नति के शिखर पर पहुँचाने में अपना योगदान देते रहें। ज्ञान प्राप्ति हेतु जीवन–संघर्ष आवश्यक है, तभी वह जीवन में प्रशिक्षित हो सकेगा। उन्हें तो केवल स्वतः प्रयास व परिश्रम से ज्ञान की खोज

करनी है, अर्थात् विद्यमान पूर्णता को अभिव्यक्त करना है शिक्षक का कार्य तो केवल पर्यवेक्षक मार्ग दर्शक, मित्रता व सहायक के रूप में होना चाहिए जिससे ज्ञान अन्दर से बाहर आए, तभी पश्चिमी विज्ञान व वेदान्त का संयोग होगा और उसके लिए आवश्यक है कि उसमें निम्न गुणों का होना जैसे–

* एकाग्रचित
* मन, वचन, कर्म की शुद्धि
* चित–वृत्तियों का निरोध
* आत्म नियंत्रण
* आत्मनिर्भरता
* सहनशीलता आदि

यही स्वामी विवेकानन्द जी का जीवन दर्शन है कि भारतीय युवा पीढ़ी सदा ही आगे बढ़े क्योंकि उनके अनुसार प्रत्येक बालक स्वयं शिक्षक हैं जो स्वयं अपनी आयु के अनुसार व रुचि, योग्यता, क्षमतानुसार सीखता है जैसे हम पौधे को तुरन्त बढ़ाकर विकसित नहीं कर सकते, वह तो अच्छी खाद्य, पानी आदि से समयानुसार ही विकसित होता है। अतः प्रत्येक बालक को इस बात का अवसर दिया जाना चाहिए कि उसकी प्रकृति में जो कुछ सर्वोत्तम है उसे व्यवहार में अपना सके और उस पर विचार कर सकें मनुष्य का बौद्धिक विकास उसके नैतिक और आवेगमयी प्रकृति पर निर्भर करता है। अर्थात् वह ज्ञान प्राप्ति हेतु संवेदनशील हो वह सदा प्रयासरत रहे।

मूल्यांकन

* स्वामी विवेकानन्द जी भारतीय युवा पीढ़ी के लिए अप्रतिम व्यक्तित्व थे, जिन्होंने पाश्चात्य दृष्टि कोण को बदलने पर बल दिया और आध्यात्मिकता पर बल दिया।

 ISBN : 978-93-80216-12-6

* उन्होंने बालक को प्रोत्साहित करने वाले वातावरण को सुखद, सम्पन्न, मनोहारी और उत्साहवर्धक बनाने पर बल दिया जिससे बालक की बहुमुखी रुचियों को जागृत कर उन्हें विकासात्मक क्रियाओं की ओर लगाकर जीवन को सुखदपूर्ण बनाया जा सके।

* उन्होंने जनतांत्रिक पद्धति पर बल दिया, जहाँ सर्वधर्म सम्भाव की भावना से ओतप्रोत युवा पीढ़ी को शैक्षिक समानता के अवसरों का लाभ मिल सके, उनमें सहयोग के साथ रहने की कला विकसित हो।

* शिक्षा का पाठ्यक्रम सैद्धान्तिक होने के साथ–साथ व्यवसायिक व तकनीकी होने पर बल दिया, जिससे नई युवा पीढ़ी अपनी रचनात्मक तथा सृजनात्मक क्षमताओं का प्रयोग खोज, शोध, उत्पादन व सृजन जैसी क्रियाओं में कर सके।

* उन्होंने प्रशिक्षित शिक्षकों पर बल दिया जहाँ शिक्षक अपने निर्देशन में बालक का निरीक्षण करते हैं व उसकी समस्या का समाधान करते हैं, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति अपने लिए स्वयं शिक्षक है, बाह्य शिक्षक केवल सुझाव प्रस्तुत करता है।

* स्वामी विवेकानन्द जी ने चारित्र निर्माण व नैतिकता के विकास पर पर्याप्त बिल दिया जहाँ उन्होंने आध्यात्मिकता का प्रसार किया, वहीं विश्व बन्धुत्व का भी प्रचार किया इस प्रकार वे वसुधैव कुटुम्बकम की भावना विकसित करने पर बल देते थे कि सारा संसार एक परिवार की भाँति है।

वे हृदय से आदर्शवादी थे, उन्होंने अपने विचारों को क्रियात्मक रूप भी प्रदान किया। उन्होंने सर्वप्रथम आध्यात्मिक विकास, भौतिक समृद्धि, जीवन रक्षा और भोजन की समस्याओं के सुलझाने पर बल दिया ताकि एक सुदृढ़ एवं शक्तिशाली राष्ट्र का निर्माण हो सके। स्वामी विवेकानन्द अद्भुत प्रतिभा के व्यक्तित्व के धनी थे जो युवाओं के लिए सदा ही आदर्श रहे।

 ISBN : 978-93-80216-12-6

सन्दर्भ–

1. गुप्ता, एस एवं अग्रवाल, जी.सी. उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षा, शिप्रा पब्लिकेशन्स दिल्ली, 2014
2. कुमार, अनिल, स्वामी विवेकानन्द, किताब घर, दिल्ली, 1975
3. मिश्रा, मंजू, उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षा, ओमेगा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2012
4. निखिलानन्द, स्वामी, विवेकानन्द–एक जीवनी, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, 2014
5. रोलां, रोमा, विवेकानन्द की जीवनी, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, 2014
6. विवेकानन्द, स्वामी, भारत जागरण, रामकृष्ण मिशन, नई दिल्ली, 2011
7. विवेकानन्द, स्वामी, व्यक्तित्व का विकास, रामकृष्ण मठ, नागपुर 2014
8. विवेकवाणी, स्वामी विवेकानन्द की शिक्षाएँ, रामकृष्ण मठ, नागपुर, 2014
9. विवेकानन्द, साहित्य खण्ड–5, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, 2014

ISBN : 978-93-80216-12-6

स्वामी विवेकानन्द एवं हिन्दू धर्म

डॉ. कनकलता वर्मा
असि. प्रो. संस्कृत विभाग
कु. मा. रा. म. स्ना. महा.
बादलपुर

स्वामी विवेकानन्द का युवा संन्यासी के रूप में भारतीय संस्कृत की सुगन्ध विदेशों में बिखरने वाले, राष्ट्र निर्माता, वेदान्त के प्रकाण्ड पंडित, नैतिकता के पुजारी के रूप में सम्पूर्ण विश्व में विख्यात हैं। स्वामी जी एक युगान्तकारी आध्यात्मिक गुरु, जिन्होंने हिन्दू धर्म को गतिशील बनाया और सुदृढ़ सभ्यता के निर्माण के लिए आधुनिक मानस से पश्चिमी विज्ञान व भौतिकवाद को भारत की आध्यात्मिक संस्कृति से जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने अपने कर्मठ और तेजोन्मय जीवन तथा गहन आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक विचारों की छाप विदेशों तक में छोड़ दी। सामाजिक जड़ता एवं धार्मिक मूढ़ता को दूर करने का उन्होंने वैसा ही प्रयास किया जैसे किसी तालाब में सड़े हुए पानी को साफ करने के लिए किया जाता है। भारत के पुनर्निर्माण के प्रति उनके लगाव ने ही उन्हें शिकागो धर्म संसद में जाने के लिए प्रेरित किया, जहां वह बिना अमंत्रण के गए थे, स्वमी विवेकानन्द ने वहाँ भारत एवं हिन्दू धर्म की भव्यता स्थापित करके जबरदस्त प्रभाव छोड़ा। यह उन्हीं का व्यक्तित्व था, जिसने भारत एवं हिन्दू धर्म के गौरव को प्रथम बार विदेशों में जाग्रत किया। उनके द्वारा दिए गये वेदान्त के मानवतावादी, गतिशील तथा प्रायोगिक संदेश ने हजारों लोगों को प्रभावित किया। वहां उन्होंने घोशणा की कि सिर्फ वेदान्त के आधार पर ही विज्ञान एवं धर्म साथ-साथ चल सकते हैं।

स्वामी विवेकानन्द आधुनिक भारत के ऐसे संन्यासी, दार्शनिक विचारक एवं प्रचारक थे। जिन्होंने स्वयंता में कोई भाग नहीं लिया, परन्तु अपनी प्रखर प्रतिभा से देश में स्वतंत्रता प्रेम की ज्योति जगा

 ISBN : 978-93-80216-12-6

दी, राष्ट्रीय गौरव के प्रति चेतना धाक जमा दी। उन्होंने उद्घोश किया—

जो भरा नहीं भावों से, जिसमें बहती रसधार नहीं।
वह हृदय नहीं पत्थर है, जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं।।

जिन दिनों पूर्व के देशों में पश्चिम की महानता का गुणगान हो रहा था, उन दिनों स्वामी जी ने पश्चिम को पूर्व की महानता का प्रमाण देकर चकित एवं चमत्कृत कर दिया। स्वामी विवेकानन्द ध र्म को भारतीय समाज में जीवन के आधार के रूप में व्याख्यापित करते हैं साथ ही यह भी स्वीकार करते हैं कि भारत के पिछड़ेपन का कारण धार्मिक कुरीतियां जैसे जातिप्रथा, छुआछूत, सतीप्रथा है न कि धर्म। मानव उत्थान के लिए धर्म में उनकी आस्था को पुष्ट करना जरूरी है परन्तु जब तक लोगों की गरीबी व दुःख दर्द को दूर नहीं किया जाता, उन्हें धर्म का उपदेश देना व्यर्थ है। **मानव के पीड़ा का मूल कारण है सामाजिक प्रथाएँ जिसे धर्म का नाम देकर या ध र्म से सम्बद्ध कराकर पुष्ट किया जाता है ये प्रथाएँ जो किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए स्थापित की गयी थीं, परन्तु वर्तमान में ये अप्रासंगिक हो चुकी हैं।** हिन्दू धर्म की वर्ण व्यवस्था या जाति प्रथा जिसे कठोर नियमों से बा।ध कर तैयार किया गया। सभी के पिछड़ेपन एवं दुःख का कारण है। विवेकानन्द ने जाति प्रथा के नियमों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उदार बनाने का प्रयास किया। छुआछूत को जड़ से मिटाने का बीड़ा उठाया।

शिकागो के सर्वधर्म सम्मेलन में जहां अन्य वक्ता अपने-अपने धर्म को श्रेष्ठ बताते हुए व्याख्यान दे रहे थे वहाँ स्वामी जी ने सभी से भिन्न एवं उत्कृष्ट विचार दिया कि सब धर्म समान है, क्योंकि सब धर्मों का ध्येय एक जैसा है अर्थात् उद्देश्य एक ही है। सब धर्म एक ही ईश्वर के प्रति आस्था जगाते हैं। गीता में कहा गया है—

सर्व धर्मान् परित्यज्य, मामेंक शरणं व्रज।
अहं त्वां सर्वपापेभ्यो, मोक्षयिस्यामि माशुचः।।

 ISBN : 978-93-80216-12-6

अर्थात् सभी धर्मों का परित्याग कर एक मेरी शरण में आ। मैं तुझे समस्त पापों के पार लाग दूंगा। भय न कर। स्वामी विवेकानन्द ने सदियों के आलस्य को त्यागने के लिए भारतीयों को प्रेरित किया और उन्हें विश्व नेता के रूप में नए आत्मविश्वास के साथ उठ खड़े होने तथा दलितों एवं महिलाओं को शिक्षित करने एवं उनके उत्थान के माध्यम से देश को ऊपर उठाने का संदेश दिया। स्वामी जती ने इसी उद्देश्य से। मई 1897 में कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन एवं 9 दिसम्बर 1898 ई. को गंगा किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की। उनका जन्म का नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था, परन्तु 1893 में जब उन्होंने शिकागो के सर्वधर्म सम्मेलन में भाग लेने हेतु प्रस्थान किया, तब उन्होंने एक सन्यासी के रूप में विवेकानन्द नाम अपना लिया।

स्वामी विवेकानन्द ने तत्कालीन सामाजिक परिपेश का अनुभव किया कि वर्ण व्यवस्था तत्काल समाप्त नहीं हो सकती थी। अतः उन्होंने जाति प्रथा में किञ्चिद् सुधार का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। स्वामी जी ने यह मांग की कि सभी वर्गों को शिक्षा के समान अवसर मिलने चाहिए इसके साथ ही साथ शोषित वर्गों की विशेष शैक्षिक अवसर होने चाहिए। उन्होंने ब्राह्मणों के अधिकारवाद पर प्रहार करते हुए शूद्रों को सर्वोच्च माध्यामिक ज्ञान से वंचित रखने की प्रथा का पुरजोर विरोध किया। उनका तर्क था कि परम सत्य ज्ञान को सभी व्यक्तियों को मिलना चाहिए तभी आध्यात्मिक समानता की अवधारणा पूर्ण होगी एवं दीन दुःखियों की दासता के बंधन टूटेंगे और सम्पूर्ण देश का समग्र उत्थान व विकास होगा। एक ही ब्रह्म या ईश्वर कण-कण में विद्यमान है। अतः मनुष्य-मनुष्य के बीच केवल त्याग, प्रेम, सेवा का ही सम्बन्ध हो सकता है, अन्य कोई नहीं। वस्तुतः सभी धर्म मानव जाति की एकता के सूत्र में बांधने की मांग करते हैं अतः प्रत्येक मनुष्य को अपने-अपने धर्म का परिपालन करते हुए अन्य धर्मों का भी आदर करना चाहिए। भारतीय समाज की समस्याओं के सम्बन्ध में उनकी

 ISBN : 978-93-80216-12-6

चर्चित कृति जातिवाद का चक्र (The Cycle of Caste) में उन्होंने एक स्थान पर बताया है कि ब्राह्मण स्वयं को बुद्धिमान कहता है और शूद्र को मूर्ख।

ऐसी स्थिति में ब्राह्मण को यदि एक शिक्षक की जरूरत है शूद्र के लिए दस शिक्षक होने चाहिए। **अर्थात् उन्हें शिक्षा की अधिक आवश्यकता है तो भी वही वंचित हैं। स्वामी जी के अनुसार आदर्श राज्य वह होगा जिसमें ब्राह्मण युग के ज्ञान, क्षत्रिय युग के पराक्रम वैश्य युग की समृद्धि एवं शूद्र युग की समानता में संतुलन कायम किया जा सके।**

